



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 215 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.9, 2079 बुधवार, 19 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

### सीमा पर पाकिस्तान की ड्रोन घुसपैठ बढ़ी साजिश के पीछे आईएसआई का हाथ

नई दिल्ली,18 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान की सीमा पर ड्रोन घुसपैठ की घटनाओं में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले साल के मुकाबले इसकी संख्या लगभग दोगुनी हो गई है।

सूत्रों की माने तो पाकिस्तान की आईएसआई का इसके पीछे हाथ बताया जा रहा है। वहीं इससे निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बॉर्डर पर आधुनिक उपकरणों को बढ़ाने का फैसला लिया है। भारत-पाकिस्तान की सीमा पर खासतौर से पंजाब और जम्मू कश्मीर में पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियों में इजाफा हो रहा है।

## 90वां इंटरपोल सेशन शुरू

# भारत ने दुनिया को बेहतर बनाने के लिए बलिदान दिए : मोदी

नई दिल्ली/पेरिस,18 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गनाइजेशन (इंटरपोल) का 90वां सेशन मंगलवार को शुरू हुआ। यह 21 अक्टूबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया।

इस मौके पर मोदी ने कहा-99 साल से इंटरपोल दुनिया के 195 देशों की पुलिस को कनेक्ट कर रहा है। ये इसलिए भी अहम है, क्योंकि हर देश का कानूनी ढांचा अलग है। भारत यूएन के पीसकीपिंग में सैनिक भेजता रहा है और ये सिलसिला देश के आजाद होने के पहले चल रहा है। मोदी ने आगे कहा- भारत ने दुनिया को बेहतर बनाने के लिए हमने बलिदान दिए हैं। हमारी पुलिस करीब 900 राष्ट्रीय और 10 हजार राज्यों के कानून के तहत अपने फर्ज को अंजाम देती है। पाकिस्तान समेत 195 देशों के डेलिगेशन इस मीटिंग में शिरकत कर रहे हैं। भारत को 25 साल बाद इस सेशन को होस्ट करने की जिम्मेदारी मिली है। इसके पहले 1997 में इस इंटरनेशनल बॉडी को नई दिल्ली में होस्ट किया गया था।

**पाकिस्तान के दो आला अफसर पहुंचे**

पाकिस्तान की तरफ से फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एफआईए के डायरेक्टर इस मीटिंग में हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा पाकिस्तान में मौजूद इंटरपोल के डायरेक्टर भी आ रहे हैं। प्रगति मैदान में इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सेशन में कुल 195 सदस्य देशों के डेलिगेशन शिरकत कर रहे हैं।

### पाक समेत 195 देश ले रहे हैं हिस्सा



इनमें कुछ मिनिस्टर्स, पुलिस चीफ और सेंट्रल एजेंसीज के अफसर हैं। इस तरह की मीटिंग साल में एक बार ऑर्गनाइज की जाती है। भारत ने आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर यह आयोजन करने का प्रस्ताव भेजा था। इंटरपोल ने इसे स्वीकार कर लिया था। भारत की कानून और व्यवस्था के बारे में इस सेशन को बताया जाएगा।

**इंटरपोल के प्रेसिडेंट भी पहुंचे**

इंटरपोल के प्रेसिडेंट अहमद नस्र अल रईसी और सेक्रेटरी जनरल जुर्गेन स्टॉक जनरल असेंबली में मौजूद हैं। 21 अक्टूबर को यह सेशन खत्म होगा और तब होम मिनिस्टर अमित शाह इसे संबोधित करेंगे। जनरल असेंबली इंटरपोल की हाईएस्ट गवर्निंग बॉडी है।

इसमें सदस्य देशों के डेलिगेशन शामिल होते हैं। इनकी संख्या तय नहीं होती। भारत के लिए अब तक 780 रेड नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से 33 इसी साल जारी किए गए। दो साल में 65 भगोड़े भारतीयों की लोकेशन पता की गई। भारत के लिए अब तक 780 रेड नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से 33 इसी साल जारी किए गए। दो साल में 65 भगोड़े भारतीयों की लोकेशन पता की गई।

### सेक्रेटरी जनरल ने क्या कहा

सेशन के पहले एक इंटरव्यू में इंटरपोल के सेक्रेटरी जनरल जुर्गेन स्टॉक ने कहा- स्टेट स्पॉन्सर्ड टेरेरिज्म यानी ऐसा आतंकवाद जिसे कोई सरकार समर्थन करती हो, उसे रोकने में हमारा कोई रोल नहीं है। हम बाल शोषण, रेप, मर्डर, ड्रग स्मगलिंग और सायबर क्रिमिनल्स के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। यह हर साल अरबों डॉलर की कमाई इन गैरकानूनी कामों से करते हैं।

एक सवाल के जवाब में स्टॉक ने कहा- रेड नोटिस या इंटरनेशनल अरेस्ट वॉरंट का मतलब यह नहीं है कि हम किसी सदस्य देश पर अपराधी को गिरफ्तार करने का दबाव डालें। यह उस देश का क्रिमिनल सिस्टम या कानून तय करता है। भारत के लिए अब तक 780 रेड नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से 33 इसी साल जारी किए गए। दो साल में 65 भगोड़े भारतीयों की लोकेशन पता की गई।

## दाऊद-हाफिज पर पाकिस्तान की चुप्पी

**इंटरपोल की मीटिंग में पत्रकारों ने पूछा-वांटेड आतंकी भारत को कब सौपेंगे**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मोस्ट वांटेड आतंकी दाऊद इब्राहिम और हाफिज सईद को पाकिस्तान सरकार भारत को कब सौंपेगी?

नई दिल्ली में इंटरपोल की बैठक में शामिल होने पहुंचे पाकिस्तान फेडरल एजेंसी के डायरेक्टर ने इस सवाल पर चुप्पी साध ली। वे भारत के साथ प्रत्यर्पण संधि आगे बढ़ाने के सवाल पर भी कुछ नहीं बोले। इंटरपोल जनरल असेंबली 25 साल के बाद भारत में हो रही है। पिछली बार भारत में यह बैठक 1997 में हुई थी।

दिल्ली में यह बैठक 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलेगी और इसमें 195 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। >14

## 5 राज्यों के 40 ठिकानों पर एनआईए का छापा

### टेररिस्ट, स्मगलर्स और गैंगस्टर्स पर एक्शन, पटना में गजवा-ए-हिन्द से जुड़े दानिश के घर रेड

नई दिल्ली,18 अक्टूबर (एजेंसियां)। देशभर के 5 राज्यों में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी चल रही है। यह छापेमारी दिल्ली, पटना, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़ और पंजाब के 40 ठिकानों पर की गई है।

भारत और विदेशों में स्थित आतंकवादियों, गैंगस्टर्स और ड्रग स्मगलर के उभरते नेक्सेस को खत्म करने के लिए यह रेड डाली गई है। पटना के फुलवारी शरीफ में गजवा-ए-हिन्द से जुड़े मरगुब अहमद उर्फ दानिश के घर रेड मारी। दानिश की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। वह गजवा-ए-हिंद वॉट्सऐप ग्रुप का एडमिन है।

**यहां भी पड़े छापे**

हरियाणा के झज्जर में गैंगस्टर नरेश सेठी के ठिकाने पर एनआईए छापेमारी की। मंगलवार सुबह 4 बजे जांच एजेंसी पुलिस के साथ नरेश सेठी के घर पहुंची। सेठी की अवैध सम्पति और बैंक डिटेल को खंगाला गया। उनके घरवालों से भी पूछताछ की गई।

गैंगस्टर सेठी हत्या, फिरौती समेत अन्य कई संगीन मामलों में शामिल रहा है। वह अभी तिहाड़ जेल में बंद है।

एनआईए की टीम हरियाणा के सोनीपत और झज्जर में मंगलवार सुबह गैंगस्टर राजू बसौदी और पलड़ा में अक्षय पलड़ा के घर पहुंची। गैंगस्टर्स के आतंकियों के साथ कनेक्शन के मामले में छापेमारी की गई। पंजाब के बठिंडा के गांव जग्गा जंडियां के घर में छापेमारी की। पंजाब में लॉरेंस बिश्नोई, नीरज बवाना समेत कई गैंग से जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी ये कार्रवाई की गई है।

बता दें कि सितंबर में एनआईए ने 15 राज्यों में पीएफआई के 93 ठिकानों पर छापेमारी की। टेरर फंडिंग केस में हो रही इस कार्रवाई में 106 सदस्यों को अरेस्ट किया गया है। गिरफ्तार होने वालों में संगठन प्रमुख ओमा सालम भी शामिल है। ये नेता, कैडर आतंकवाद और आतंकवादी गतिविधियों के लिए पैसे, हथियार चलाने के ट्रेनिंग देने वाले लोग हैं। ये लोगों को प्रतिबंधित संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने का काम करते थे। छापेमारी के दौरान एनआईए और ईडी के 500 अफसर सर्च ऑपरेशन में शामिल थे।

## ज्युडिशियरी ट्रांसपेरेंट नहीं, यहां इंटरनल पॉलिटिक्स है : कानून मंत्री

नई दिल्ली,18 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि कॉलेजियम सिस्टम की कार्यप्रणाली ट्रांसपेरेंट नहीं है, यहां बहुत पॉलिटिक्स है। उन्होंने कहा कि देश में जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया में बदलाव लाने की जरूरत है।



किरेन रिजिजू ने यह बात सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पत्रिका पाञ्चजन्य की तरफ से आयोजित कार्यक्रम "साबरमति संवाद' में कही। रिजिजू ने कहा कि संविधान सबसे पवित्र दस्तावेज है। इसके तीन स्तंभ हैं- विधानमंडल, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मुझे लगता है कि विधानमंडल और कार्यपालिका अपने कर्तव्य को लेकर बंधे हुए हैं और न्यायपालिका उन्हें बेहतर बनाने का काम करती है। लेकिन परेशानी की बात यह है कि जब न्यायपालिका अपने कर्तव्य से भटक जाती है तो उसे सुधारने का कोई रास्ता नहीं है। रिजिजू ने कहा कि संविधान के मुताबिक, जजों की नियुक्ति करना सरकार का काम है, लेकिन 1998 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने कॉलेजियम सिस्टम को शुरू कर दिया। दुनियाभर में कहीं भी जज दूसरे जजों की नियुक्ति नहीं करते हैं, जजों का मुख्य काम है न्याय देना। लेकिन मैंने नोटिस किया है कि आधे से ज्यादा समय जज दूसरे जजों की नियुक्ति के बारे में फैसले ले रहे होते हैं, इससे "न्याय देने' का उनका मुख्य काम प्रभावित होता है। >14

### जम्मू-कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग

शोपियां,18 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर बाहर से काम करने आए मजदूरों पर आतंकी हमला हुआ। शोपियां के हरमेन में आतंकवादियों ने मजदूरों पर ग्रेनेड अटैक किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में 2 मजदूरों की मौत हो गई है। मृतक मनीष कुमार (40) और राम सागर उत्तर प्रदेश के कन्नौज के रहने वाले थे। 2 महीने पहले मजदूरी करने कश्मीर गए थे। आतंकियों ने 5 मजदूरों पर ग्रेनेड फेंका था। पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा का एक हाइब्रिड आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम इमरान बशीर गनी है।

## राम रहीम की पैरोल का 'चुनाव कनेक्शन' सामने आया

हिसार,18 अक्टूबर (एजेंसियां)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम का हरियाणा में पंचायत चुनाव कनेक्शन सामने आ गया है। उत्तर प्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम से राम रहीम ने सोमवार को पहला ऑनलाइन सत्संग किया। इसका पता चलते ही पंचायत चुनावों के उम्मीदवार समर्थन मांगने उसके सत्संग में पहुंच गए। ये सभी सरपंच, ब्लॉक समिति मेंबर और जिला परिषद पदों के दावेदार उम्मीदवार थे।

राम रहीम ने कहा कि उनको पूरा-पूरा आशीर्वाद है। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल के विधानसभा क्षेत्र करनाल की नगर निगम चेयरपर्सन रेणु बाला गुप्ता और सीनियर मेयर और डिप्टी मेयर भी हाजिरी लगवाने पहुंचे। तीनों भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने राम रहीम से ऑनलाइन ही आशीर्वाद लिया। राम रहीम ने सोमवार को करीब दो घंटे तक ऑनलाइन सत्संग किया। वह सत्संग में प्रवचन करते हुए खुद को संत की उपाधि दे रहा है। साथ ही जब अपने प्रेमियों यानी श्रद्धालुओं से वार्तालाप की तो करनाल के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में सीनियर मेयर राजेश ने कहा कि मैं डेरे से पुराना जुड़ा हूं। आपसे शहर की मेयर रेणु बाला गुप्ता भी बात करनी चाहती थी, परंतु जाम में फंस गए। >14






### बंगाल की खाड़ी में भारी चक्रवात की आशंका, मौसम विभाग का अलर्ट, छुट्टियां रद्द

भुवनेश्वर,18 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है और वह सप्ताहांत तक चक्रवात में बदल सकता है।

आईएमडी से मिली जानकारी के मुताबिक अगले 48 घंटे के अंदर बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पूर्व मध्य भाग के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। 22 अक्टूबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के मध्य में यह दबाव का क्षेत्र बन सकता है। आईएमडी के मुताबिक, इसके बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य के ऊपर चक्रवाती तूफान में बदलने के आसार हैं।

### श्रद्धालुओं को ले जा रहा हेलिकॉप्टर केदारनाथ में क्रैश

**पायलट समेत सात की मौत, इनमें 3 गुजरात और 3 तमिलनाडु के; कोहरे के कारण हादसा**

देहरादून,18 अक्टूबर (एजेंसियां)। केदारनाथ में श्रद्धालुओं को ले जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 2 पायलट समेत सात लोगों की मौत हो गई है। हादसे की वजह खराब मौसम और कोहरा बताया जा रहा है। घने कोहरे की वजह से हेलिकॉप्टर जमीन से टकरा गया। इसके बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई। हेलिकॉप्टर आर्यन एविएशन के बेल कंपनी का है। हेलिकॉप्टर ने सुबह 11.25 बजे केदारनाथ बेस कैंप से नारायण कोटी-गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 15 मिनट बाद गरुड़चट्टी के पास वह क्रैश हो गया। कुछ फोटोज और वीडियो भी सामने आए हैं।




## संजय शिरसाट एयर एंबुलेंस से मुंबई रेफर

**बेचैनी और हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत**

मुंबई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले शिवसेना गुट के विधायक संजय शिरसाट को एयर एंबुलेंस से मुंबई ले जाया गया है। उन्हें सीने में बैचेनी और हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत थी। डॉक्टर ने बताया कि विधायक को औरंगाबाद में कुछ दवाएं दी गईं, इसके बाद उन्हें एयर एंबुलेंस के जरिए मंगलवार सुबह ही मुंबई भेज दिया गया। औरंगाबाद पश्चिम से विधायक शिरसाट को सोमवार शाम सीने में बैचेनी और सांस लेने में दिक्कत हुई। इसके बाद उन्हें औरंगाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# शरद पवार की भाजपा को सलाह पर भड़की कांग्रेस

## लगाया डील का आरोप; बीसीसीआई से है कनेक्शन

मुंबई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मनसे प्रमुख राज ठाकरे और एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के अनुरोध के बाद भाजपा ने अंधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार को वापस लेने का फैसला किया। जिसके बाद उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए इस सीट पर जीत की राह आसान हुई। इस घटनाक्रम को महाराष्ट्र कांग्रेस ने अप्रत्याशित करार दिया है खासकर शरद पवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीसीसी चीफ नाना पटोले का आरोप है कि शरद पवार का भाजपा को सलाह देना एक डील है।





कांग्रेस इसे बीसीसीआई से कनेक्शन मानकर चल रही है। महाराष्ट्र कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शरद पवार ने भाजपा से अपने उम्मीदवार को वापस लेने के लिए इसलिए कहा क्योंकि उनकी भाजपा के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में कोषाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर डील हुई है। नाना पटोले ने कहा कि एनसीपी प्रमुख ने मुंबई क्रिकेट संघ और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चुनावों के लिए मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के साथ हाथ मिलाया था। शेलार पवार पैनल की मदद से बीसीसीआई कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, फिलहाल एमसीए के चुनाव हो रहे हैं, जहां पैसों का खेल चल रहा है। दोनों नेता (राज ठाकरे और शरद पवार) ने भाजपा से अपना उम्मीदवार वापस लेने को कहा। इससे पहले तीन उपचुनाव हुए थे और भाजपा पीछे नहीं हटी थी। लेकिन, अचानक इन दोनों नेताओं ने मांग की और भाजपा चुनाव से पीछे हट गई, ये कैसे हुआ?

**पटोले के दावों पर एनसीपी क्या बोली**

नाना पटोले ने दावा किया कि चूंकि भाजपा अंधेरी पूर्व में एक कठिन चुनाव का सामना कर रही थी, इसलिए पवार और राज ठाकरे ने भगवा पार्टी को चुनाव से हटने का बहाना दिया। एनसीपी नेता महेश तापसे ने कहा, हमें समझ नहीं आ रहा है कि अंधेरी ईस्ट उपचुनाव का हमारी पार्टी प्रमुख के एमसीए/बीसीसीआई चुनाव में शामिल होने के बीच संबंध कैसे हो सकता है? पटोले की टिप्पणियों के कुछ घंटे बाद इससे उलट बालासाहेब थोराट और अशोक चव्हाण के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शरद पवार से मुलाकात की और उनसे राहुल गांधी की भारत जोड़ी यात्रा में भाग लेने का अनुरोध किया।

# अंधेरी विधानसभा उपचुनाव

## 'हार के डर से भाजपा ने उम्मीदवार का नाम लिया वापस', उद्धव गुट ने साधा निशाना

मुंबई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई के अंधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव में भाजपा द्वारा उम्मीदवार वापस लेने के बाद से सियासत तेज हो गई है। उद्धव ठाकरे गुट ने भाजपा के इस फैसले पर अब निशाना साधा है। उद्धव गुट ने कहा है कि भाजपा इस चुनाव में बुरी तरह से हार रही थी इसलिए अपने उम्मीदवार को वापस ले लिया। उद्धव गुट ने कहा कि भाजपा द्वारा उम्मीदवार का नाम वापस लेना उतना आसान नहीं है, जितना दिखता है। हार की स्थिति में शिंदे-फडणवीस सरकार को यह एहसास हो गया था कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। मुखपत्र सामना में दावा किया गया कि पटेल के नामांकन पत्र में कुछ विसंगतियों के कारण उनके नामांकन को खारिज किए जाने की प्रबल संभावना थी और यह सबकुछ जानबूझकर किया गया था। भाजपा-शिंदे समूह की कार खतरनाक मोड़ पर थी और हादसे का शिकार होना तय था। इस दुर्घटना से बचने के लिए उन्होंने ब्रेक लगाया और यू-टर्न ले लिया। इसमें कहा गया है कि जली हुई चोटों और आसन्न हार का सामना करने के बजाय, भाजपा ने एक आसान तरीका चुना।

# बिलकिस बानो मामला

## सुप्रीम कोर्ट 29 नवंबर को करेगा सुनवाई

### 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ दी गई थी याचिका



नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। साल 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तारीख को सूचीबद्ध किया है। बता दें कि इस याचिका में गुजरात सरकार के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें हत्या और दुष्कर्म के 11 दोषियों को रिहाई दे दी गई थी। याचिका में कहा गया कि इस पूरे मामले की जांच सीबीआई की निगरानी में हुई थी इसलिए गुजरात सरकार दोषियों को सजा में छूट का एकतरफा फैसला नहीं कर सकती।

**गुजरात सरकार द्वारा दायर जवाब सभी पक्षों को उपलब्ध कराया जाए: पीठ**

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने निर्देश दिया कि गुजरात सरकार द्वारा दायर जवाब सभी पक्षों को उपलब्ध कराया जाए। याचिकाकर्ताओं को गुजरात सरकार द्वारा दायर हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया गया है। पीठ ने कहा कि गुजरात सरकार ने एक काउंटर दायर किया है। सभी वकीलों को जवाबी हलफनामा उपलब्ध कराया जाए। गुजरात सरकार ने सोमवार को शीर्ष अदालत से कहा था कि छूट को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता और कुछ नहीं बल्कि एक 'इंटरलॉपर' और 'व्यस्त व्यक्ति' हैं।

## सूटकेस में मिली महिला की लाश

**पुलिस ने कहा- उम्र 20-25 के बीच**

गुरुग्राम, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के गुरुग्राम से एक दिल दहलाने वाली खबर आ रही है। पुलिस को एक सूटकेस में महिला की लाश मिली है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के इफको चौराहे के पास फेंके गए एक सूटकेस में महिला की लाश मिली है। पुलिस ने बताया है कि लाश को देखकर ऐसा लगता है कि महिला की उम्र 20-25 साल के बीच की है।

पश्चिम गुरुग्राम के डीसीपी दीपक सहारन ने बताया कि सूटकेस में मिली लाश ज्यादा पुरानी नहीं है। यानी महिला की हत्या हाल-फिलहाल में ही कई गई है। पुलिस ने बताया कि महिला की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# राजीव गांधी हत्याकांड की जांच के लिए बनी एमडीएमए को सरकार ने किया भंग

## अब इस एजेंसी के पास जिम्मेदारी



नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में व्यापक साजिश की जांच के लिए गठित 24 साल पुरानी बहु-विषयक निगरानी एजेंसी (एमडीएमए) को खत्म कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। एमडीएमए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तहत काम कर रही थी और इसमें कई केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी को भंग करने का आदेश मई में जारी किया गया था और लंबित जांच को सीबीआई की एक अलग इकाई को सौंप दिया गया है। एजेंसी को 1998 में एमसी जैन आयोग की सिफारिश पर दो साल के लिए स्थापित किया गया था और इसे वार्षिक विस्तार दिया गया था,

लेकिन यह कोई बड़ी सफलता हासिल करने में विफल रही। पुलिस उप महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता वाली एजेंसी ने बैंकिंग लेनदेन सहित मामले के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी मांगने के लिए श्रीलंका, ब्रिटेन और मलेशिया जैसे देशों को 24 अनुरोध पत्र भेजे थे। उन्होंने कहा कि इन देशों ने 20 से अधिक अनुरोधों का जवाब दिया और केवल कुछ ही शेष थे। सूत्रों ने कहा कि जांच लगभग पूरी हो चुकी है और कुछ लंबित न्यायिक अनुरोधों या एमडीएमए द्वारा भेजे गए अनुरोध पत्र के मुद्दे को अब सीबीआई देखेगी।

उन्होंने कहा कि उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) को सौंपे जाने से पहले शुरू में एमडीएमए संयुक्त निदेशक-स्तर के एक अधिकारी की अध्यक्षता में कार्य करती थी जिसने कई देशों में साजिश के बारे में कोई चौंकाने वाला खुलासा नहीं किया। राजीव गांधी की 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक चुनावी रैली के दौरान धनु नाम के लिट्टे के आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी थी।

## फारूक अब्दुल्ला के टारगेट किलिंग पर विवादित बयान के बाद घाटी में बवाल

**डोगरा फ्रंट का विरोध प्रदर्शन**

जम्मू, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ। फारूक अब्दुल्ला के घाटी में लगातार हो रही टारगेट कीलिंग पर विवादित बयान से बवाल मच गया है। अब डोगरा फ्रंट ने इस पर विरोध दर्ज किया है। फ्रंट की ओर से कश्मीर में हो रही टारगेट कीलिंग के विरोध में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया है। साथ ही फ्रंट के कार्यकर्ताओं ने फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ भी प्रदर्शन किया है। डॉ। अब्दुल्ला ने टारगेट किलिंग को लेकर कहा था कि यह तब तक बंद नही होगी जब तक इंसाफ नहीं होगा डोगरा फ्रंट के चेयरमैन अशोक गुप्ता ने फारूक अब्दुल्ला के इस बयान को लेकर उन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि क्या गुपकार गठबंधन व फारूक अब्दुल्ला को पहले से पता होता है कि टारगेट किलिंग कब होनी है। क्योंकि कल उनका बयान था कि जब तक इंसाफ नहीं होगा तब तक टारगेट किलिंग होती रहेगी। मालूम हो कि डॉ। फारूक अबदुल्ला एक दिवसीय दौरे पर कटरा और रियासी पहुंचे थे और वहां पर उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन में भाग लिया था।

इसी दौरान उन्होंने टारगेट किलिंग को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने अपने बयान में आगे कहा था कि पहले ये लोग कहते थे कि आर्टिकल 370 है, जिससे ये सब कुछ हो रहा है। लेकिन अब तो 370 खत्म हो गया है तो फिर टारगेट कीलिंग क्यों नहीं रुक रही है। वहीं शोपियां में कश्मीरी पंडित पूरण कृष्ण भट्ट की आतंकियों द्वारा गोली मारने के बाद प्रदेश भर में उबाल है।

# जयललिता की मौत के पीछे करीबी दोस्त शशिकला पर संदेह

## जांच रिपोर्ट में दावा- दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे; निजी डॉक्टर पर भी शक

चेन्नई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु सरकार ने राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की मौत की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है। इस रिपोर्ट में जयललिता की करीबी सहेली शशिकला की भूमिका पर संदेह जताया गया है। वहीं, उनके निजी डॉक्टर समेत एक सीनियर अधिकारी भी शक के घेरे में है। जयललिता की मौत की जांच के लिए रिटायर्ड जज ए। अरुमुघसामी की अध्यक्षता में एक सदस्यीय समिति बनाई गई थी। इस कमेटी ने राज्य सरकार को 500 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी थी। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि जयललिता (अम्मा) और शशिकला (चिनम्मा) के बीच अच्छे रिश्ते नहीं थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अम्मा की मौत को नेचुरल डेथ की बजाय इसे क्राइम मानकर जांच कराई जाए। कमेटी ने उनकी मौत की डिटेल इन्वेस्टिगेशन की सिफारिश भी की है।



**2016 में हुई थी मौत, हार्ट अटैक को बताया था वजह**

5 दिसंबर 2016 को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में जयललिता का निधन हो गया था। वे करीब 2 महीने तक अस्पताल में भर्ती रही थीं। उस समय वे मुख्यमंत्री पद पर थीं। मेडिकल बुलेटिन में दिल के दौरे को मौत की वजह बताया गया था। खास बात यह है कि जयललिता के बीमार पड़ने से उनका निधन होने तक शशिकला उनके साथ मौजूद थीं।

**जांच रिपोर्ट में 4 मुख्य किरदार**

1 वीके शशिकला– जयललिता की करीबी सहयोगी थीं। उनके आवास पर रहती थीं। बीमार पड़ने से लेकर मौत तक हमेशा साथ रहीं।

2 डॉ केएस शिवकुमार– मुख्यमंत्री जयललिता के निजी डॉक्टर, जयललिता के बीमार पड़ने पर शुरुआती ट्रीटमेंट दिया।

3 राधाकृष्णन– तमिलनाडु के स्वास्थ्य सचिव थे, यही जयललिता की सेहत की निगरानी रखते थे।

4 सी विजयभास्कर– तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री और जयललिता के करीबी थे। बुलेटिन जारी करने से लेकर हेल्थ अपडेट देते थे।

**पन्नीरसेल्वम ने सवाल उठाया तो पल्लानीस्वामी ने जांच बैठाई**

पन्नीरसेल्वम के नेतृत्व में जयललिता की पार्टी एआईएडीएमके के कई नेताओं ने उनके निधन को लेकर सवाल उठाया था। नेताओं का कहना था कि उनकी सहयोगी शशिकला और उनके परिवार के सदस्यों ने इस मामले में काफी-कुछ छिपाया है। इसके बाद पल्लानीस्वामी की सरकार ने जांच बैठाई थी।

**1991 में जयललिता के करीब आईं थीं, चिनम्मा नाम से फेमस**

1991 में जब जयललिता पहली बार मुख्यमंत्री बनीं तब शशिकला उनके करीब आईं। शशिकला इससे पहले वीडिग्राफी का काम करती थीं। दोनों की जोड़ी तमिल पॉलिटिक्स में इतना फेमस हुआ कि लोग जयललिता को अम्मा और शशिकला को चिन्नमा कहने लगे थे।

## आतंकी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में 4 गिरफ्तार

गुवाहाटी, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि चार लोगों को आतंकवादी संगठनों से संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि उनमें से दो, "बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम से जुड़े" थे, जिन्हें तामूलपुर जिले में और अन्य दो को नलबाड़ी में पकड़ा गया था। उन्होंने सोमवार को ट्वीट किया, "हम असम से जिहादी तत्वों को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं। तामूलपुर पुलिस ने दो व्यक्तियों सादिक अली और जकीबुल अली को पकड़ने में एक सराहनीय काम किया है, जिन्होंने युवाओं को अल-कायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआईएस) से संबद्ध बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम में शामिल होने का लालच दिया।"

# दिल्ली दंगा: जेल में ही रहेगा उमर खालिद

**एचसी में जमानत याचिका खारिज यूएपीए के तहत दर्ज है केस**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट से उमर खालिद को झटका लगा है। अदालत ने दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। दिल्ली दंगों में उमर खालिद पर साजिश रचने का आरोप है। जिसके बाद उसे 13 सितंबर 2020 को गिरफ्तार किया गया था। उमर खालिद इसके बाद से ही जेल में बंद है। अब दिल्ली हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका मंगलवार को नामंजूर कर दी है।

फरवरी 2020 में नॉर्थईस्ट दिल्ली में दंगा भड़का था। इस दंगे को लेकर जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद पर संगीन आरोप लगे हैं। 13 सितंबर 2020 को दिल्ली में हुए दंगों के मामले में उमर खालिद पर यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया था। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और रजनीश भट्टनागर की स्पेशल बेंच ने उमर खालिद की जमानत



याचिका पर आदेश जारी किया। इससे पहले 9 सितंबर को उसकी जमानत याचिका पर आदेश को सुरक्षित रख लिया गया था। इससे पहले जमानत याचिका पर जब अदालत में सुनवाई हुई थी तब दिल्ली पुलिस ने अपनी दलील में कहा था कि उमर खालिद पूरी दिल्ली को जाम करना चाहते थे। दिल्ली पुलिस ने जेसीसी व्हाट्सऐप ग्रुप की चैट का जिक्र किया था। इस चैट में कहा गया था- 'कह दो कि हम जामिया से हैं, दिल्ली का चक्का जाम करेंगे।' उमर खालिद की जमानत याचिका पर 20 दिनों से ज्यादा तक सुनवाई हुई थी। खालिद पर आपराधिक षड्यंत्र रचने, दंगा फैलाने और यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। खालिद की जमानत याचिका को बीते मार्च में कड़कड़डूमा कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

## 'सरकार के पास एक्शन के नाम पर केवल खोखले बयान हैं'

# जम्मू में टारगेट किलिंग पर बोलीं प्रियंका गांधी

जम्मू, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। कश्मीर के शोपियां में आतंकियों ने दो गैर-कश्मीरी मजदूरों की हत्या कर दी। मामले को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आतंकियों की करतूत को निंदनीय करार देते हुए केंद्र की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास एक्शन के नाम पर केवल खोखले बयान हैं। जनता और प्रवासी मजदूरों की रक्षा के लिए ठोस काम कब किया जाएगा? मंगलवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कन्नौज के दो मजदूर मनीष कुमार और रामसागर के ऊपर शोपियां के हरमेन इलाके में आतंकियों ने हथगोला फेंक दिया, जिससे वे घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी जान नहीं बच सकी। इलाके की घेराबंदी की गई।

**प्रियंका गांधी ने यह कहा**

इस आतंकी घटना को लेकर प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट में लिखा, "कश्मीर में आतंकियों की ओर से उत्तर प्रदेश के मजदूरों, और एक कश्मीरी पंडित भाई की



हत्या की घटना निंदनीय है। आतंकी लगातार हत्या की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं लेकिन सरकार के पास एक्शन के नाम पर केवल खोखले बयान हैं। आम जनता और प्रवासी मजदूरों की रक्षा को लेकर ठोस कदम कब उठाए जाएंगे?"

**कश्मीर जोन के एडीजीपी ने दी ये जानकारी**

कश्मीर जोन के एडीजीपी विजय कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के हाईब्रिड आतंकी इमरान बशीर गनी ने हैंड ग्रेनेड फेंका था, आतंकी शोपियां के हरमेन का रहने वाला है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे की जांच और छापेमारी चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों मजदूरों पर हथगोला तब फेंका गया जब वे एक टिन शेड में सो रहे थे। उल्लेखनीय है कि कश्मीरी पंडित पूरण कृष्ण भट्ट की हत्या के दो दिन बाद आतंकियों ने टारगेट किलिंग की इस वारदात को अंजाम दिया।

**15 अक्टूबर को आतंकियों ने कर दी थी कश्मीरी पंडित की हत्या**

शोपियां में ही शनिवार (15 अक्टूबर) को आतंकियों ने पूरण कृष्ण भट्ट की गोली मारकर हत्या कर दी थी। भट्ट पर हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन कश्मीर फ्रीडम फाइटर ने ली थी। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा समेत कई राजनीतिक दलों ने आतंकी घटना की निंदा की थी।

## 'अरे आंटी छोड़ो!

**मुंबई लोकल ट्रेन में भिड़ गईं महिलाएं, मारे चाटे और खींचने लगीं बाल**

मुंबई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई लोकल ट्रेन की लेडीज कोच में तीन महिलाओं की लड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। 31 सेकेंड के इस वीडियो को रोड्स ऑफ मुंबई नाम के पेज से ट्विटर पर शेयर किया गया है। वीडियो को 5 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है और 800 से ज्यादा बार रीट्वीट किया गया है। वायरल वीडियो में यात्रियों से खचाखच भरी बोगी में तीन महिलाएं आपसी में लड़ती और एक-दूसरे के बाल खींचती नजर आ रही हैं।

उसे खींचकर मारने लगती है। इस बीच तीसरी महिला इसमें शामिल हो जाती है और वह उस लड़की को पीटने लगती है। ट्रेन में सवार यात्री बीच बचाव में आते हैं लेकिन लड़ाई रुकने का नाम नहीं लेती। एक महिला यात्री को यह कहते सुना जा सकता है कि 'अरे आंटी छोड़ो!' लड़ाई के बीच दूसरी महिलाएं अपनी सीट से खड़ी हो जाती हैं और अपना बचाव करने लगती हैं। वहीं, कुछ पैसेंजर इस मारपीट का वीडियो रिकॉर्ड करने में जुट जाते हैं।

# टीएमसी नेता देबराज से सीबीआई ने की पूछताछ

### बंगाल में भाजपा नेता की हत्या का मामला




कोलकाता, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीबीआई ने आज पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी नेता देबराज चक्रवर्ती से पूछताछ की। पिछले साल हुए बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता प्रसनजीत दास की हत्या के सिलसिले में उनसे सवाल-जवाब किए गए। देबराज चक्रवर्ती बिधाननगर नगर निगम के पार्षद और टीएमसी विधायक अदिति मुंशी के पति हैं। दास का शव पिछले साल 23 मई को उत्तरी 24 परगना जिले के बागुईआटी में उनके घर के बाहर लटका मिला था। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी में चक्रवर्ती का नाम नहीं था, लेकिन सीबीआई ने जांच के दौरान मामले में उनकी कथित संलिप्तता पाई और इसलिए उनसे पूछताछ की। बिधाननगर के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय में उनसे करीब दो घंटे तक पूछताछ की गई। तृणमूल युवा कांग्रेस की दमदम और बैरकपुर इकाइयों के अध्यक्ष चक्रवर्ती ने कहा कि वह जांच में सीबीआई को सहयोग करेंगे।

**कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच**

पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने बागुईआटी पुलिस थाने के दो कर्मचारियों सहित नौ लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। मृतक प्रसनजीत दास की मां ने एक मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए बयान में पुलिस अधिकारियों की शिकायत की थी।

सुविचार: यदि मैं अपनी प्रशंसा सुनकर खुश होता हूँ तो निन्दा से मुझे दुःख भी अवश्य होगा

## यातायात प्रबंधन में महत्वपूर्ण बदलाव से लोगों को फायदा : सीवी आनंद

### साइबराबाद में 'ऑपरेशन रोप' पर यातायात समीक्षा बैठक

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद में 'ऑपरेशन रोप' पर यातायात समीक्षा बैठक हुई। बैठक में हैदराबाद सीपी सीवी आनंद ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। साइबराबाद सीपी के निमंत्रण पर इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आए हैदराबाद पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने कहा कि ऑपरेशन रोप का मुख्य उद्देश्य शहर की सड़कों पर यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करना है। यातायात प्रबंधन में महत्वपूर्ण बदलाव होने पर ही लोगों को फायदा होता है। इस अवसर पर सीपी सीवी आनंद ने कर्मचारियों को यातायात नियंत्रण और प्रबंधन के बुनियादी सिद्धांतों के बारे में बताया। ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी पुलिस में अलग होती है। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस कर्मियों को शत-प्रतिशत लोगों के बीच अपनी ड्यूटी निभानी होगी। साथ ही वे जीएचएमसी और अन्य विभागों के साथ समन्वय से काम करना चाहते हैं। ट्रैफिक पुलिस जब मैदान में होती है तो समस्याओं का



पता चलता है और ट्रैफिक कंट्रोल संभव है। सबसे पहले, यातायात पुलिस लोगों को सड़कों पर रहने के तरीके के बारे में शिक्षित करना चाहती है ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके। समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाए। मार्च 2020 में, कोविड -19 महामारी के कारण, कोविद -19 महामारी के बाद 18 प्रतिशत नए वाहन सड़कों पर आए क्योंकि नागरिकों ने अपने स्वयं के वाहनों का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते वाहनों के आवागमन को देखते हुए लोगों को परेशानी से मुक्त रखने के लिए ऑपरेशन रोप जरूरी है। ऑपरेशन रोप के तहत ट्रैफिक एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इसमें यातायात प्रबंधन का प्रवर्तन, शिक्षा और इंजीनियरिंग प्रमुख है। ट्रैफिक को सुचारू बनाना है तो अतिक्रमण हटाने और अवैध अवरोधक पार्किंग पर फोकस होना चाहिए। जाओ 166 के अनुसार व्यावसायिक भवनों में 40 प्रतिशत पार्किंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि हैदराबाद में अतिरिक्त सीपी यातायात के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने यातायात से संबंधित कई नए सुधार लाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सुविधा के लिए समर लो किट, प्रदूषण से बचाव के लिए चश्मा, 30 प्रतिशत यातायात भत्ते के लिए अनुमान समिति से परामर्श और यातायात के लिए विशेष बजट के प्रयास किए गए। उन्होंने कर्मचारियों के साथ अपने पिछले यातायात अनुभव साझा किए। उसके बाद साइबराबाद सीपी ने कहा कि साइबराबाद में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए 'ऑपरेशन रोप' शुरू किया जा रहा है। सीपी ने बताया कि शहर की सड़कों पर नागरिकों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए साइबराबाद क्षेत्र में एक विशेष यातायात अभियान "ऑपरेशन रोप" शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब से इस अभियान के तहत वाहन चालक ट्रैफिक सिग्नल पर स्टॉप लाइन से पहले रुकेंगे, खाली बाएं छोड़ेंगे और सड़कों पर गाड़ी का भार सुचारू रखेंगे। एक ओर जागरूकता पैदा की जाएगी तो दूसरी ओर नियमित प्रशिक्षण से चूकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में साइबराबाद पुलिस आयुक्त स्टीफन रवींद्र, डीसीपी ट्रैफिक श्रीनिवास राव, मदापुर डीसीपी सुश्री शिल्पावल्ली, एडीसीपी ट्रैफिक श्रीनिवास रेड्डी, माधापुर ट्रैफिक एसीपी हनुमंत राव, बालानगर ट्रैफिक एसीपी चंद्रशेखर रेड्डी, शमशाबाद ट्रैफिक एसीपी श्रीनिवास नायडू आदि ने भाग लिया।

## उच्च न्यायालय ने कार के समान प्रतीकों को हटाने की टीआरएस की याचिका खारिज की

**मुनुगोडु उपचुनाव**

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। उच्च न्यायालय ने मंगलवार को तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव में टीआरएस की कार के समान प्रतीकों को हटाने के लिए चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश देने की मांग की गई थी।

उच्च न्यायालय ने कहा कि एक बार चुनाव की अधिसूचना के बाद वह चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा टीआरएस नेताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर प्रतिक्रिया देने में विफल रहने के बाद आठ प्रतीकों को हटाने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

सत्तारूढ़ दल ने याचिका में उल्लेख किया है कि कार पिछले दो दशकों से टीआरएस का आधिकारिक प्रतीक रही है और इसने कई चुनाव लड़े हैं। हालांकि विपक्षी दल चुनाव में टीआरएस की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने के लिए संदिग्ध तरीके अपना रहे हैं। इस प्रक्रिया में, वे कैमरा, चपाती रोलर, डोली, रोड रोलर, साबुन डिश, टेलीविजन, सिलाई मशीन और जहाज सहित समान प्रतीकों का लाभ उठा रहे हैं, जो मतदाताओं को ईवीएम मशीनों पर टीआरएस की सिंबल कार चुनने और पहचानने में भ्रमित करने के लिए मुफ्त प्रतीकों की सूची में उपलब्ध हैं। टीआरएस ने कहा कि कुछ उम्मीदवार पार्टी की जीत की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की साजिश कर रहे हैं और कहा कि कुछ समान प्रतीकों में टीआरएस समर्थित मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने की क्षमता है और वे तथाकथित निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट दे रहे हैं।

## टीआरएस (बीआरएस) ने समान चुनाव चिन्हों पर आपत्ति जताई



नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति) ने मुनुगोड़े उपचुनावों में भारत के चुनाव आयोग द्वारा एक निर्दलीय उम्मीदवार को रोड रोलर सिंबल आवंटित करने पर आपत्ति जताई है। टीआरएस (बीआरएस) को आवंटित कार के प्रतीक की समानता को देखते हुए, पार्टी नेताओं ने चुनाव आयोग से इसे तुरंत प्रतीकों की सूची से हटाने का अनुरोध किया।

तेलंगाना राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद बी. विनोद कुमार ने तेलंगाना राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता रामचंद्र राव के साथ मंगलवार को दिल्ली में चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे को एक अभ्यावेदन सौंपा। शिकायत में विनोद कुमार ने याद दिलाया कि रोड रोलर सिंबल पहले 2011 में चुनाव आयोग द्वारा निर्दलीय उम्मीदवारों को आवंटित किया गया था। हालांकि, टीआरएस (बीआरएस) ने अपनी आपत्तियां उठाईं और प्रतीक को हटाने की मांग की, जिसके बाद प्रतीक को मुक्त प्रतीकों की सूची से हटा दिया गया। विनोद कुमार ने बताया कि ईवीएम पर टीआरएस (बीआरएस) कार के प्रतीक के साथ अजीब समानता के कारण पार्टी रोड रोलर प्रतीक के बारे में चिंतित थी। कहा जाता है कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने जल्द से जल्द जवाब देने का आश्वासन दिया है।

## मुनुगोडु में बंडी ने शुरू किया उपचुनाव प्रचार



हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के तिरूदपल्ली से उपचुनाव अभियान की शुरुआत की। संजय ने तिरुगुंडलापल्ली और तुनमाडपल्ली गांवों में रोड शो किया। इस अवसर पर बोलते हुए, बंदी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी के नेता मुनुगोडु में भूमि हथियाने की कोशिश कर रहे हैं और कहा कि सत्तारूढ़ दल के नेता निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक गांव का दौरा कर रहे हैं और उन पर अतिक्रमण करने के लिए भूमि की पहचान कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव के तुरंत बाद टीआरएस पार्टी के नेता जमीन पर कब्जा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी के नेता हर वोट के लिए 40,000 रुपये दे रहे हैं और कहा कि मतदाताओं को दिया जा रहा पैसा सत्ताधारी पार्टी के नेताओं द्वारा अवैध तरीकों से कमाया गया धन है। सीएम केसीआर पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सीएम, जिन्होंने सभी पात्र दलित परिवारों को डबल बेडरूम हाउस और तीन एकड़ कृषि भूमि देने का वादा किया था, अब उपचुनाव में जीतने के झूठे वादे कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम मुनुगोडु में चुनाव जीतने के लिए दंगे करने की कोशिश कर रहे थे, यह पता लगाने के बाद कि उनकी पार्टी विभिन्न सर्वेक्षण रिपोर्टों में चुनाव हारने जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आठ निर्दलीय उम्मीदवारों को आवंटित मुफ्त चुनाव चिन्ह को रद्द करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश जारी करने के लिए उच्च न्यायालय से उनकी पार्टी द्वारा दायर याचिका को खारिज किए जाने के बाद केसीआर हताशा में हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएम चुनाव स्थगित करने की साजिश कर रहे हैं क्योंकि वह दंगों को पैदा करके उच्च न्यायालय के फैसले को पचा नहीं पा रहे हैं।

## तेलंगाना में सिर्फ केसीआर परिवार ही बना अमीर : तरुण चुघ

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राज्य प्रभारी तरुण चुघ ने आज आरोप लगाया कि सीएम केसीआर का परिवार अलग तेलंगाना राज्य में समृद्ध हो गया और कहा कि राज्य सीएम के शासन में स्वर्ण तेलंगाना नहीं बना था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केसीआर ने अपने परिवार के सदस्यों की भलाई के लिए राज्य के लोगों के हितों का त्याग किया।

वह नई दिल्ली में टीआरएस के पूर्व सांसद बूरा नरसैया गौड़ के साथ मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे, जो आज भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। चुघ ने आरोप लगाया कि सीएम के परिवार आधारित शासन के कारण पिछले आठ वर्षों में राज्य का विकास रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि बेघर गरीब परिवारों को डबल बेड रूम हाउस और दलित बंधु योजना जैसे अपने चुनावी वादों को लागू करने में सीएम विफल रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के शासन में महिलाओं, बेरोजगार युवाओं, डॉक्टरों और सरकारी कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नरसैया गौड़ के पार्टी में प्रवेश पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि वे उन सभी का स्वागत कर रहे हैं जो राज्य के विकास के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ण तेलंगाना का सपना भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि वे खुले हाथों से नरसैया गौड़ का पार्टी में स्वागत कर रहे हैं और पार्टी के अन्य नेताओं से राज्य की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। यह कहते हुए कि नरसैया गौड़ का तेलंगाना राज्य में अच्छा नाम है, चुघ ने कहा कि नरसैय्या गौड़ ने एक नेता और एक डॉक्टर के रूप में खुद के लिए एक अच्छा नाम कमाया। उन्होंने कहा कि नरसैया गौड़ ने भी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ राज्य के लोगों की सेवा की।

## जीएचएमसी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा का फ्लेक्स बैनर हटाया जाना उचित नहीं : वीएच

### कांग्रेस नेताओं ने जीएचएमसी कार्यालय के सामने किया विरोध प्रदर्शन

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यसभा सदस्य वी. हनुमंत राव, पूर्व विधायक पी. विष्णुवर्धन रेड्डी, पूर्व एमएलसी रामुलु नाइक और कांग्रेस ने कुछ क्षेत्रों में जीएचएमसी अधिकारियों द्वारा राहुल गांधी द्वारा तेलंगाना की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लगाए गए फ्लेक्स बैनर को हटाने का विरोध किया। कार्यकर्ताओं के साथ लिबर्टी जीएचएमसी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वीएच ने कहा कि कन्याकुमारी से शुरू हुई



राहुल गांधी की भारत जोडो पदयात्रा कुछ दिनों में तेलंगाना पहुंच जाएगी और हैदराबाद शहर में भी चलेगी, अगर वह फ्लेक्स बैनर लगाते हैं, तो जीएचएमसी के अधिकारी उन्हें खरीद कर क्षेत्रों में हटा देते हैं. उचित तरीका नहीं है। बाद में, जीएचएमसी अधिकारी ने वीएच से बात नहीं की।राहुल गांधी ने पदयात्रा के अंत तक फ्लेक्स बैनर को नीचे नहीं खींचने का वादा करने के बाद धरना समाप्त कर दिया।


भाकृ अनुप-भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Oilseeds Research
राजेंद्रनगर, हैदराबाद-500 030, तेलंगाना राज्य, भारत
Rajendranagar, Hyderabad-500 030, Telangana State, India
Tel.: 040-24598204, Website: http://www.icar-iior.org.in
ISO 9001:2008 Certified Institute

F.No.20-16/2014/FMS/Misc. WALK-IN-INTERVIEW Date: 17-10-2022

Walk-in-interview on 07.11.2022 & 8.11.2022 at 11.30 AM at ICAR-Indian Institute of Oilseeds Research, Rajendranagar, Hyderabad-30 for the Temporary posts of Young Professionals I & II.

For more details please visit IIOR Website www.icar-iior.org.in

Sd/-
SR.ADMN.OFFICER
FOR DIRECTOR


## युवक का अपहरण, परिजनों व दोस्तों ने छुड़ाया

जगतियाल, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सांगी नरेश नाम के एक युवक का कथित तौर पर तीन लोगों ने अपहरण कर लिया था, जिसके बाद उसके रिश्तेदारों और दोस्तों ने सोमवार को जगतियाल में उसे ढूंढ निकाला और उसे छुड़ा लिया। अपहरणकर्ताओं को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पीड़ित और अपहरणकर्ता दोनों धर्मपुरी शहर के रहने वाले हैं। हालांकि अपहरण का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन इसका कारण आर्थिक विवाद बताया जा रहा है। उनके परिवार के सदस्यों के अनुसार, कोडिमियल में एक पेट्रोल बंक पर काम करने वाले नरेश को सोमवार दोपहर धर्मपुरी कस्बे में तीन लोगों ने जबरदस्ती एक कार में ले लिया।

## पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी की आसिफनगर थाने की पुलिस ने हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मृतक के कपड़े, सेलफोन आदि बरामद हुआ है।

मामले की जानकारी देते हुए एसीपी आसिफनगर डिवीजन शिवा मारूति ने बताया कि दिलशाद नगर कॉलोनी, मेहदीपट्टनम, हैदराबाद में 16 अक्टूबर अचानक काम करने वाले राजकुमार और रणविजय बृजबिहारी सिंह के साथ झगड़ा करने लगे। इसी बीच राजकुमार ने रविजय बृजबिहारी सिंह को कंस्ट्रक्शन स्टिक से पीटा जिससे उनके माथे पर चोट लग गई। उसे घायलावस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत रणविजय बृजबिहारी सिंह



गोरखपुर, उत्तरप्रदेश का रहने वाला था। इस मामले का आरोपी राजकुमार ग्राम जसवाल, राजाबारी (पोस्ट), पेपीगंज, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश का निवासी है। आरोपी ने शराब के नशे में मृतक के माथे पर डंडे से वार किया था, जिससे उसके सिर में चोटें आईं और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आसिफनगर थाने की टीम को सूचना मिली कि आरोपी ट्रेन से अपने पैतृक स्थान भाग रहा है। तत्काल आसिफनगर टीम ने आरोपी के फोटो और लुकआउट नोटिस को रेलवे विभाग को प्रसारित किया। आरपीएफ नागपुर के साथ समन्वय करके आरोपी राजकुमार की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर गिरफ्तार किया और न्यायालय के समक्ष पेश किया।


CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Priyansh S/o. Praveen Kumar, R/o. 4-4-899 to 901, Shetrunjay Residency, Sultan Bazar, Nampally, HYD-95. Change My Name: Priyansh Jain, S/o. Praveen Kumar Kothari.

I, SHAIKH SAWKAT ALI, R/o.22-4-351/1, Kotla Alijah, Hyd-02, T.S, Changed My Name as SHAIK SHOUKAT ALI S/o.SHAIK NIYAMATH ALI.

I, SHAIKH MOHAMMAD ALI, R/o.22-4-351/1, Kotla Alijah, Hyd-02, T.S, Changed My Name as SHAIK MOHAMMED ALI S/o.SHAIK SHOUKAT ALI.

I, NATIRA BEGAM, R/o.22-4-351/1, Kotla Alijah, Hyd-02, T.S, Changed My Name as NAZEERA BEGUM W/o.SHAIK SHOUKAT ALI.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


## लड़कियों का हौसला बुलंद पर : छात्रा का ऊंची उड़ान भरने का सपना हुआ साकार



आदिलाबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। निश्चित रूप से महिलाओं के लिए आकाश सीमा है। इंदरवेली मंडल केंद्र में एक किराने की दुकान के मालिक अजीज हिरानी की बेटी आफरीन ने आसमान को जीतने का सपना देखा था और अब, भारतीय आसमान के माध्यम से एक इंडिगो उड़ान का संचालन कर रही है। कुछ हफ्ते पहले इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी मिलने के बाद उत्साहित आफरीन ने कहा कि बचपन से ही कमर्शियल पायलट बनना उनकी महत्वाकांक्षा थी। उन्होंने बताया कि मैं क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और अन्य लड़कियों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने के लिए दृढ़ था। इसलिए, मैंने हैदराबाद में इंटरमीडिएट और आदिलाबाद में स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद एक निजी कॉलेज में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का विकल्प चुना। मैंने ऑस्ट्रेलिया में दो साल के लिए पायलट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया और आखिरकार एक हवाई जहाज की सवारी करने के अपने सपने को साकार किया। 28 वर्षीया आफरीन को 2018 से 2020 तक ऑस्ट्रेलिया में पायलट प्रशिक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अगस्त में निजी एयरलाइंस के पहले कप्तान पायलट के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें कठोर प्रशिक्षण के लिए चुना गया था क्योंकि उन्होंने वैमानिकी इंजीनियरिंग में अच्छा प्रदर्शन किया था। हालाँकि, उन्हें एक विमान के कॉकपिट में कदम रखने के लिए दो साल तक इंतजार करना पड़ा, क्योंकि नियुक्ति प्रक्रियाओं में कोविड-19 महामारी के कारण देरी हो रही थी। कोविड के कारण उसकी नियुक्ति में हुई देरी पर आफरीन ने बताया कि मैं एक विदेशी देश में कठिन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भी एक विमान उड़ान भरने और घर पर बेकार बैठने के लिए इंतजार करने के लिए थोड़ा घबरायी हुई थी।

हालांकि, उसने कहा कि वह एक हवाई जहाज संचालित करने और चालक दल का नेतृत्व करने के लिए खुश है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता अजीज और नवीना के प्रोत्साहन और समर्थन को दिया।

**आदिलाबाद की दूसरी महिला पायलट**

संयोग से, आफरीन वाणिज्यिक पायलट बनने वाली आदिलाबाद जिले की दूसरी महिला हैं। आदिलाबाद जिले की स्वाति पहले ही इस क्षेत्र में कदम रख चुकी हैं। वह मेरी बेटी के लिए प्रेरणा स्रोत रही हैं, अजीज ने याद किया। उन्होंने लड़कियों को सलाह दी कि वे एक ऐसा क्षेत्र चुनें जिसे वे सबसे ज्यादा पसंद करते हैं और उसमें चमकने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

## पुलिस शहीद स्मरणोत्सव सप्ताह 21 से शुरू होगा

निजामाबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले में ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाने वाला वार्षिक पुलिस शहीद स्मारक सप्ताह 21 अक्टूबर से जिले में शुरू होगा। एक प्रेस बयान में, निजामाबाद के पुलिस आयुक्त केआर नागराजू ने मंगलवार को कहा कि स्मरणोत्सव सप्ताह उन पुलिस कर्मियों को याद करने के लिए मनाया गया, जिन्होंने नागरिकों की रक्षा और कानून व्यवस्था की रक्षा के लिए अपने कर्तव्य के तहत अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनके सर्वोच्च बलिदान को पहचानें और शहीद सप्ताह के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि दें।

आयुक्त ने कहा कि सप्ताह के दौरान, निजामाबाद, आर्मूर, बोधन संभाग और निजामाबाद कमिश्नरी के तहत सभी पुलिस थाना क्षेत्रों में स्कूली बच्चों और पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए ओपन हाउस, निबंध लेखन प्रतियोगिता, रंग प्रतियोगिता और पेंटिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्मृति सप्ताह के तहत रक्तदान शिविर और राष्ट्रीय एकता दिवस का भी आयोजन किया जाएगा।




बैठक

स्व. श्री

नन्दारामजी आगलेचा

पूर्व सरपंच-जाणुन्दा

सुपुत्रः स्व.श्री भीकारामजी आगलेचा

स्वर्गवासः 24.09.2022

मरुधर मे मुकनपुरा-जाणुन्दा (राज.)

बैठक आज बुधवार दि.19 अक्टुबर प्रातः 10.15 बजे से श्री आईमाता बडेर पारसीगुटा पर होगी

(नोटः कार्यक्रम स्थल पर पल्ला-प्रथा सख्त मना है)

: शोकाकुल :

मगीबाई (धर्मपत्नी), खेताराम, कसाराम, भानाराम, मोतीराम (भाई), पुखराज, मांगीलाल, स्वरुपराम, ताराचन्द, दीपाराम, नारायणलाल, प्रकाश, दिनेश, संजय, मोहन, राजु (पुत्र), भंवरीबाई-दूदारामजी सैंणचा-गादाणा (पुत्री-दामाद), विमला-अनिरुद्धजी गेहलोत, सोनिया-निर्मलजी देवड़ा (पौत्री-दामाद), भूराराम, मुकेश CA, नरेश (Pilot), किरण, श्रवण, राकेश, माधु, हेमन्त, पीयुष, मनोज, अभिषेक, अंश, हितेश, नमन (पौत्र), विहान, सोनित, योनित, मिहित, अहान, निकुंज (पड़पौत्र) एवं समस्त आगलेचा परिवार मुकनपुरा (जाणुन्दा)

: फर्म : गणेश सेल्स कॉरपोरेशन - रामपल्ली

श्री रामा होम सोल्युशन - वारीसगुडा

9440833125, 9849172325, 9441274070

P.Solankey

# तेजस्वी यादव को चेतावनी के साथ राहत

## आईआरसीटीसी घोटाले में कोर्ट ने कहा सोच-समझकर बोला करें

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को दिल्ली की अदालत ने नसीहत दी है कि वे सोच समझकर बोलें। अदालत ने तेजस्वी की जमानत रद्द करने वाली याचिका पर फैसला सुनाते हुए यह बात कही। अदालत ने फिलहाल जमानत रद्द करने का आदेश नहीं दिया है। ऐसे में तेजस्वी के लिए ये राहत की बात है। हालांकि, अदालत ने उनसे कहा कि वे संवैधानिक पद पर हैं इसलिए सही शब्दों का चयन करें।

तेजस्वी आईआरसीटीसी घोटाले में मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू सीबीआई स्पेशल कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान उन्होंने सीबीआई की याचिका का विरोध करते हुए नामंजूर करने की मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने कहा कि जमानत रद्द करने का कोई आधार नहीं है। इसलिए सीबीआई की अर्जी मंजूर नहीं की जा रही है। अदालत विस्तार से इस पर फैसला जारी करेगी।



**तेजस्वी ने कोर्ट में क्या कहा?**

तेजस्वी ने कहा कि वे विपक्ष में हैं और सरकार के गलत कामों पर सवाल उठाना उनकी ड्यूटी है। मौजूदा सरकार सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। सभी विपक्षी दलों को ये ही लगता है। तेजस्वी यादव ने अपने जवाब में कहा कि सीबीआई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके द्वारा धमकाने के आरोप लगाए हैं। मगर वो प्रेस कॉन्फ्रेंस किसी और मसले को लेकर थी। उसमें आईआरसीटीसी घोटाले का जिक्र नहीं था।

दूसरी ओर, केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपनी याचिका में उनकी जमानत को रद्द करने की मांग की। सीबीआई ने पूर्व में आरोप लगाया कि डिप्टी सीएम उन्हें धमका रहे हैं, वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं। तेजस्वी यादव ने मंगलवार को अदालत में अपना जवाब दाखिल किया। उनके वकील ने कहा कि तेजस्वी ने सीबीआई को किसी तरह की धमकी नहीं दी है। इसलिए जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया जाए। दूसरी ओर, सीबीआई ने मांग की कि तेजस्वी यादव पद पर रहते हुए जांच को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए उनकी बेल कैंसिल की जाए।

इससे पहले दिल्ली की अदालत ने आईआरसीटीसी होटल घोटाला में तेजस्वी यादव को कोर्ट में पेश होने को कहा था। तेजस्वी सोमवार को ही पटना से दिल्ली पहुंच गए। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान कर रही है। उन्हें अदालत पर भरोसा है, न्याय जरूर मिलेगा।

यह मामला साल 2004 से 2009 के समय से जुड़ा हुआ है, जब तेजस्वी के पिता लालू यादव रेल मंत्री थे। उस समय रांची और पुरी में आईआरसीटीसी के होटलों को लीज पर दिया गया था। आरोप है कि जिन कंपनियों को ये होटल लीज पर दिए गए उसकी एवज में लालू परिवार को 3 एकड़ की जमीन पटना में मिली।

बाद में वो जमीन राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के मालिकाना हक वाली कंपनी को बहुत सस्ते दाम पर बेच दिया गया।

# गंगा-गंडक नदी का मिलन

## कार्तिक माह में टूटा 50 साल का रिकॉर्ड, घरों में दस्तक देने लगा बाढ़ का पानी, लोग परेशान

खगड़िया, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। खगड़िया में गंगा-गंडक नदी की जलस्तर में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। इसके कारण कार्तिक माह आयी बाढ़ ने बीते 50 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जिला प्रशासन की मानें तो कोसी व बागमती नदी खतरे निशान के नीचे है लेकिन गंगा और बूढ़ी गंडक खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

गंगा व गंडक के जलस्तर में लगातार वृद्धि से प्रभावित इलाकों के लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। सदर प्रखंड के रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के बुजुर्ग जयनंदन यादव ने बताया कि कार्तिक माह में आयी बाढ़ ने बीते 50 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कार्तिक माह में बाढ़ का पानी वापस नदी में चला जाता था। लेकिन इस बार गांव की सड़क के ऊपर से पानी बह रही है। 50 साल बाद गंगा और गंडक नदी का संगम देखने को मिला है। लेकिन इस संगम से लोग परेशान हो चुके हैं। इसका पानी जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों की खाने-पीने से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक सब बाधित हो गयी है।



लोगों का कहना है कि मवेशी को चारा नहीं मिल रहा है। यह हाल गांव का ही नहीं है, बल्कि गांव के कई वार्ड के दर्जनों लोग बाढ़ की चपेट में है। शहर के अलावे गोगरी व परबत्ता प्रखंड के कई गांव के नीचले इलाके में पानी प्रवेश कर चुका है। बताया कि बीते 7 दिनों में सुखी सड़कों को गंगा व बुढ़ी गंडक ने अपने आगोश में ले लिया। वार्ड पार्षद रणवीर कुमार ने बताया कि गंगा-गंडक का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ पीड़ित बांध पर शरण लिए हुए हैं। बताया कि लोग ट्यूब के सहारे आवागमन करते, जहां दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। वहीं रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के अरविंद यादव ने जिला प्रशासन सरकारी नाव की व्यवस्था करने की मांग की है। बताया की सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों को हो रही है। स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा चल रही है।

इधर, सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि नदियों की जलस्तर पर बढ़ोत्तरी तो हुई है, आकलन कर सरकारी सुविधा मुहैया कराया जायेगा। गोगरी प्रखंड के जो गांव बाढ़ से घिर गए हैं, वहां कई घरों में बाढ़ का पानी दस्तक देने लगा है। रामपुर बहियार में किसानों की लहलहाती सब्जी की फसल भी बाढ़ की भेंट चढ़ चुकी है।

# बिहार में फिर एनआईए की छापेमारी

## पीएफआई टेरर केस में पटना के फुलवारीशरीफ में रेड

पटना, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में एक बार फिर नेशनल इन्वेस्टिगेशन टीम (एनआईए) की टीम छापेमारी करने पहुंची है। राजधानी पटना के फुलवारीशरीफ में मंगलवार सुबह रेड मारी। एनआईए के साथ बड़ी संख्या में पटना पुलिस के जवान भी मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े आतंकी मॉड्यूल के मामले की जा रही है। एनआईए की टीम संदिग्धों के ठिकानों की तलाशी ले रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक एनआईए ने पटना के फुलवारीशरीफ में गजवा-ए-हिंद से जुड़े दानिश के घर पर दबिश दी है। सुबह करीब 6 बजे से उसके घर पर तलाशी जारी है। बताया जा रहा है कि दानिश सोशल मीडिया पर गजवा ए हिंद का कर्ता-धर्ता है। इस ग्रुप के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं।




**पहले भी हो चुकी है कार्रवाई**

एनआईए पहले भी बिहार के अलग-अलग जिलों में पीएफआई के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है।

पिछले महीने एनआईए ने बिहार समेत देशभर में एक साथ रेड कर पीएफआई और एसडीपीआई से जुड़े कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध लगा दिया। बीते जुलाई महीने में पटना के फुलवारीशरीफ में पीएफआई दफ्तर में आतंकी ट्रेनिंग कैंप का खुलासा हुआ था। इसके बाद एनआईए को जांच सौंपी गई। पीएफआई दफ्तर से मिले दस्तावेजों में खुलासा हुआ कि यह संगठन भारत को अगले 25 सालों में इस्लामी राष्ट्र बनाने के मिशन पर काम कर रहा था।

इसके लिए देशभर में युवाओं को सांप्रदायिक दंगे और हिंसा फैलानी की ट्रेनिंग दी जा रही थी।

# किसानों को योगी सरकार ने दी बड़ी राहत

## फसल बर्बाद होने पर अब मदद के लिए डेडलाइन तय

लखनऊ, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारी बारिश और अन्य आपदा से परेशान किसानों को योगी सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार की ओर से कमेटी बनाकर किसानों के नुकसान का सर्वे और उसकी क्षतिपूर्ति की कार्यवाही तो पहले से ही चल रही है। अब सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा देने बीमा कवर प्रदान करने के लिए डेडलाइन तय की गई है। बीमा कंपनियों को अब किसान के क्लेम आवेदन के बाद सभी कार्यवाही पूरी करते हुए अधिकतम 30 दिन में तात्कालिक सहायता राशि या संपूर्ण बीमित राशि मुहैया करानी होगी। भारी बारिश के कारण फसलों के खराब होने से निराश किसानों को सरकार के इस आदेश से बड़ी राहत मिलेगी। अपर मुख्य सचिव (कृषि) देवेश चतुर्वेदी ने सभी जनपदों के जिलाधिकारियों को इस आशय का आदेश जारी किया है और अधिसूचना में निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रदेश में ग्राम पंचायत को इकाई मानते हुए लागू की गई है।



इसके अंतर्गत प्रदेश में खरीफ एवं रबी में प्रमुख फसलों को अधिसूचित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत यदि फसलों की क्षति दैवीय आपदा के कारण होती है तो कई परिस्थितियों में बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इसमें सबसे पहले मध्यावस्था क्षति के तहत बीमित राशि प्रदान की जाती है। मध्यावस्था फसल की प्रारंभिक अवस्था से लेकर फसल कटाई के 15 दिन पूर्व तक मानी जाती है।

# बलेनो के नंबर पर इनोवा में घूम रहे थे एसडीएम

## डीएम के सामने भरी बैठक में अचानक उठ गया मामला

अमरोहा, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी के अमरोहा में तैनात एक डिप्टी कलेक्टर बलेनो कार की नंबर प्लेट लगी इनोवा कार में सफर कर रहे थे। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान एक सदस्य ने अचानक इस मामले को उठा दिया। बैठक में मौजूद एआरटीओ और कुछ अन्य अधिकारियों ने बाहर निकलकर इनोवा के नंबर को चेक किया तो शिकायत सही निकली। इनोवा पर लगी नंबर प्लेट मुरादाबाद निवासी मिसेज खन्ना के नाम पर रजिस्टर्ड बलेनो कार की निकली। प्लेट पर गैरकानूनी तरीके से हिन्दी में अक्षर भी लिखे थे। इसके बाद डीएम ने एआरटीओ को जांच और कार्रवाई करने का आदेश दिया।

उधर, पकड़े जाने की भनक लगते ही ड्राइवर इनोवा लेकर फरार हो गया। गौरतलब है कि डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार सिंह को प्रशासनिक कार्यों से दौरों के लिए इनोवा कार मिली हुई है। इसके पहले वह हसनपुर में भी बतौर एसडीएम तैनात रह चुके हैं। बताया जाता है कि उस दौरान भी वह इसी इनोवा कार से चलते थे। सोमवार को डीएम बीके त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति चल रही थी थी। इसी दौरान समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा ने अचानक इस मामले को उठा दिया। इस जानकारी पर एआरटीओ प्रवर्तन महेश कुमार शर्मा, सीओ ट्रैफिक और टीएसआई धर्मेंद्र ने बैठक बीच में छोड़कर गाड़ी की नंबर प्लेट चेक की और मामला सही पाया गया। परिवहन विभाग के कार्यालय से रिकार्ड निकलवाने पर पूरे मामले की पुष्टि हो गई। मामले की भनक लगते ही इनोवा का चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी ने बताया कि एआरटीओ प्रवर्तन को पूरे मामले में जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पूरा मामला उठाया गया है। आगे भी अनियमितताओं से जुड़े मामलों को इसी तरह उठाते रहेंगे।



# पति ने पत्नी की हत्या कर शव फंदे से टांगा

## परिजनों ने दहेज के 3 लाख के लिए हत्या का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस



जमुई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। दहेज में तीन लाख रुपए नहीं मिलने पर पति ने अपनी ही पत्नी की हत्या कर शव को फंदे से टांग दिया। हालांकि मृतक के मायके वालों ने अपने ही दामाद और ससुराल वालों पर हत्या कर शव को फंदे से टांगने का आरोप लगा रही है। जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

बताया जाता है कि सिकंदरा थाना क्षेत्र के जलय गांव निवासी राकेश चौधरी की शादी टाउन थाना क्षेत्र के अमरथ गांव निवासी रजनी देवी के साथ हुई थी। बताया जाता है कि शादी के बाद मृतक ने एक लड़की को जन्म दिया था। जिसके बाद उसके पति व ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे और उसे मायके वालों से तीन लाख रुपए दहेज में मांग कर रहे थे नहीं देने पर रजनी को उसके पति राकेश व ससुराल वाले हत्याकर शव को फंदे में टांग आत्म हत्या का रूप देने की कोशिश की गई।

**मां ने ससुरालवालों पर हत्या का लगाया आरोप**

वहीं मृतक की मां ने मृतक के पति राकेश चौधरी सहित पूरे ससुराल वालों पर दहेज के लिए 3 लाख रुपए की मांग करने का आरोप लगाया है। दहेज की राशि नहीं मिलने पर बेटी की हत्या कर शव को फंदे से टांग दिया गया और उसे आत्महत्या करार देने की कोशिश की जा रही है। हालांकि पुलिस ने मृतक के मायके वालों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सात माह के मासूम की आवारा कुत्तों ने ली जान

## नोएडा के सोसायटी में खौफनाक घटना



नोएडा, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के नोएडा में सोमवार को एक अपार्टमेंट की इमारत में आवारा कुत्ते ने एक सात साल के मासूम को काट लिया। जैसे ही लोगों ने मासूम को कुत्ते के पास देखा, तुरंत लोग दौड़ते हुए पहुंचे और मासूम को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। लेकिन दुर्भाग्यवश मासूम की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद सोसाइटी के लोगों में काफी रोष है और लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सोसाइटी के निवासियों का आरोप है कि आवारा कुत्तों को लेकर कई बार उन्होंने जिला प्रशासन से कार्रवाई करने के लिए शिकायत की, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# लोन के नाम पर 10 लाख का चूना लगा गए सूट बूट में आए ठग

## 65 महिलाओं के खाते हुए साफ

समस्तीपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के समस्तीपुर जिला के सिंघिया थाना क्षेत्र के सालेपुर व जहांगीरपुर गांव में दो जालसाजों ने ब्याजमुक्त ऋण देने का झांसा देकर महिलाओं के खाते से दस लाख रुपये उड़ा दिए। मोबाइल पर खाता से रुपये की निकासी की जानकारी मिलने के बाद महिलाओं को ठगी की जानकारी मिली। उसके बाद सभी महिलाएं मंगलवार सुबह सिंघिया थाना पहुंची और ठगी की शिकायत की। पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए छानबीन शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर एक बाइक पर सवार दो युवक लैपटॉप के साथ सालेपुर गांव में पहुंचे। उस समय घर मे सिर्फ महिलाएं ही मौजूद थी। सभी घर के पुरुष सदस्य कमाने के लिए घर से निकले हुए थे। दोनों युवकों ने खुद को एक फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताने के साथ सिंघिया प्रखंड के ही बेहट गांव में अपना ऑफिस होने की जानकारी दी। उसके बाद महिलाओं को यह कह कर अपने झांसे में ले लिया कि कंपनी की ओर से 50 हजार रुपये का लोन ब्याजमुक्त दिया जाएगा। इसके लिए महिलाओं को सिर्फ आधारकार्ड और बैंक के पासबुक का फोटो कॉपी देना होगा। उसमें साल में कर्ज का ईएमआई भी मात्र साल में 1100 रुपये बताया। जिससे महिलाएं उसके झांसे में आ फॉर्म भरने के लिए आधारकार्ड और बैंक के पासबुक का फोटो कॉपी देने के साथ अंगूठा लगाने वाली मशीन पर अंगूठा लगाना शुरू कर दिया। करीब 65 महिलाओं से कागजात और अंगूठा लगवाने के बाद बाइक सवार दोनो युवक चले गए। ग्रामीणों ने बताया कि शाम के बाद सभी महिलाओं के मोबाइल पर खाते से राशि की निकासी का मैसेज मिलना शुरू हुआ तो सभी ने इसके बारे में एक दूसरे से पूछताछ शुरू की।




गांव की सभी महिलाएं एकजुट हो मंगलवार सुबह सिंघिया थाना पहुंची। थाना अध्यक्ष को मामले से अवगत करा दोनों जालसाजों को पकड़ने और समुचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उनके खाते में जो भी पैसे थे सभी निकाल लिए गए हैं। उन्हें जीरो बैलेंस का बैंक ने मैसेज भेजा है। किसी के खाता से तीन हजार तो किसी के खाता से पांच हजार रुपये निकाले गए हैं।

# सुशील मोदी को नींद नहीं आएगी

## कोर्ट से तेजस्वी को राहत मिली तो बहन रोहिणी हुई हमलावर

पटना, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईआरसीटीसी घोटाले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने डिप्टी सीएम तेजस्वी को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने तेजस्वी यादव को चेतावनी देते हुए उन्हें उनकी जमानत रद्द करने से इंकार कर दिया। इस दौरान माननीय अदालत ने तेजस्वी यादव को सोच समझकर बोलने की नसीहत दी। कोर्ट ने साफ कहा की बेल कैंसिल नहीं कर रहे हैं लेकिन आगे से कुछ भी सोच समझकर बोलना है।



कोर्ट का फैसला आने के बाद आरजेडी के साथ-साथ लालू फैमिली ने राहत की सांस ली है। इस प्रकरण में भारतीय जनता पार्टी पर हमला भी शुरू हो गया है लालू यादव की बेटी और तेजस्वी यादव की बहन रोहिणी आचार्य ने ट्विटर वॉर शुरू कर दिया है। अपने ट्विटर अकाउंट से रोहिणी ने सुशील मोदी पर करारा प्रहार किया है। तंज कसते हुए रोहिणी ने कहा है कि आज सुशील मोदी को नींद नहीं आएगी। तेजस्वी यादव को जेल भेजने का सुशील मोदी का सपना टूट गया है। एक अन्य ट्वीट में रोहिणी ने कहा है कि इतिहास गवाह है, जिसने लोगों के दिलों पर हुकूमत किया, दलालों और गद्दारों की टोली ने उसी के दामन में दाग लगाने का षड्यंत्र किया है। रोहिणी आचार्य यहीं नहीं रुकी। उन्होंने इशारों इशारों में सुशील मोदी और भाजपा के नेताओं को गद्दार भी कह दिया है । लालू यादव की बेटी रोहिणी ने लिखा है कि देश के गद्दारों को लालू यादव की लोकप्रियता और तेजस्वी यादव के कीर्तिमान से गहरा दुख पहुंचा है। तेजस्वी यादव मंगलवार को दिल्ली की अदालत में आईआरसीटीसी घोटालों के मामले में पेश हुए। आईआरसीटीसी घोटाले में सीबीआई ने बीते दिनों तेजस्वी की जमानत रद्द की जाने की मांग की थी।

# लालू-नीतीश में आग लगाने वाली बातें क्यों करते हैं सुशील मोदी

## आरजेडी से जेडीयू को लड़ाने में बीजेपी का कितना फायदा

पटना, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। नीतीश कुमार द्वारा बीजेपी का साथ छोड़कर आरजेडी से हाथ मिलाने के बाद से पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी महागठबंधन में आग लगाने वाली बातें कर रहे हैं। वे पिछले कुछ दिनों से आरजेडी और जेडीयू को लड़ाने वाले बयान दे रहे हैं। वे चाहते हैं कि उनकी छोटे-छोटे मसलों को बड़ा करके लालू यादव और नीतीश कुमार के बीच मतभेज डाल दें। क्योंकि इसका फायदा बीजेपी को होगा।

बीजेपी नेता सुशील मोदी के पिछले कुछ बयानों पर नजर डालें, तो वे महागठबंधन सरकार के खिलाफ आक्रामक दिखे। सबसे ताजा उदाहरण लें, तो जैसे ही आईआरसीटीसी घोटाले में मंगलवार को कोर्ट का फैसला आया, सुशील मोदी ने तुरंत ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि सीबीआई को धमकी देने वाले तेजस्वी यादव को कोर्ट से कड़ी फटकार मिली और उन्हें माफी मांगनी पड़ी। घोटाले से जुड़े मामले में चार्जशीटेड और बेल वाले आदमी को नीतीश कुमार ने डिप्टी सीएम क्यों बना रखा है। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चुनौती देते हुए कहा कि उनमें हिम्मत है तो वे पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह को आरजेडी से बाहर करवाएं। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले सुधाकर सिंह को नीतीश ने मंत्री पद से तो हटा दिया लेकिन उन्हें आरजेडी से बाहर नहीं करवा सकते हैं। पिछले महीने सुशील मोदी ने आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव को फौरन सीएम की कुर्सी पर बैठाने की ट्रिक भी बता दी। उन्होंने लालू से कहा कि वे नीतीश कुमार के भरोसे न बैठे रहें, बल्कि जेडीयू के 5 विधायकों को तोड़कर तुरंत तेजस्वी को सीएम बना लें।



बीजेपी नेता सुशील मोदी के इन बयानों से साफ जाहिर होता है कि वे आरजेडी और जेडीयू के बीच फूट डालने का काम कर रहे हैं। वे अक्सर नीतीश कुमार को रबर स्टांप मुख्यमंत्री बताते हैं और कहते हैं कि महागठबंधन सरकार में नीतीश को मजबूरन लालू यादव की हर बात माननी पड़ रही है। इसलिए आरजेडी के दागी चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया।

# यूपी सरकार छात्रों को फ्री में देती है स्मार्टफोन और टैबलेट

लखनऊ, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। छात्रों को डिजिटल दुनिया से जोड़ने के उद्देश्य से यूपी में फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना की शुरूआत की गई है जिसके। इस योजना के तहत प्रदेश के एक करोड़ युवाओं को फ्री टैबलेट और स्मार्टफोन देने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के अंतर्गत ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, डिप्लोमा और टेक्निक ज्ञान लेने वाले विद्यार्थियों को मुफ्त टेबलेट और स्मार्टफोन प्रदान किए जाएंगे। अगर आप इस योजना के तहत आवेदन करना चाहते हैं तो आपको कुछ दस्तावेजों की जरूरत होगी। मुफ्त टैबलेट स्मार्टफोन योजना की शुरूआत समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान शुरू की गई थी जिसे योगी सरकार ने भी जारी रखा है।

# कोरोना से भी तेजी से बढ़ रहा डेंगू

## कोविड पीक पर था तो 32% थी संक्रमण दर, डेंगू की पॉजिटिविटी रेट 50% से ज्यादा

पटना, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में डेंगू की संक्रमण दर कोरोना से भी तेज है। कोरोना जब पीक पर था तो संक्रमण की दर 33% थी, यानी एक दिन में 100 लोगों की जांच में 33 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आती थी, लेकिन डेंगू की 100 सैंपल की जांच में औसत 50 से अधिक लोगों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आ रही है। पटना में डेंगू का आंकड़ा 3311 पहुंच गया है, संक्रमण की दर 50 से 55% है। डेंगू के खतरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

डेंगू का संक्रमण हर दिन तेजी से बढ़ रहा है। इसका बड़ा कारण है, संक्रमितों की लापरवाही है। संक्रमण के बाद भी लोग घरों में मच्छरदानी का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। इस कारण से घर में परिवार के अन्य सदस्यों को भी डेंगू का खतरा बना हुआ है। डॉक्टर राणा एसपी सिंह का कहना है कि जब भी डेंगू की पुष्टि हो जाए उसके बाद साफ सफाई और मच्छरदानी का पूरा उपयोग करना चाहिए। इससे परिवार के अन्य सदस्यों की सुरक्षा के साथ मरीज की भी सुरक्षा होगी।



पटना में अब तक 3 स्कूली बच्चों की मौत हो चुकी है। पटना के एक निजी अस्पताल में एक एमआर की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है जिससे निजी अस्पतालों में भर्ती या इलाज कराने वाले मरीजों का डेटा मिल सके। इस कारण से मरीजों की संख्या से लेकर मौत का आंकड़ा भी नहीं मिल पा रहा है।

प्राइवेट अस्पतालों में डेंगू के मरीजों की बाढ़ है, इसके बाद भी सरकार के पास इसकी पूरी डिटेल नहीं मिल रही है। अब मामला जब बढ़ रहा है तब स्वास्थ्य विभाग ने प्राइवेट अस्पतालों से जांच रिपोर्ट मांग रही है।

पटना में हर दूसरे घर में कोई न कोई बुखार से पीड़ित है। कोरोना और वायरल के बीच डेंगू की एंट्री ने लोगों की मुश्किल बढ़ा दी है।

# उमा भारती बोलीं- शराब माफिया से मुझे जान का खतरा

## भोपाल में शराब दुकान के अहाते से पर्दा हटवाया, कुर्सी डालकर बैठीं



भोपाल, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में शराब बंदी की मांग कर रहीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अपने ऊपर पर हमले की आशंका जताई है। वे सोमवार देर शाम भोपाल के अयोध्या बाइपास स्थित शराब दुकान पर पहुंचीं और दुकान के सामने लगे पर्दे (नेट) हटवा दिए। इसके बाद वहां कुछ देर तक कुर्सी डालकर बैठी रहीं। स्थानीय लोग खासकर महिलाएं भी जुट गए। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने प्रशासन को घेरा।

**उमा बोलीं- तिलकधारी-जनेऊधारी अहातों को चलने दे रहे**

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के निशाने पर इन दिनों शराब दुकानें और अहाते बने हुए हैं। उमा ने कहा, शराब दुकानों में अहाते की कानूनी तौर पर अनुमति नहीं है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की सहमति से अहाते खोल लिए जाते हैं। इसमें भारी भ्रष्टाचार होता है और हफ्ता वसूली से सबकी जेबें गरम होतीं हैं, इसलिए सब अपना कर्म भूल जाते हैं। तिलकधारी, जनेऊधारी, तलवारधारी अपने आप को भगवान का सेवक मानने वाले लोग अहाते आसानी से चलने देते हैं। मैं 7 नवंबर से अपना अभियान शुरू करने वाली थी, लेकिन अब लगता है कि यहीं पर टिक्कड़ (रोटियां) सिकेंगे। बता दें, उमा भारती ने 7 नवंबर से प्रदेश में शराब बंदी लागू होने तक घर छोड़कर शराब दुकान के सामने टेंट लगाकर रहने का ऐलान किया है।

**इसीलिए पीएम-गृहमंत्री के दौरे के दौरान चुप रही**

उमा भारती ने कहा, दुर्गा जी और हनुमान जी के मंदिर के सामने शराब की दुकान और अहाता है। ये दुकान गैरकानूनी है। मैं 11 से 16 के बीच में यहां आना चाहती थी, लेकिन उज्जैन में प्रधानमंत्री और भोपाल में अमित शाह के कार्यक्रम थे। मैं नहीं चाहती थी कि उनके मध्यप्रदेश दौरे के समय कुछ करूं। मैं भाजपा की कार्यकर्ता हूं, शिवराज जी की छोटी बहन हूं। मैं उन्हें लज्जित होते हुए नहीं देख सकती। लेकिन जो हो रहा है, उसे देख नहीं पा रही हूं। ये दुकान मुझे छह महीने से अखर रही थी, ये दुकानदार कोर्ट से स्टे लेकर आ गए। मुझ पर शराब माफिया का हमला होगा। मुझ पर जाति और धर्म के भेद का आरोप लगाया जाएगा। शराब की दुकानें चलाने वाले लोगों को ताकत सत्ता से प्राप्त हुई है। मेरा इतना ही कहना है कि सत्ता से मिली ताकत सरकार वापस ले ले। मैं पांच महीने का इंतजार कैसे करूं।

**दुकान बंद कराने छह महीने से सरकार से बात कर रही**

उमा भारती ने कहा, अयोध्या बाइपास की जिस दुकान के सामने मैं पहुंची, वहां 40 साल पुराने हनुमान जी और दुर्गा जी के मंदिर बने हैं। मैं छह महीने से सरकार से इस दुकान को बंद कराने की बात कर रही हूं। सितंबर में दुकान बंद हुई और तीन दिन में ही वह कोर्ट का स्टे लेकर आ गया। इससे मुझे बहुत तकलीफ थी। मैं 7 नवंबर का इंतजार नहीं कर सकती थी। मैं यहां आई तो पता चला कि पूरे मप्र में किसी अहाते कीअनुमति नहीं हैं। ऐसे स्थान पर जहां सामने मंदिर बने हैं, वहीं शराब पिलाई जा रही है। कम से कम इन्हें तो बंद कर दिया जाए।

## ओडिशा में कर्ज ना चुकाने पर युवक को मिली दर्दनाक सजा

# दबंगों ने बाइक में बांधकर घसीटा

भुवनेश्वर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां के कटक शहर में 1500 रुपये लौटाने में असमर्थ एक युवक को दोपहिया वाहन से बांधकर करीब दो किलोमीटर तक घसीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि घटना की शिकायत सोमवार को की गई, जिसके बाद मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कटक शहर के पुलिस उपायुक्त पिनाक मिश्रा ने कहा, ''आरोपियों के खिलाफ गलत तरीके से बंधक बनाने, अपहरण करने और हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है।''

**1500 रुपये नहीं चुका पाने की मिली ऐसी सजा!**

पीड़ित जगन्नाथ बेहरा के हाथ 12 फुट लंबी रस्सी से बांधे दिए गए और उसका दूसरा सिरा दोपहिया वाहन से बांध दिया गया। उसे रविवार को 'स्टुअर्ट पटना स्क्वायर' से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित सुताहत स्क्वायर तक करीब 20 मिनट तक दौड़ाया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया था। पुलिस ने बताया कि सुताहत स्क्वायर पर कुछ स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद युवक को छुड़वाया गया। युवक ने अपने दादा के अंतिम संस्कार के लिए पिछले महीने आरोपी से 1500 रुपये उधार लिए थे। लेकिन किए वादे के तहत वह उसे 30 दिन के भीतर लौटा नहीं पाया।

**पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार**

इसके बाद उसे कथित तौर पर 'सजा' देने के लिए आरोपियों ने यह हरकत की। उन्होंने बताया कि बेहरा के पुलिस से घटना की शिकायत करने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल दोपहिया वाहन भी जब्त कर लिया है। पुलिस दो किलोमीटर के दायरे में तैनात सभी यातायात कांस्टेबल से भी पूछताछ कर रही है कि आखिर उन्होंने मामले में हस्तक्षेप क्यों नहीं किया।

# दबंगों की दादागिरी! समझौते के नाम पर दलित भाइयों का किया मुंडन

भिंड, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के दबोहा गांव में दबंगो का तालिबानी रूप देखने को मिला है जहां दलित परिवार के दो भाइयों का मुंडन कर जूतों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाने की घटना सामने आयी है, पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुराने विवाद में राजीनामा के नाम पर बुलाकर इस कृत्य को अंजाम दिया गया। वहीं जानकारी लगने पर पुलिस गांव पहुची और पीड़ितों को थाने लाकर उनकी शिकायत पर आईपीसी और एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर पर स्थित दबोहा गांव में डेढ़ महीने पहले बुद्धराम शर्मा की गांव के ही रामवीर शाक्य, धर्मेंद्र और संतोष समेत एक अन्य ने डंडों से पिटाई कर दी थी। जिसके बाद इस मामले में रामवीर समेत चारों आरोपी के परिवार द्वारा समझौते की पहल के लिए गांव में पंचायत बुलाई गयी। ग्रामीणों के मुताबिक इस पंचायत में निर्णय लिया गया कि दलित परिवार डेढ़ लाख रुपय बुद्धराम शर्मा को देंगे और उसके बाद गांव छोड़ देंगे। जिसपर दलित परिवार सहमत हो गया था। इसी बीच सुलह करने की बात कह संतोष और दिलीप शाक्य को पंचायत में बुलाया गया। आरोप है कि यहां सबके बीच दबंग बुद्धराम और उसके साथ मौजूद लोगों ने दोनों युवकों का मुंडन कराया,

# तमिलनाडु में हिंदी के खिलाफ माहौल बनाने की तैयारी में स्टालिन

## विधानसभा में पेश करेंगे प्रस्ताव

चेन्नई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन आज विधानसभा में केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ एक प्रस्ताव पारित कर सकते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि प्रस्ताव में केंद्र सरकार से सभी भाषाओं के साथ समान व्यवहार करने का अनुरोध किया जाएगा। आपको बता दें कि केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी को शिक्षा का माध्यम बनाने की संसदीय समिति की सिफारिश के बाद स्टालिन के द्वारा यह कदम उठाया गया है। इससे पहले 13 अक्टूबर को सत्तारूढ़ डीएमके की युवा और छात्र शाखा ने केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगाते हुए तमिलनाडु में राज्यव्यापी विरोध की घोषणा की थी। इसके अलावा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हिंदी भाषा को कथित रूप से थोपने के खिलाफ केंद्र की निंदा की थी। स्टालिन ने अपने बयान में हिंदी थोपने के खिलाफ इतिहास में किए गए बलिदानों का जिक्र किया। 10 अक्टूबर को स्टालिन ने ट्वीट किया, केंद्रीय भाजपा सरकार द्वारा



हिंदी थोपने के लिए जोर दिया जा रहा है। यह भारत की विविधता को भंग करने की एक खतरनाक कोशिश है। संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट के 11वें खंड में किए गए प्रस्ताव भारत की आत्मा पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा, यदि लागू किया जाता है तो विशाल गैर-हिंदी भाषी आबादी को अपनी ही भूमि में द्वितीय श्रेणी का नागरिक बना दिया जाएगा। हिंदी को थोपना भारत की अखंडता के खिलाफ है। भाजपा सरकार को अतीत में हुए हिंदी विरोधी आंदोलनों से सबक सीखने की जरूरत है।"

अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के नेता ओ पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) ने सोमवार को शुरू हुए विधानसभा सत्र में शामिल नहीं होने के लिए प्रतिद्वंद्वी गुट के नेता एडप्पादी पललनिस्वई (ईपीएस) पर जमकर निशाना साधा। पूर्व मुख्यमंत्री ओपीएस को अन्नाद्रमुक के डिप्टी फ्लोर नेता के लिए कुर्सी पर बैठे सदन की कार्यवाही में भाग लेते देखा गया। ईपीएस विधानसभा सत्र में अनुपस्थित रहे। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने विधानसभा सत्र का बहिष्कार किया क्योंकि प्रतिद्वंद्वी गुट के नेता ओपीएस को विधानसभा उप-नेता अध्यक्ष के रूप में बैठाया गया था। सत्र के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए ओपीएस ने कहा, हम आज विधानसभा सत्र में अन्नाद्रमुक विधायक के रूप में भाग ले रहे हैं। आपको ईपीएस गुट से पूछना चाहिए कि वे विधानसभा सत्र में शामिल क्यों नहीं हुए।

# नितिन गडकरी के चैलेंज पर

## भाजपा सांसद ने घटाया 32 किलो वजन, हर केजी पर था 1000 करोड़ का वादा; मिले 2300 करोड़

उज्जैन, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उज्जैन से बीजेपी सांसद अनिल फिरोजिया ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए 32 किलो वजन कम कर लिया है। उन्हें केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रति किलो वजन घटाने पर क्षेत्र के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपए देने का वादा किया था। बीजेपी सांसद फिरोजिया ने कहा, 'मैंने चुनौती को स्वीकार किया और लगभग 32 किलो वजन कम कर लिया है।'



जून में केंद्रीय मंत्री, गडकरी ने मंच पर सांसद से वादा किया था कि वह उन्हें प्रत्येक किलो वजन घटाने पर विकास कार्यों के लिए 1000 करोड़ रुपए देंगे। फिरोजिया ने कहा था, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'फिट इंडिया' आंदोलन की शुरुआत की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंच पर मुझसे कहा था कि मुझे उज्जैन के विकास कार्यों के लिए, प्रति किलो वजन घटाने पर 1,000 करोड़ मिलेंगे। मैंने इसे चुनौति के तौर पर लिया और अबतक 15 किलो वजन कम कर लिया है। मैं वजन को अभी और कम करूंगा और उनसे वादे के अनुसार धन जारी करने का अनुरोध करूंगा।' बीजेपी सांसद ने कहा कि उन्होंने वजन घटाने के लिए सख्त डाइट चार्ट का पालन किया है। अपनी फिटनेस के बारे में बताते हुए फिरोजिया ने कहा, 'मैं सुबह 5,30 बजे उठता हूं और फिर मॉर्निंग वॉक पर जाता हूं। मेरी सुबह की कसरत में दौड़ना, व्यायाम और योग शामिल हैं। मैं आयुर्वेदिक डाइट चार्ट फॉलो करता हूं। मैं हल्का नाश्ता करता हूं। दोपहर और रात के खाने में मैं सलाद, एक कटोरी हरी सब्जियां और मिश्रित अनाज से बनी एक रोटी खाता हूं।

कभी-कभी बीच-बीच में मैं गाजर का सूप या ड्राई फ्रूट्स भी लेता हूं।'सोमवार को एएनआई से बात करते हुए, अनिल फिरोजिया ने कहा कि उन्होंने चुनौती स्वीकार करते हुए लगभग 32 किलो वजन कम कर लिया है। उन्होंने कहा, 'मैंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उन्हें वजन कम करने के बारे में बताया। वे इसके बारे में जानकर बहुत खुश हुए। जैसा कि वादा किया गया था, उन्होंने क्षेत्र के लिए 2,300 करोड़ की विकास योजनाओं को मंजूरी दी है।'

# 'मां को जेल भेजो 'कहने वाले बच्चे से गृहमंत्री की बात

**नरोत्तम मिश्रा ने पूछा- चॉकलेट भिजवाऊं? बोला- साइकिल चाहिए**

भोपाल, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। चॉकलेट नहीं दिलाने पर मां की शिकायत लेकर थाने पहुंचे 3 साल के बच्चे से गृहमंत्री डॉ। नरोत्तम मिश्रा ने बात की। वीडियो कॉल पर गृहमंत्री ने उससे पूछा- चॉकलेट भिजवाऊं, तो वो बोला- साइकिल चाहिए। गृहमंत्री अब उसे दिवाली पर चॉकलेट और साइकिल गिफ्ट करेंगे। इस बच्चे का नाम हमजा है। हमजा की फैमिली बुरहानपुर के देड़तलाई गांव में रहती है। मासूम अपने पिता के साथ पुलिस चौकी पहुंचा और कहा कि अम्मी को जेल में डाल दो, वो मुझे मारती हैं। बच्चे की बात सुन चौकी प्रभारी को भी हंसी आ गई थी। बच्चे के पिता ने बताया कि रविवार दोपहर इसकी अम्मी इसे नहलाने के बाद काजल लगा रही थीं। बेटा ना-नुकर कर रहा था, तो उसकी अम्मी ने प्यार से एक चांटा मार दिया। इसके बाद उसने रोना शुरू कर दिया। किसी तरह मैंने उसे शांत कराया। उसने हमसे कहा कि पापा पुलिस के पास चलो, अम्मी को जेल में भेजना है। ये सुनते ही हम दोनों की हंसी छूट गई, लेकिन ये नहीं माना तो मैं उसे लेकर चौकी आ गया। बता दें, बच्चे के पिता कियोस्क सेंटर चलाते हैं। उनके 2 बच्चे हैं। बड़े बेटे ने ही अम्मी के खिलाफ शिकायत की है। चौकी प्रभारी ने जब बच्चे की शिकायत लिखने के बाद उसे साइन करने को कहा तो उसने आड़ी-तिरछी लाइनें बना दीं। इस दौरान भी बच्चे की मासूमियत देखकर चौकी प्रभारी की हंसी नहीं रुक रही थी। बच्चे के पिता ने आगे बताया- चौकी के गेट पर ही चौकी प्रभारी प्रियंका नायक मिल गईं। उन्हें देखते ही बेटे ने तुरंत जाकर उनका हाथ पकड़ लिया और कहने लगा कि अम्मी को जेल में डाल दो, उन्होंने मुझे मारा है। ये सुनते ही चौकी प्रभारी हंसने लगीं। उन्होंने बच्चे से पूछा, क्या हुआ है, बताओ। बच्चे ने कहा कि अम्मी ने मुझे चांटा मारा है, वह मुझे मारती हैं।

# थाने के सामने सैक्स रैकेट का भंडाफोड़, नर्सिंग की छात्रा समेत 9 पकड़ाए

**होटल संचालक बाप-बेटे से पूछताछ**

ग्वालियर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्वालियर शहर के पड़ाव थाने से कुछ ही कदमों की दूरी पर एक होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने होटल से एक पिता-पुत्र और उसके मैनेजर को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में लिया है। यहां छह लड़कियां भी पुलिस को मिलीं हैं। बताया जा रहा है यह सभी लड़कियां राज्य से बाहर की रहने वाली हैं और इस होटल में देह व्यापार करती हैं। पुलिस को खबर मिली थी कि पड़ाव थाने के नजदीक होटल मयूर में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। यहां लड़कियों



को बाहर से लाकर ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाता है। इसी सूचना पर पुलिस ने होटल पर सोमवार शाम को छापामार कार्रवाई की। जहां पुलिस को इन लड़कियों के अलावा तीन अन्य लोग भी मिले। पुलिस अब इन लड़कियों के परिजनों और उनके निवास स्थान का पता कर रही है। खास बात यह है कि होटल के रजिस्टर में कई एंट्रियां लिखे जाने के बाद काटी भी गई हैं। जिससे इस मामले की संदिग्धता बढ़ गई है। फिलहाल सभी लोगों को हिरासत में पडाव थाने ले जाया गया है। जहां उनसे पूछताछ चल रही है। पुलिस ने बताया है कि जब होटल से मिली लड़कियों को थाना लाकर पूछताछ की तो उन्होंने पहले तो कुछ भी बोलने से मना कर दिया, लेकिन जब उनको बताया गया कि वह नहीं बोलेंगी तो सेक्स रैकेट में मामला दर्ज कर दिया जाएगा। इसके बाद कुछ लड़कियों ने बताया कि वह दिल्ली से आई हैं। किसी ने खुद को नर्सिंग छात्रा बताया तो किसी ने घूमने के लिए ग्वालियर आने की बात कही है। अभी पुलिस इनके घर और एड्रेस व परिजन के बारे में जानकारी जुटा रही है। वही सीएसपी विजय भदौरिया ने बताया कि सेक्स रैकेट संचालित होने की सूचना पर मयूर होटल में छापामार कार्रवाई की गई है। होटल के कमरों में आपत्तिजनक चीजें मिली हैं। वहां से 6 लड़कियां भी मिली हैं। साथ ही होटल संचालक पिता-पुत्र सहित मैनेजर को होटल लाकर पूछताछ की जा रही है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य- | तुला में | तुला - 06-08 बजे |
| चंद्र- | कर्क में | वृश्चिक 08-18 बजे |
| मंगल | मिथुन में | धनु--- 10-31 बजे |
| बुध- | कन्या में | मकर- 12-37 बजे |
| गुरु- | मीन में | कुंभ - 14-28 बजे |
| शुक्र- | कन्या में | मीन... 16-06 बजे |
| शनि- | मकर में | मेष-- 17-42 बजे |
| राहु- | मेष में | वृष-- 19-26 बजे |
| केतु- | तुला में | मिथुन..21-27 बजे |
| | | कर्क... 23-39 बजे |
| | | सिंह... 01-52 बजे |
| | | कन्या..04-02 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- उत्तर • उत्तर •धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी **- 14-13** तक उपरान्त,दशमी
मास - कार्तिक कृष्ण पक्ष ,बुधवार, **19 Oct**
नक्षत्र - पुष्य **- 08 -01** - तक उपरान्त आश्लेषा
योग - साध्य **-17 - 31** - तक उप- शुभ
करण- गर - **14 - 13** - तक,उप- वणिज
विशेष:-
व्रत -त्योहार - गण्ड मूल **-08-01** से

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल**
**12:01** से
**13:28** तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 06:13 - 07:39 | शुभ | उत्पात | 17:51 - 19:23 | अशुभ |
| अमृत | 07:39 - 09:06 | शुभ | शुभ | 19:23 - 20:56 | शुभ |
| काल | 09:06 - 10:34 | अशुभ | अमृत | 20:56 - 22:28 | शुभ |
| शुभ. | 10:34 - 12:01 | शुभ | चंचल | 22:28 - 00:01 | शुभ |
| रोग | 12:01 - 13:28 | अशुभ | रोग | 00:01 - 01:34 | अशुभ |
| उत्पात | 13:28 - 14:56 | अशुभ | काल | 01:34 - 03:06 | अशुभ |
| चंचल | 14:56 - 16:23 | शुभ | लाभ. | 03:06 - 04:39 | शुभ |
| लाभ | 16:23 - 17:49 | शुभ | उत्पात | 04:39 - 06:13 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — हाल ही में सह कर्मी आपसे ईर्ष्या के कारण असहयोगी रहे है! लेकिन उनके सामने जोर से न चिल्लाये क्योकि ये अलग रूप में तोड़ मरोड़ कर आपके वरिष्ठ अधिकारियो तक बहुत चालाकी से पहुचाया जाएगा । बस कुछ समय के लिए ऐसे लोगों के साथ दूरी बनाए रखें। आपको आज कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त हो सकता है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — दिन निवेश के लिए उपयुक्त है बशर्ते के आपने उस के लिए पहले से ही कुछ नीतिया बनाई हुई हो ।किसी के आग्रह पर निवेश करना से आपको सही फल नहीं मिलेगा किन्तु अगर आप गहराई से अनुसंधान करे तो आप सही निष्कर्ष पर पहुंच सकते है ।आपके निवेश आपको लम्बी दुरी के लक्ष्यों को पूरा करने में मददगार साबित होगे।

**मिथुन** (का की कु घ ङ छ के को हा) — एक परिवर्तन आपके कार्य क्षेत्र में आने का संकेत दे रहा है। आप अपनी नौकरी बदल सकते हैं या अपने कार्यालय में एक से दूसरे विभाग में आपका स्थानांतरण हो सकता है ।यह ऐसी स्थिति होगी जिसको आप पसंद करेंगे और इन संभावनाओ का आप लंबे समय से इंतजार भी कर रहे थे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आप अपने परिवार के हित और अपने व्यावसायिक हित के बीच अपने आप को फंसा हुआ पाएंगे ।अपने परिवार के कल्याण को चुने और थोड़ी देर के लिए अन्य बातों को बस्ते में डाल दे ।आपका वित्तीय भाग्य बहुत मजबूत है। आप आज बोली भी लगा सकते हैं और उसमे जीतने की संभावना काफी प्रबल है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आज के दिन अप्रत्याशित धन की प्राप्ति के योग है ।आज का दिन लॉटरी और सट्टा बाजार के लिए भी लाभप्रद है परन्तु ये धन लाभ कई तरह की जिम्मेदारियां भी साथ लायेगा जिसे आपको नजरअंदाज नहीं करना है ।आपको इस पैसे के संबंध में आज एक महत्वपूर्ण काम का निर्वहन करना पड़ सकता है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — अगर आप अपनी क्षमता से कार्य करने की कोशिश करेंगे, तो आपके प्रयासों को उदारता से पुरस्कृत किया जाएगा तो अपने काम और जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करे ।आपकी ओर से की गयी कोई लापरवाही आप के लिए भारी पड़ सकती हैं,हालांकि दिन मौद्रिक लाभ के लिए शुभ है ।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — एक मालिक के रूप में, अपने अधीनस्तों के लिए आपमें एक दिल है । उन्हें ज्यादा उत्साह के साथ प्रदर्शन करने के लिए आपकी प्रशंसा की जरूरत है। उनसे बात करें और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए आप किसी पार्टी का आयोजन भी कर सकते है । वे इसके लिए आप का आदर करेंगे।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — किसी भी परीक्षा में उतरने लिए एक अच्छा दिन है।सफलता आपके साथ है।पेशेवरों के लिए,आपके कार्य स्थल पर एक सकारात्मक दिन होगा।लंबित मुद्दों का हल मिलेगा ।अगर आपको लगता है की वेतन वृद्धि के लिए आज का दिन उपयुक्त है तो अपने उच्च अधिकारियो से बात करने का दिन आज अच्छा है ।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज आपके मालिक केवल वे सुनेंगे जो वे सुनना चाहते हैं और यह स्थिति स्वतंत्र रूप से अपने आप को व्यक्त करने से आपको रोकती है।आपके सहयोगियों ने ऐसी स्थितियों में बहुत अच्छी तरह से आप का समर्थन किया है और ये समय उन लोगों से प्राप्त हुई मदद की सराहना करने का समय है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आज आप पूरा दिन थोड़े से भावुक रहेंगे ।आप जो भी करेंगे पूरे मन से करेंगे और इसीलिए आपको सफलता जरुर मिलेगी।आप पिछले कुछ समय से किसी महत्वपूर्ण मुद्दे को टाल रहें हैं लेकिन आज इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर रखकर सुलझाने के लिए बहुत अच्छा दिन है ।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — काम का दबाव आप पर बढ़ेगा और आप उन चीजो से दूर हो सकते है जिन को करने में आपको आनंद आता था। आपको आराम करने के लिए ज्यादा समय नहीं मिल पायेगा इसलिए आपको जीवन की छोटी बातों से आनंद लेना होगा ।ये बहुत ही संतोषजनक और आपके सामान्य प्रयास की तुलना में कम खर्चीला साबित होगा।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — दिन की शुरुआत में ही अपने सभी कार्य खत्म करने की कोशिश करे आपको दिन के उत्तरार्द्ध में काम करने का मौका नहीं मिलेगा ।किसी भी क्रय या विक्रय में सावधानी बरते अन्यथा आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते है । आपको अपनी इच्छा शक्ति पर एक मजबूत नियंत्रण करना होगा।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# पश्चिम बंगाल फॉरवर्ड ब्लॉक के इमरान रम्ज़ 'विक्टर' ने थामा कांग्रेस का हाथ



कोलकाता, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल फॉरवर्ड ब्लॉक के पूर्व विधायक अली इमरान रम्ज़ विक्टर कांग्रेस में पार्टी में शामिल हो गए। उत्तर बंगाल के चाकुलिया विधानसभा से फॉरवर्ड ब्लॉक के पूर्व विधायक विक्टर को सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी ने कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। विक्टर सोमवार दोपहर करीब 2 बजे विधान भवन पहुंचे। उनके साथ उनके चाचा, पूर्व मंत्री और फॉरवर्ड ब्लॉक नेता हाफिज आलम सैरानी भी थे। फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी के सूत्रों ने दावा किया कि सैरानी के भी भविष्य में कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। फारवर्ड ब्लॉक पश्चिम बंगाल के वाम मोर्चे का भागीदार है। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने वफादारी क्यों बदली, विक्टर ने कहा, "मैं बाएं से दाएं नहीं गया। बाएं और दाएं समान हैं। हमारा परिवार हमेशा वामपंथी राजनीति के साथ जुड़ा रहा है। वे कांग्रेस से भले लड़े, लेकिन आज की स्थिति बदल चुकी है। कांग्रेस पार्टी का चरित्र भी बदल गया है।

**5 दशकों से फॉरवर्ड ब्लॉक से जुड़ा था परिवार**

इमरान रम्ज़ 'विक्टर' के पिता मो। रमजान अली फॉरवर्ड ब्लॉक के टिकट पर 1971 से 1991 तक लगातार चार बार गोआलपोखर विधानसभा से विधायक बने रहे। मो। रमजान अली की मौत के बाद उनके भाई हफीज आलम सैरानी 1996 और 2001 में विधायक बने। सैरानी कांग्रेस की दीपा दासमुंशी से साल 2006 में हार गए। इमरान रम्ज़ 'विक्टर' ने साल 2009 में हुए उपचुनाव में जीत हासिल करके दोबारा अपनी पारिवारिक सीट कांग्रेस से छीन ली। 2011 में गोआलपोखर विधानसभा को बांट कर चाकुलिया विधानसभा बनाया गया और विक्टर यहां से भी 2011 और 2016 का चुनाव जीतने में सफल हुए। हालांकि 2021 के विधानसभा चुनाव में वह ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के सामने टिक नहीं पाए और तीसरे स्थान पर चले गए।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 19 अक्टूबर, 2022

# भ्रष्टाचार के समर्थन में प्रदर्शन

देखा जाए तो बीते कुछ सालों में भ्रष्टाचार के मायने ही बदल गए हैं। बात यहां तक बिगड गई है कि जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हों वह और भी बडा नायक बन कर उभरने लगा है। यहां तक कि चुनाव जीतने का हथियार बनता जा रहा है इस तरह से जेल जाने से पहले का प्रदर्शन। इसकी शुरूआत नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ से हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उसे केंद्र के इशारे पर कार्रवाई करार देते हुए दिल्ली की सड़कों पर जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के चलते कई दिनों तक दिल्ली पुलिस और दिल्ली वालों को राह नहीं सूझ रहा था कि वे आखिर किस रास्ते से आवागमन करें। इसके बाद शिवसेना सांसद संजय राउत भी जब पूछताछ के लिए जाने लगे तो उनके समर्थकों ने भी खूब प्रदर्शन किया। और अब उसी रास्ते पर आम आदमी पार्टी भी चल पडी है। नई आबकारी नीति बनाने और दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितता के आरोप में जब सीबीआइ ने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए तलब किया तो उन्हें महात्मा गांधी याद आए। इसलिए सुबह ही राजघाट पहुंच गए बापू की समाधि के दर्शन करने। वहां से वे और आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता इकट्ठा हो कर सड़कों पर उतर आए। बता दें कि उपराज्यपाल ने आबकारी नीति मामले में जांच के आदेश दिए, तभी से आम आदमी पार्टी के नेता इसे भाजपा की बदले की कार्रवाई बताते फिर रहे हैं। वे दावा करते रहे हैं कि सीबीआइ के छापों में सिसोदिया के घर और उनके गांव में कुछ भी नहीं मिला। अब किन्हीं अपरिचित लोगों के यहां छापे मार कर सीबीआई उन्हें मनीष सिसोदिया का करीबी बता बेवजह परेशान रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तो दो महीने पहले से ही जब मौका मिलता है तभी घोषणा हैं कि मनीष सिसोदिया को केंद्र सरकार गिरफ्तार कर ही लेगी। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन आज के भगत सिंह हैं। वे शहादत को तैयार हैं। जब सीबीआइ ने मनीष सिसोदिया को पूछताछ का नोटिस भेजा तो उन्होंने ट्वीट करके कहा कि उन्हें सीबीआइ ने बुलाया है और वे उसके सवालों का जवाब देने जाएंगे। फिर सोमवार को वे बाकायदा 'रोड-शो' करते हुए राजघाट गए और गांधी समाधि पर शीश नवाने के बाद सीबीआइ कार्यालय गए। उनके साथ कार्यकर्ताओं-समर्थकों का हुजूम भी गया। उन पर लगातार मीडिया की नजर बनी रही। समय बीतने के साथ दिन भर उनसे पूछताछ को लेकर खबरें चलती रहीं। लेकिन नौ घंटे की पूछताछ के बात रात लगभग साढ़े आठ बजे सिसौदिया अपने घर पहुंचे तो आरोप मढ़ दिया कि सीबाआई धमकी दे रही है कि वे आप पार्टी छोड दें, नहीं तो सत्येंद्र जैन जैसे जेल में सडा दिए जाओगे। कितना अजीब है कि कोई जनप्रतिनिधि अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप को इस तरह महिमामंडित करे। अगर वे सचमुच पाक-साफ हैं और सीबीआइ को उनके घर से कुछ नहीं मिला है, तो फिर डर किस बात का। उन्हें जनता के सामने खुद को साफ-सुथरा, ईमानदार साबित करने के बजाय सीबीआई का सामना करना चाहिए। हालांकि सीबीआई की अति सक्रियता को देखते हुए विपक्षी दलों के इस आरोप को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग अपने विरोधियों को सबक सिखाने के लिए किया जा रहा है। यह कोई नई बात नहीं है, पहले की सरकारों पर भी यही आरोप लगते थे। यूपीए सरकार के समय तो सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआइ को पिंजरे का तोता तक कह दिया था। लेकिन तब भी इस तरह किसी को सड़क पर समांतर अदालत लगाने का अधिकार नहीं मिल था। जाहिर है सीबीआई को अपनी जांच में सिसोदिया से पूछताछ का आधार हाथ लगा होगा, तभी उसने नोटिस भेजा। हो सकता है, सीबीआई का वह आधार गलत हो, लेकिन उसे साबित करने के लिए उसके सवालों का सामना तो करना ही पड़ेगा। हो सकता है कि आगे भी सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया जाए। आम आदमी पार्टी खुद दो राज्यों में सत्ता में है, उस पर भी विपक्षी दल इसी तरह के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाते हैं।

# उत्सर्जन वृद्धि में अंकुश पर भारत का सराहनीय प्रयास



प्रहलाद सबनानी

कई अनुसंधान प्रतिवेदनों के माध्यम से अब यह सिद्ध किया जा चुका है कि वर्तमान में अनियमित हो रहे मानसून के पीछे जलवायु परिवर्तन का योगदान हो सकता है। कुछ ही घंटों में पूरे महीने की सीमा से भी अधिक बारिश का होना, शहरों में बाढ़ की स्थिति निर्मित होना, शहरों में भूकम्प के झटके एवं साथ में सुनामी का आना, आदि प्राकृतिक आपदाओं जैसी घटनाओं के बार-बार घटित होने के पीछे भी जलवायु परिवर्तन एक मुख्य कारण हो सकता है। एक अनुसंधान प्रतिवेदन के अनुसार, यदि वातावरण में 4 डिग्री सेल्सियस से तापमान बढ़ जाय तो भारत के तटीय किनारों के आसपास रह रहे लगभग 5.5 करोड़ लोगों के घर समुद्र में समा जाएंगे। साथ ही, चीन के शांघाई, शांटोयु, भारत के कोलकाता, मुंबई, वियतनाम के हनोई एवं बांग्लादेश के खुलना शहरों की इतनी जमीन समुद्र में समा जाएगी कि इन शहरों की आधी आबादी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। वेनिस एवं पीसा की मीनार सहित यूनेस्को विश्व विरासत के दर्जनों स्थलों पर समुद्र के बढ़ते स्तर का विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। पूरे विश्व में उत्सर्जन वृद्धि के चलते जलवायु में भारी परिवर्तन महसूस किया जा रहा है। विकसित देशों ने आर्थिक प्रगति को गति देने के उद्देश्य से प्राकृतिक संसाधनों का अतिदोहन किया है, जिससे उत्सर्जन वृद्धि अत्यधिक मात्रा में हो रही है। उत्सर्जन वृद्धि को नियंत्रित करने के उद्देश्य से वैश्विक स्तर पर कई उपाय किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु, विकसित देश जिन्हें इस ओर सबसे अधिक ध्यान देना चाहिए वे कम रुचि ले रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत इस क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। दरअसल, वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के सम्बंध में हुए एक समझौते (पेरिस समझौता) के अन्तर्गत, संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी सदस्य देश, इस बात पर राजी हुए थे कि इस सदी के दौरान वातावरण में तापमान में वृद्धि की दर को केवल 2 डिग्री सेल्सियस तक अथवा यदि सम्भव हो तो इससे भी कम अर्थात 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोक रखने के प्रयास करेंगे। उक्त समझौते पर, समस्त सदस्य देशों ने, वर्ष 2015 में हस्ताक्षर किए थे। परंतु, कई सदस्य देश,इस समझौते को लागू करने की ओर कुछ कार्य करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मलेन (यूएनएफसीसीसी) को सूचना दिए जाने के लिए भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान या अपडेटेड नेशनली डिटर्मिण्ड कंट्रीब्यूशन्स (एनडीसी) को मंजूरी दी है। अपडेटेड एनडीसी, पेरिस समझौते के तहत आपसी सहमति के अनुरूप जलवायु परिवर्तन के खतरे का मुकाबले करने के लिए वैश्विक कार्रवाई को मजबूत करने की दिशा में भारत के योगदान में वृद्धि करने का प्रयास करता है। इस तरह के प्रयास, भारत की उत्सर्जन वृद्धि को कम करने के रास्ते पर आगे बढ़ने में भी मदद करेंगे। यह देश के हितों को संरक्षित करेगा और यूएनएफसीसीसी के सिद्धांतों व प्रावधानों के आधार पर भविष्य की विकास आवश्यकताओं की रक्षा करेगा। भारत ने उत्सर्जन वृद्धि को कम करने के उद्देश्य से बहुत पहले (2 अक्टूबर 2015 को) ही अपने लिए कई लक्ष्य तय कर लिए थे। इनमें शामिल हैं, वर्ष 2030 तक वर्ष 2005 के स्तर से अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 30 से 35 प्रतिशत तक कम करना (भारत ने अपने लिए इस लक्ष्य को अब 45 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है), गैर-जीवाश्म आधारित ऊर्जा के उत्पादन के स्तर को 40 प्रतिशत तक पहुंचाना (भारत ने अपने लिए इस लक्ष्य को अब 50 प्रतिशत तक बढ़ा लिया है) और वातावरण में कार्बन उत्पादन को कम करना, इसके लिए अतिरिक्त वन और वृक्षों के आवरण का निर्माण करना, आदि। इन संदर्भों में अन्य कई देशों द्वारा अभी तक किए गए काम को देखने के बाद यह पाया गया है किजी-20 देशों में केवल भारत ही एक ऐसा देश है जो पेरिस समझौते के अंतर्गत तय किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करता दिख रहा है। जी-20 वो देश हैं जो पूरे विश्व में वातावरण में 70 से 80 प्रतिशत तक उत्सर्जन फैलाते हैं। जबकि भारत आज इस क्षेत्र में काफी आगे निकल आया है एवं इस संदर्भ में पूरे विश्व का नेतृत्व करने की स्थिति में आ गया है। भारत ने अपने लिए वर्ष 2030 तक 550 जीडब्ल्यू सौर ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत ने अपने लिए वर्ष 2030 तक 2.6 करोड़ हेक्टेयर बंजर जमीन को दोबारा खेती लायक उपजाऊ बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। साथ ही, भारत ने इस दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर संधि करते हुए 88 देशों का एक समूह बनाया है ताकि इन देशों के बीच तकनीक का आदान प्रदान आसानी से किया जा सके। आज इस बात को समझना भी बहुत जरूरी है कि सबसे अधिक उत्सर्जन किस क्षेत्र से हो से रहा है। भारत जैसे देश में जीवाश्म ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक है, जीवाश्म ऊर्जा, कोयले, डीजल, पेट्रोल आदि पदार्थों का उपयोग कर उत्पादित की जाती है। अतः वातावरण में उत्सर्जन भी जीवाश्म ऊर्जा के उत्पादन से होता है एवं इसका कुल उत्सर्जन में 35 से 40 प्रतिशत तक हिस्सा रहता है, इसके बाद लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा परिवहन साधनों के उपयोग के कारण होता है क्योंकि इनमें डीजल एवं पेट्रोल का इस्तेमाल किया जाता है।

इन दोनों क्षेत्रों में भारत में बहुत सुधार देखने में आ रहा है। इस समय देश में सौर ऊर्जा की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा रही है। देश अब क्लीन यातायात की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजली से चालित वाहनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है एवं मेट्रोपॉलिटन शहरों में मेट्रो रेल का जाल बिछाया जा रहा है। एलईडी बल्बों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में लगभग प्रत्येक परिवार में ईंधन के रूप में गैस के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। इन सभी प्रयासों के चलते देश के वातावरण में उत्सर्जन के फैलाव में सुधार हो रहा है। यह सब अतुलनीय प्रयास कहे जाने चाहिए एवं भारत ने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि उत्सर्जन के स्तर को कम करने के लिए किस प्रकार आगे बढ़ा जा सकता है। भारत सरकार द्वारा देश में स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रकार के नवोन्मेश निर्णय भी लिए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को लागू करने सेइस क्षेत्र में विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

इसके साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा में वृद्धि के साथ ही स्वच्छ ऊर्जा उद्योग (ऑटोमोटिव आदि)में कम उत्सर्जन वाले उत्पादों जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों और कुशल उपकरणों का निर्माण व हरित हाइड्रोजन जैसी नवीन तकनीकों एवं ग्रीन जॉब्स में भी समग्र वृद्धि होगी। केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों ने इस सम्बंध में कई योजनाएं व कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। जिसके अंतर्गत जल, कृषि, वन, ऊर्जा और उद्यम, निरंतर गतिशीलता और आवास, कचरा प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था और संसाधन दक्षता आदि सहित कई क्षेत्रों में सुधार करने की दृष्टि से इन योजनाओं व कार्यक्रमों के तहत उचित उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त उपायों के परिणामस्वरूप, भारत क्रमशः ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से आर्थिक विकास को अलग कर रहा है। अकेले भारतीय रेलवे द्वारा अपने लिए तय किए गए वर्ष 2030 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य से उत्सर्जन में सालाना 60 मिलियन टन की कमी आएगी। इसी तरह, भारत का विशाल एलईडी बल्ब अभियान सालाना 40 मिलियन टन उत्सर्जन को कम कर रहा है। इस प्रकार भारत विश्व के विकसित देशों सहित, समस्त देशों को उत्सर्जन वृद्धि पर अंकुश लगने के संदर्भ में राह दिखा रहा है।

# दिल की बजाय दिमाग को शिक्षित करना समाज के लिए खतरा



प्रियंका सौरभ

शिक्षा एक व्यक्ति के समग्र विकास और समग्र रूप से समाज की अधिक उन्नति सुनिश्चित करने के लिए ज्ञान, कौशल, ज्ञान प्रदान करने की एक प्रक्रिया है। व्यक्तियों के दिमाग को शिक्षित करके, वे वैज्ञानिक स्वभाव, तर्कसंगतता और तेज बुद्धि की भावना विकसित करते हैं जो उन्हें किसी भी कार्य को दक्षता के साथ करने में सक्षम बनाता है। ₹किसी व्यक्ति को नैतिकता में नहीं बल्कि दिमाग में शिक्षित करना समाज के लिए एक खतरे को शिक्षित करना है₹ महात्मा गांधी द्वारा उपरोक्त उद्धरण के पीछे के विचार को उपयुक्त रूप से दर्शाता है। शिक्षा एक बच्चे के कायापलट को एक पूर्ण वयस्क बनने के लिए बढ़ावा देती है। मूल्यों के संवर्धन और विकास के बिना केवल सीखना शिक्षा की परिभाषा को भी खारिज कर देता है। मूल्यों और सिद्धांतों की शिक्षा एक आत्मा को आकार देती है और ढालती है। शिक्षा का गहरा अर्थ है, यह एक ऐसे सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास करना चाहता है जो बाहरी दुनिया की जटिलताओं, मानवीय संबंधों और भावनाओं, बड़े पैमाने पर मानवता को समझने और उससे निपटने के लिए ईमानदार और आधुनिक बेहतर ढंग से सुसज्जित हो और समाज को बेहतर, सामंजस्यपूर्ण बनाने की प्रक्रिया में भाग लेने में सक्षम हो। केवल मन को शिक्षित करने का अर्थ है कि हम केवल अनुभूति का विकास कर सकते हैं। लेकिन, दिल को शिक्षित करना सहानुभूति, करुणा, विविधता और मानवीय गरिमा के लिए सम्मान, प्रेम, भूमि के कानून के प्रति सम्मान आदि का प्रतीक है। इसके लिए दर्शन, नैतिकता, नैतिकता, सामाजिक मूल्यों, सौंदर्य के ज्ञान के बारे में सीखना और उसकी सराहना करना आवश्यक होगा। कला, साहित्य, कविता और संगीत के क्षेत्र में। केवल ज्ञान विकसित करने से ही मानव रोबोट बनाने में मदद मिलेगी, न कि मनुष्य। हालांकि, केवल दिल को शिक्षित किए बिना मन को शिक्षित करना कई बार बेकार और प्रतिकूल हो सकता है। नैतिक मूल्यों और नैतिक सिद्धांतों के समावेश से रहित शिक्षा मजबूत नैतिक चरित्र और व्यवहार के बिना बुद्धिजीवियों और विशेषज्ञों का निर्माण करती है। उदाहरण के लिए, घरेलू हिंसा की अमानवीय प्रथा भारतीय उपमहाद्वीप में अधिकांश शिक्षित लोगों के घरों में भी आम है। सभी छात्रों के लिए अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करना किसी भी स्कूल के उद्देश्य के मूल में है, और वे जो करते हैं उसके बारे में बहुत कुछ सूचित करेंगे। चरित्र शिक्षा कोई नई बात नहीं है, इसका विस्तार अरस्तू के काम की तरह है। फिर भी यह तर्क दिया जा सकता है कि हाल के वर्षों में स्कूलों में सफलता की खोज ने गाड़ी को घोड़े के आगे रखने की मांग की है। छात्रों को केवल परीक्षा ग्रेड और विश्वविद्यालय स्थानों के संदर्भ में सफलता के बारे में सोचने के लिए, दबाव बनाया जाता है जो अक्सर छात्र की भलाई और शैक्षणिक प्रगति के प्रति सहज हो सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई कितना शिक्षित या धनी है, अगर उसके अंतर्निहित चरित्र या व्यक्तित्व में नैतिकता का अभाव है। वास्तव में, ऐसे व्यक्तित्व शांतिपूर्ण समाज के लिए खतरा हो सकते हैं। जैसेः मुसोलिनी, हिटलर नैतिकता से रहित शिक्षा के सभी उदाहरण हैं जो मानव जाति को विनाश की ओर ले जा रहे हैं। समकालीन समय में भी यह उतना ही प्रासंगिक है। उदाहरण के लिए, दहेज लेने वाला एक शिक्षित व्यक्ति लैंगिक समानता और लैंगिक न्याय के लिए मौत का मंत्र होगा। गांधी जी के सात पाप तब साकार होंगे जब हम नैतिकता के बिना शिक्षित होंगे जैसे विज्ञान बिना मानवता के जैसा कि आज परमाणु हथियारों के मामले में है। इस प्रकार, मूल्यों के बिना शिक्षा जितनी उपयोगी लगती है, वह मनुष्य को एक चतुर शैतान बनाती है। आतंकवाद, नक्सलवाद और कट्टरवाद की ताकतों की व्यापकता मजबूत दिमाग लेकिन कमजोर दिलों से संचालित होती है। अपेक्षाकृत कमजोर नैतिक चरित्र के साथ काम करने की क्षमता और कौशल वाले व्यक्ति आसानी से बुरी ताकतों से गुमराह हो जाते हैं।

सीमा पार मानव तस्करी, नशीली दवाओं और जानवरों की तस्करी की अवैध प्रथाओं को बुद्धिमान लोग सुरक्षा बलों का भेष बदलकर अंजाम देते हैं। यह इन लोगों के दिलों में प्रेम, करुणा और सहानुभूति के मूल्यों की कमी को उजागर करता है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध और साइबर धोखाधड़ी करने के लिए डिजिटल स्पेस और प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग दर्शाता है कि बुनियादी नैतिक समझ की कमी वाले शिक्षित दिमाग मौजूद हैं। मानवता द्वारा जैव विविधता, पर्यावरण और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का अंधाधुंध और हृदयहीन शोषण बिना अच्छे दिल के शिक्षा और कौशल का एक दुखद उदाहरण है। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, सांप्रदायिकता आदि की प्रथाएं प्रशासकों और राजनीतिक वर्ग के बीच ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के सिद्धांतों की कमी को दर्शाती हैं। दूसरों के बीच इन बुराइयों से लड़ने के लिए, हमें मन के साथ-साथ व्यक्तियों के दिल को भी शिक्षित करने की आवश्यकता है। व्यक्तियों के चरित्र का निर्माण करना अनिवार्य है क्योंकि 'चरित्र के बिना ज्ञान' सात गांधीवादी पापों में से एक है।

कम उम्र में नैतिक मूल्यों को प्रदान करने के लिए जागरूक समाजीकरण के साथ-साथ मूल्य आधारित शिक्षा, छात्रों और पेशेवरों का नैतिक प्रशिक्षण हमारे समाज में नैतिक आचरण सुनिश्चित करेगा। इसके लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को अक्षरशः लागू करने के साथ-साथ मूल्य आधारित शिक्षाशास्त्र, अध्ययन सामग्री और कहानी सुनाने के विकास से बच्चों और समाज के दिमाग और दिल का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। नैतिकता के बिना शिक्षा बिना कम्पास के जहाज की तरह है, बस कहीं नहीं भटक रहा है। एकाग्रता की शक्ति का होना ही काफी नहीं है, लेकिन ध्यान केंद्रित करने के योग्य उद्देश्य अवश्य होने चाहिए। सत्य को जानना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें सत्य से प्रेम करना चाहिए और उसके लिए बलिदान देना चाहिए।

# नशे से खोखला होता हुआ जन-जीवन



संजीव ठाकुर

हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती है। वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेज़र, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए। भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6% देखी गई है।

# अपनी भाषा पर गिटिर-पिटिर



डॉ प्रदीप उपाध्याय

डॉक्टर साहब,बाहर आपके बोर्ड पर एमबीबीएस की डिग्री के साथ कोष्ठक में हिंदी मीडियम क्यों लिखा हुआ है।

हमने अपनी मातृभाषा हिंदी में चिकित्सा की पढ़ाई की है, इसीलिए लिखवाया है।और हमें इस बात पर गर्व है। तब क्या आपके पास आने वाले पेशेंट हिंदी मीडियम में पढ़ाई करने वाले ही रहते हैं या फिर आप केवल उन्हीं मरीजों को देखते हैं जिन्होंने हिंदी मीडियम से ही पढ़ाई की है। अरे नहीं भाई बीमार की कोई भाषा नहीं होती है।बीमार बीमार होता है।चाहे पढ़ा लिखा हो या अनपढ़। किसी भी भाषा, क्षेत्र का व्यक्ति मेरे पास उपचार के लिए आ सकता है।

कुछ भी कहो डॉक्टर साहब, अंग्रेजी का लोगों पर प्रभाव तो बहुत पड़ता है। अंग्रेजी के बड़े-बड़े साइन बोर्ड और लेटर हेड देखकर मरीज़ और उसके घरवाले वैसे ही बिछ जाते हैं और अंग्रेजी में बड़ी -बड़ी डिग्रियां देखकर उन्हें लगता है कि यही व्यक्ति यमराज के चंगुल से अपने आदमी को छुड़ा लाएगा। यही तो आप लोगों को गलतफहमी है! मालूम होना चाहिए कि हमारी पढ़ाई समान है।लेकिन अंग्रेजीदां व्यक्ति क्योंकर आपके पास इलाज के लिए आएगा! पढ़े- लिखे लोग एलोपैथी को बेहतर चिकित्सा पद्धति मानते हुए अन्य देसी पद्धतियों की क्या उपेक्षा नहीं करते! हमने तो महसूस किया है कि हम हिंदी मीडियम में पढ़ने वालों को कांवेंट संस्कृति में पढ़ें बच्चे हंसी का पात्र बनाते थे। और जब नौकरी में आए तो अंग्रेजी में गिटिर-पिटिर करने वालों को ज्यादा तवज्जो मिलती थी और हमें दोयम दर्जे का मानते हुए हमारे साथ सौतेला व्यवहार किया जाता था। भाई, इसीलिए तो सरकार ने अपनी मातृभाषा में चिकित्सा सहित अन्य तकनीकी विषयों को पढ़ाने का फैसला किया था। जहां तक चिकित्सा पद्धतियों का सवाल है सभी का अपना महत्व है। तब आप ही बताइए कि क्या आपको अन्य गैर हिंदी भाषी क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा हेतु अवसर दिया जा रहा है और फिर क्या विदेशी मुल्कों में आपको अवसर मिल सकेगा।क्यों नहीं मिल सकेगा। वैसे भी जो लोग विदेशों से चिकित्सा की पढ़ाई करते हैं,वे भी तो वहां की भाषा सीखकर ही आगे बढ़ते हैं।तब फिर हम लोगों ने यदि हिंदी माध्यम से पढ़ाई कर ली है तो यह हमारे अपने लोगों के हित में ही है।बीमार व्यक्ति डॉक्टर से मातृभाषा में बेहतर तरीके से संवाद कर सकेगा और अपनी तकलीफों को समझा सकेगा। बात तो ठीक है लेकिन फिर भी देसी चीजों को हेय दृष्टि ही मिलती है। अमोलक जी बहुत विद्वान व्यक्ति हैं और उनका हिंदी में साहित्य लेखन बहुत उम्दा है लेकिन जब अंग्रेजी साहित्यकार पी कुमार उनके साथ मंच पर आ जाते हैं तो उन्हें ज्यादा वेटेज मिलता है क्योंकि पी कुमार की अधिकांश पुस्तकें बेस्ट सेलर बुक की सूची में शामिल रहती हैं और उन्हें रायल्टी भी भरपूर मिलती है।लोग भी उन्हीं की ओर आकर्षित होते हैं और बेचारे अमोलक जी घर का जोगी जोगड़ा आन गांव का पीर की माला जपते हुए मन मसोस कर रह जाते हैं। भाई,इसी स्थिति को बदलने के लिए ही तो उच्च शिक्षा में मातृभाषा पर जोर दिया जा रहा है। किन्तु फिर भी विदेशों में आपके अवसर उजले तो नहीं रहेंगे। अंग्रेजी माध्यम वाले विदेशों का रूख कर ऐश की जिंदगी जिएंगे और आप हिंदी मीडियम वाले देश में ही पुड़िया बांधते रह जाएंगे।

# भुक्खड़ों की दास्तान



डॉ. सुरेश कुमार

भुक्खड़ों का मैच चल रहा है। अपनी टीम 107 पर नाबाद है। पिछले साल 101 की बेहतरीन पारी खेली थी। उस समय ऐसे चौके-छक्के लगे की गेंद जा-जाकर शिवगंगा की बजाए शवगंगा में गिरती। जिस तरह गेंद हवा में उड़ती हुई माल निचोडु औषधालयों, प्राण पखेरू अस्पतालों और क्षणभंगुर शवदाह केंद्रों की छत से होते हुए सत्ता की सीमा से बाहर खड़े पप्पुओं की गोदी में गिरती उसे देख ऑक्सीजन की कमी वाले दावे झूठे लगते। यहाँ इतनी हवा है कि किसी को जमीन पर उतरने की जुर्रत नहीं पड़ती। अब हमारा लक्ष्म 125 है। जिस गति और स्ट्रोक के साथ खेल रहे हैं वह दिन दूर नहीं जब हम टारगेट हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। ऐसा नहीं है कि हमें ही यह टारगेट मिला है। औरों को भी मिला है। जांबिया हमसे एक रन अधिक बनाकर 108 पर कायम है। यहाँ भी गजब के भुक्खड़ हैं। अनाज के नहीं देह के। जवान एड्स फैलाने में व्यस्त हैं और बूढ़े सत्ता चाटने में। 109 रन के साथ अफगानिस्तान जांबिया का बाप बना बैठा है। यहाँ के भुक्खड़ों को ताली बजाने वाले तालिबान कहते हैं। ये अपने हाथों में एके-47 की चूड़ियाँ पहने मलाला जैसों पर गोली चलाकर भूख मिटाने की नई मुहिम में जुटे हुए हैं। यहाँ थाली में बारूद की चटनी, हथगोले की लिट्टी और शरबत में खून से भरे गिलास बड़े चाव से परोसा जाता है। ऐसा भोजन देखकर अमेरिका को दस्त हो गई थी। वह यहाँ से भागा कि फिर आने का नाम नहीं ले रहा है। 110 रन के साथ तैमूर लिस्ते गजब की पारी खेल रहा है। यहाँ आधा राष्ट्रपति और आधा प्रधानमंत्री है। दोनों पूरा होने के चक्कर में जनता को कच्चा खाए जा रहे हैं। इनका दिली भुक्खड़पन जनता के दिल पर भारी पड़ रहा है। दिली (तैमूर लिस्ते की राजधानी) में रहने वालों का दिल अब जिंदा'दिली' को देखकर कोसों भागता है। भुक्खड़ों में 111 रन के साथ गिनी बिसाऊ बिकने को तैयार है। रोटी के लिए बेटी बेचना यहाँ का फेवरेट धंधा है। इनका परफारमेंस देखकर बहुत जल्द नो वुमेन लैंड वाला भुक्खड़िस्तान किसी भी समय कमाल कर सकता है। एक बार के लिए लगा 112 रन पर सनी लियोनी नाबाद पारी खेल रही हैं। फिर लगा सनी लियोनी कब से भुक्खड़ होने लगी। वास्तव में वह सनी लियोनी नहीं सिएरो लियोनी है।

दोनों भाई-बहन नहीं है, लेकिन अधिकांश काम एक जैसे करते हैं। हाँ इतना है कि सिएरा सनी लियोनी को नहीं खरीद सकता लेकिन सनी सिएरा लियोनी को खरीद सकती है। जो भी हो सिएरा अपने भुक्खड़पन और सनी अपने अक्खड़पन में लियोनी बनकर व्यस्त हैं।

# लक्ष्मी माता की मूर्ति सोच समझ कर खरीदें

धनतेरस का त्योहार इस बार 23 अक्टूबर, 2022 को मनाया जाएगा। इस दिन माता लक्ष्मी समेत भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। धनतेरस के दिन सोना, चांदी, स्टिल के बर्तन और झाड़ू की खरीददारी की जाती है।

**उल्लू पर विराजमान मूर्ति**

उल्लू माता लक्ष्मी की सवारी जरूर है लेकिन इस पर विराजमान उनकी मूर्ति को कभी खरीद कर नहीं लाना चाहिए। उल्लू वाहन से आई लक्ष्मी गलत दिशा से आने वाली और जाने वाली धन का संकेत करती है। इसके अलावा घर में नकरात्मकता बनी रहती है।

**दो मूर्ति को साथ न रखें**

पूजा वाली जगह या मंदिर पर मां लक्ष्मी की दो मूर्ति को नहीं रखना चाहिए। ऐसे होने पर घर में क्लेश होता रहता है।

**खंडित मूर्तियां**

यूं तो भगवान की हर मूर्ति पवित्र और पूज्यनीय होती है। लेकिन खंडित लक्ष्मी जी की मूर्ति कभी नहीं घर लाना चाहिए। ऐसे मूर्तियां शुभ नहीं माना जाता है। अगर आपके घर में ऐसी कोई मूर्ति या तस्वीर है तो उसे आज ही नदी में विसर्जित कर दें।

**अकेली मूर्ति न रखें**

मां लक्ष्मी की पूजा भगवान गणेश और माता सरस्वती की मूर्ति के साथ की जाती है। दिवाली के दिन इन तीनों की पूजा करने से घर में धन की वर्षा होती है। इसके साथ ही घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। साथ ही विद्या की देवी भी अपनी कृपा बरसाती है।




**दिवाली पर माँ लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए राशि के अनुसार करें ये उपाय,**

**मेष**- मेष राशि के जातकों को दिवाली पर माँ लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए लक्ष्मी स्त्रोत का पाठ करना चाहिए। इससे माँ लक्ष्मी प्रसन्न होंगी और आपके घर में सुख-समृद्धि आएगी।

**वृषभ**- वृषभ राशि के जातकों को दिवाली के दिन 'ओम महालक्ष्म्यै नमः' का यथासंभव जाप करना चाहिए। इससे माँ लक्ष्मी आपकी सभी मनोकामनाएँ पूरी करेंगी। वृषभ राशि के जातकों के लिए दिवाली पर चांदी, सोना या हीरे के आभूषण खरीदना शुभ रहेगा।

**मिथुन**- मिथुन राशि के जातकों को दिवाली के दिन लक्ष्मी-गणेश जी पूजा करनी चाहिए। इसके साथ ही दिवाली पर श्रीयंत्र की पूजा करने से आपकी सभी आर्थिक परेशानियाँ दूर होंगी।

**कर्क**- कर्क राशि के जातकों को दिवाली के दिन लक्ष्मी जी को कमल या कोई अन्य लाल रंग का फूल अर्पित करना चाहिए। इसके अलावा चांदी के बर्तन खरीदने से आपको धनलाभ होगा।

**सिंह** – सिंह राशि के जातकों को दिवाली पर लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्ति खरीदनी चाहिए। इस मूर्ति को पूजा स्थल पर स्थापित करके पूजा करें। ऐसा करने से आप घर में सुख-समृद्धि आएगी।

**कन्या**- कन्या राशि के जातकों को दिवाली के दिन कांसे से बनी चीज़ें खरीदनी चाहिए। इस राशि के जातक अगर दिवाली के दिन अपना नया कारोबार शुरू करना चाहते हैं तो इसमें आपको सफलता मिलेगी।

**तुला**- दिवाली के दिन गुलाबी रंग के कपड़े पहनकर माता लक्ष्मी का पूजन करना तुला राशि वालों के लिए शुभकारी होता है। इससे माँ लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और धन-वैभव का आशीर्वाद देती हैं। इसके साथ ही माँ लक्ष्मी को गुलाबी रंग के फूल अर्पित करने चाहिए।

**वृश्चिक** – वृश्चिक राशि के जातकों को दिवाली पर कमल के फूल पर विराजमान माता लक्ष्मी की तस्वीर खरीदनी चाहिए। इसके अलावा वृश्चिक राशि वालों को सफेद या पीले रंग के कपड़े पहनकर माता लक्ष्मी का पूजन करना चाहिए। ऐसा करने पर से वृश्चिक राशि के जातकों को विशेष फल प्राप्त होंगे।

**धनु** –धनु राशि के जातकों को दिवाली की पूजा के दौरान माँ लक्ष्मी को इत्र अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने से आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा और आपको आर्थिक लाभ भी होगा।

**मकर**–मकर राशि के जातकों को दिवाली पर लक्ष्मी पूजन के दौरान घी का दीपक प्रज्जवलित करना चाहिए। इसके साथ ही इस दिन चांदी के बर्तन, वाहन या सजावट का सामान खरीदना भी आपके लिए शुभ रहेगा।

**कुंभ**- कुंभ राशि के जातकों को दिवाली के दिन माँ लक्ष्मी के चित्र के साथ अंकित चांदी का सिक्का खरीदना चाहिए। ऐसा करने से आपको धनलाभ होगा। इसके साथ ही चाँदी के आभूषण खरीदना भी आपके लिए शुभ रहेगा।

**मीन**–मीन राशि के जातकों को दिवाली के दिन माँ लक्ष्मी को गुलाबी रंग के फूल अर्पित करने चाहिए। इससे आपके घर में सुख-समृद्धि आएगी और आपके सारे कष्ट दूर होंगे।

## उत्तर दिशा में होगा शौचालय तो संतान पर आएगा बड़ा संकट



वास्तु का सीधा असर हमारे जीवन में होता है। बता दें मकान निर्माण के दौरान वास्तु नियमों को अनदेखा करने से वास्तुदोष होता है। साथ ही घर-परिवार में सुख-समृद्धि और शांति नहीं रहती है। चालिए आज जानते हैं की उत्तर दिशा में टॉयलेट बनवाने से क्या होता है।

इन बातों में रखें सावधानी

उत्तर दिशा के स्वामी कुबेर हैं। घर की उत्तर दिशा में शौचालय का निर्माण निश्चित रूप से हानिकारक है। इससे मनुष्य का केन्द्रीय घनत्व बिखरता है। स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता कम होती है। जीवन स्वच्छ और उन्मुक्त नहीं रह जाता। प्राप्त धन का सदुपयोग होने में दिक्कत होती है और घर में कोई न कोई व्यक्ति बीमार होता रहता है। मझला बेटा डरा रहता है। कान में इंफेक्शनस होते हैं। भय से उत्पन्न होने वाली बीमारियां मनुष्य को घेरती हैं।

**उपाय**

अगर किसी वजह से उत्तर दिशा में शौचालय बनाना पड़े तो शोक पिट को उत्तर-पश्चिम की ओर खिसका देना चाहिए। शौचालय की दिवार पर काला रंग लगाना चाहिए। कोशिश करनी चाहिए कि रात 11 से 1 के बीच शौचालय का प्रयोग न किया जाये और हर मौसम में उत्तर दिशा में सफेद धातु के गमले में सफेद असली या नकली फूल रखने चाहिए।



## बेडरूम में इन चीज़ों को रखने से घर में मच जाता है कलह, पति-पत्नी के संबंध हो जाते हैं खराब

नए-नए शादी शुदा कपल्स के बीच बहुत ज़्यादा प्यार होता है। लेकिन धीरे धीरे उनका प्यार छू मंतर हो जाता है और सिवाय लड़ाई-झगड़े के उनके जीवन में कुछ नहीं बचता है। ऐसे में दोनों के बीच कड़वाहट बढ़ती चली जाती है और रिश्ते में दरार आने लगती है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो एक बार अपना बेडरूम ध्यान से देख लें। कहीं आपके बेडरूम में रखीं चीज़ें आपके रिश्ते को खराब तो नहीं कर रही है। चलिए आज हम आपको बेडरूम से जुड़े कुछ वास्तु टिप्स बताएंगे जो आपके पति-पत्नी के बीच संबंधों को मधुर बनाने में मदद करेंगे।



**अपने कमरे में भूलकर भी काला रंग न लगवाएं**

बेडरूम में काले रंग से नहीं रंगवाना चाहिए। यह रंग मन में नकारात्मकता लाता है। इस रंग के ज्यादा होने पर मन में बुरे ख्याल आने लगते हैं। ऐसे में बेडरूम में काले रंग वाली चीजों से बचें तो आपको लाभ होगा।

**भूलकर भी अपने कमरे में गैजेट्स न लगाएं**

वास्तु के अनुसार आपके बेडरूम में जितने कम से कम गैजेट्स हों उतना ही बेहतर होगा। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर राहु का प्रभाव माना जाता है और इसके अशुभ प्रभाव से दांपत्य जीवन में दरार आने लगती है। वहीं वास्तु में ऐसा माना जाता है कि इनसे निकलने वाली नेगेटिव एनर्जी पति-पत्नी के संबंधों को खराब करती है।

**पौधों को न लगाएं**

पौधों को कभी भी अपने कमरे में न लगाएं। इन्हें बालकनी में या फिर घर के बाहर वाले एरिया में लगा सकते हैं। बेडरूम में आप चाहें तो ताजे गुलाब के फूल लगा सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि ये फूल बासी न हो पाएं। बासी फूल अपने कमरे में रखने से आपके संबंधों पर नकारात्मक असर होता है।

**हिंसात्मक तस्वीरें न लगाएं**

वास्तु के अनुसार, अपने बेडरूम में भूलकर भी हिंसात्मक दृश्यों वाली तस्वीरें न लगाएं। ऐसा करने से आपके और पार्टनर के बीच कलह पैदा होने और मनमुटाव बढ़ने की आशंका रहती है।

**बेडरूम को कबाड़ घर न बनाएं**

कुछ लोग बेडरूम में बेड के बॉक्स में सारा कबाड़ा भर देते हैं। आप ऐसा भूलकर भी न करें। बॉक्स में केवल वही वस्तुएं रखें जो काम की हों और भूलकर भी वह चीजें न रखें जो प्रयोग में न आती हों।

## दिवाली की रात करें नागकेसर का अचूक टोटका



हिंदू धर्म में दिवाली के पर्व को बेहद प्रमुख माना गया है पंचांग के अनुसार यह पर्व हर साल कार्तिक मास की अमावस्या तिथि पर मनाया जाता है इस साल दिवाली 24 अक्टूबर दिन सोमवार को पड़ रहा है इस दिन पूरा देश रोशनी से जगमगा उठता है दिवाली के त्योहार को सुख समृद्धि और धन वृद्धि का पर्व माना जाता है धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक अमावस्या तिथि पर माता लक्ष्मी रात्रि में स्वंय धरती पर पधारती है और सभी घरों में विचरण करती है इसलिए दिवाली के दिन घरों में चारों ओर दीपक जलाएं जाते हैं

यह भी कहा जाता है कि इस दौरान जिस घर में साफ सफाई रहती है और दीपक जलता है वहां धन की देवी मां लक्ष्मी विराजमान होती है दिवाली के शुभ दिन पर माता लक्ष्मी और श्री गणेश की पूजा का विधान होता है कहते हैं इस दिन विधिवत तरीके से पूजन करने से श्री गणेश और देवी लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है दिवाली पर पूजा पाठ के साथ साथ कुछ उपायों को करना भी लाभकारी माना गया है तो आज हम आपके लिए लेकर आए है दिवाली से जुड़े अचूक टोटके, तो आइए जानते हैं।

**दिवाली पर करें नागकेसर के अचूक टोटके—**

आपको बता दें कि दिवाली के शुभ दिन पर मिट्टी या आटे से चौमुखी दीपक बनाएं दीपक शुद्ध घी से जलाकर घर के मुख्य द्वार के पास रख दें। फिर दीपक को नागकेसर का पुष्प अर्पित करें ऐसा करने से आर्थिक परेशानियों से छुटकारा मिल जाता है और रुका हुआ धन भी वापस मिल जाता है। दिवाली के दिन नागकेसर के पांच पुष्पों को एक वस्त्र में बांधकर अभिजीत मुहूर्त में या फिर किसी भी शुभ मुहूर्त में धन के पास सुरक्षित रख दें।

ऐसा करने से धन में वृद्धि होती है और दरिद्रता भी दूर हो जाती है। इस पवित्र दिन पर नागकेसर के पुष्प लेकर चांदी के छोटे डिब्बे में रखकर शुभ मुहूर्त में पूजा कक्ष में रख कर माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा करें ज्योतिष अनुसार इस टोटके को करने से आर्थिक दिक्कतें दूर हो जाती है और घर में धन की आवाक बढ़ती है।

## धनतेरस पर इन चीजों का करें दान, घर में होगी धन की वर्षा, कभी नहीं होगी पैसों की तंगी



दीपों का त्यौहार दीपावली आने में अब बस कुछ दिन ही बाकी है। दिवाली से पहले धनतेरस और छोटी दिवाली यानी नरक चतुर्दशी मनाई जाती है। इस साल धनतेरस 23 अक्टूबर, रविवार को है। धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी के साथ भगवान धन्वंतरि और कुबेर की पूजा की जाती है। इस दिन गहने, कपड़े और झाड़ू खरीदा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, धनतेरस के दिन इन चीजों को खरीदने से घर में सुख समृद्धि और धन की वर्षा होती है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। वहीं इस दिन किसी को उधार देने से बचना चाहिए।

धनतेरस के दिन जहां विधि-विधान से भगवान कुबेर औरधन्वंतरि की पूजा की जाती है। वहीं इस दिन दान-पुण्य करने से भी विशेष लाभ मिलता है। तो आइए जानते हैं कि धनतेरस के दिन क्या चीजों का दान करने से घर में धन धान्य की कमी नहीं रहेगी।

**नारियल**

नारियल काफी शुभ माना जाता है तो इसे भी धनतेरस के दिन दान कर सकते हैं।

**मिठाई**

धनतेरस के मौके पर मिठाई का दान करना चाहिए।

**कपड़े**

किसी जरूरतमंदों को कपड़े देकर आप उनकी दिवाली रौशन कर सकते हैं। गरीबों का भला करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। इसलिए आप चाहे तो दिवाली से पहले धनतेरस पर कपड़े दान कर सकते हैं।

**गरीबों को अन्न दान करें**

धनतेरस के दिन किसी गरीब को अन्न दान करें। आप चाहे तो उन्हें भोजन भी करा सकते हैं। साथ ही भोजन कराने के बाद उन्हें दक्षिणा जरूर दें।

**धनतेरस के दिन ये चीजें खरीदना शुभ होता है**

श्रीयंत्र, चांदी या पीतल का बर्तन, सोना-चांदी, लक्ष्मी और गणेश जी के चित्र वाला सिक्का, स्टिल के बर्तन, झाड़ू, चांदी के बर्तन

**धनतेरस के पूजा के समय इन मंत्रों का करें जाप**

**ॐ नमो भगवते महासुदर्शनाय वासुदेवाय धन्वंतराये: अमृत कलश हस्ताय सर्वभय विनाशाय सर्व रोग निवारणाय त्रिलोकपथाय त्रिलोक नाथाय श्री महाविष्णु स्वरूप श्री धन्वंतरी स्वरूप श्री श्री श्री औषधचक्र नारायणाय नमः॥**

## दिवाली के दिन इन चीजों का नजर आना होता है काफी शुभ



इस साल दिवाली को लेकर लोगों में काफी असमंजस है। लोग 24 और 25 अक्टूबर को लेकर कंफ्यूज हैं। लेकिन आपको बता दें कि इस बार दिवाली 24 अक्टूबर 2022, सोमवार को मनाई जाएगी। दिवाली के दिन भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा अर्चान की जाती है। मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि पाने के लिए हर कोई महीनों पहले से घर की साफ सफाई से लेकर साज सज्जा में जुटा रहता है। हर कोई चाहता है कि लक्ष्मी जी उनके घर आए और अपनी कृपा बरसाए। दिवाली को लेकर यूं तो कई मान्यता है लेकिन इस दिन इन चीजों का आगमन या दिखाई देता तो वो काफी शुभकारी होता है। हम उन्हीं चीजों का जिक्र करने जा रहे हैं, जिसे देखने के बाद आपकी किस्मत चमक जाएगी।

**1. उल्लू का दिखना**

हर कोई जानता है कि उल्लू मां लक्ष्मी की सवारी है। ऐसे में अगर दिवाली के दिन उल्लू दिखता है तो समझिए आपकी किस्मत बदलने वाली है। उल्लू का दिखना काफी शुभ माना गया है।

**2. किन्नर का आना**

किन्नर का आशीर्वाद और बद्दुआ दोनो बहुत जल्दी लगता है। ऐसे में अगर दिवाली के दिन आपके घर किन्नर आते हैं तो ये एक शुभ संकेत है। कन्निर का आपके घर आना और आपके दए शगुन के पैसों से एक रुपया नकिालकर आपको वापस देना शुभ शगुन माना जाता है।

**3. छिपकली का दिखना**

दिवाली की रात घर में छपिकली का दखिना शुभ माना जाता है। अगर आपको घर में दिवाली की रात छिपकली दिखती है, तो समझ लिजिए आपकी बंद किस्मत का ताला खुलने वाला है।

**4. छछूंदर नजर आना**

छछूंदर अपने साथ पैसे लाने का सूचक होता है। ऐसे में दिवाली की रात छछूंदर का दिखना काफी शुभ होता है।

# एसएस राजामौली की फिल्म में दीपिका पादुकोण की एंट्री, महेश बाबू संग स्क्रीन पर करेंगी रोमांस?

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के हाथ एक बड़ा जैकपॉट लगा है। वो 'बाहुबली' और 'आरआरआर' मूवी के डायरेक्टर एसएस राजामौली की अगली एक्शन एडवेंचर मूवी में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में साउथ स्टार महेश बाबू लीड रोल में हैं। अगर सबकुछ ठीक रहा तो दीपिका और महेश बाबू स्क्रीन पर रोमांस करते नजर आएंगे।

दीपिका पादुकोण इन दिनों एक से एक बड़ी फिल्मों में की शूटिंग में बिजी हैं। वो शाहरुख खान के साथ 'पठान' में नजर आएंगी। वो ऋतिक रोशन संग 'फाइटर' में भी होंगी। उनके पास 'बाहुबली' स्टार प्रभास के साथ भी एक फिल्म है। और अब वो एक और बड़ी फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। वो भी एक बड़े बजट की साउथ मूवी, जो कई भाषाओं में रिलीज होगी।

**राजामौली कर सकते हैं एक इवेंट**

दीपिका एसएस राजामौली के डायरेक्शन में बन रही फिल्म में महेश बाबू संग नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। एक बार कास्ट और क्रू के फाइनल होने के बाद एसएस राजामौली एक इवेंट आयोजित कर सकते हैं, जैसे आरआरआर के लिए किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स इस फिल्म को बहुत बड़े स्केल पर लेकर जाना चाहते हैं। वे इसे ज्यादा से ज्यादा ऑडियंस तक पहुंचाना चाहते हैं। अभी तक इसका नाम तय नहीं हुआ है, लेकिन एसएस राजामौली ने इसे इंटरनेशनल लेवल पर लेकर जाने की प्लानिंग की है। एसएस राजामौली फिलहाल जापान में आरआअर के प्रमोशन में बिजी हैं। वो महेश बाबू वाली फिल्म पर अगले साल काम करना शुरू करेंगे। ये एक पैन-इंडिया मूवी होगी और इससे महेश बॉलीवुड में भी कदम रखेंगे।





# नहीं बनेगा नो एंट्री का सीक्वल



सलमान खान अपनी अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'नो एंट्री' के सीक्वल को नहीं बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सलमान ने इसे कानूनी और फाइनेंशियल दिक्कतों की वजह से बंद किया है। कहा जा रहा है कि सलमान दिल से इस फिल्म को बनाना चाहते थे। वो फिल्म के डायरेक्टर अनीस बज्मी के साथ इसकी स्क्रिप्ट को लेकर भी बैठे थे और उन्हें लगा था कि ये फिल्म सबसे मजेदार होने वाली है। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। दरअसल एक फिल्म स्टूडियो के बंद होने के कारण इसका पहला पार्ट कई कानूनी दिक्कतों में फंस गया था। सलमान ने शुरू में सोचा था कि वो इस कॉन्फ्लिक्ट को आसानी से सुलझा लेंगे। लेकिन जब बाद में उन्होंने इसकी जांच की तो ये मामला बहुत कॉम्प्लीकेटेड नजर आया। सलमान ने पहले सोचा था कि वो सभी को पैसे देकर इसके राइट्स हासिल कर लेंगे। लेकिन जब उन स्टेकहोल्डर्स की लिस्ट बनाई गई, जिन्हें पैसा दिया जाना था तो ये बजट से ज्यादा हो गया।

सलमान से जुड़े सूत्रों ने बताया कि वो इस फिल्म को करने के लिए बहुत एक्साइटेड थे। लेकिन हालात ऐसे बन गए हैं कि कुछ भी नहीं हो पा रहा है। रिपोर्ट में ये भी कहा जा रहा है कि अनीस बज्मी अपनी अपकमिंग कॉमेडी फिल्म '5 मिनट का सुपरहीरो' को बनाने लगे हैं। वहीं, सलमान अगले साल जनवरी-फ़रवरी के लिए नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रहे हैं।

अनिल कपूर ने कुछ समय पहले एक इंटरव्यू में कहा था, 'मैं हमेशा ऐसी स्क्रिप्ट का इंतजार करता हूं जहां मेरी केमिस्ट्री बाकी एक्टर्स के साथ फिट बठे।' 'नो एंट्री' 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर के अलावा फरदीन खान, ईशा देओल, लारा दत्ता और सेलिना जेटली नजर आई थीं।

# विक्की कौशल...कैटरीना कैफ को क्यों कहते हैं 'पैनिक बटन'

## एक्ट्रेस को पति की इस बात से होती है जलन



बॉलीवुड में सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक, कैटरीना कैफ अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी 'फोन भूत' के लिए पूरी तरह तैयार है. फिल्म में ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी भी हैं. फिल्म का पहला टीजर रिलीज होने के बाद से ही लोग फिल्म पर अपना प्यार बरसा रहे हैं. कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी फिल्म और निजी जिंदगी से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए. कैटरीना ने अपने पति विक्की कौशल और उनके साथ साझा की गई दोस्ती के बारे में भी बात की.

कैटरीना कैफ ने खुलासा किया कि कैसे दोनों एक दूसरे के विपरीत हैं. जहां विक्की कौशल बहुत शांत हैं, वहीं कैटरीना बहुत जल्दी में रहती हैं. कैटरीना ने बताया कि विक्की कौशल उन्हें अपना 'पैनिक बटन' कहते हैं, क्योंकि वे जल्दी काम निपटाने के चक्कर में घबरा जाती हैं.

अभिनेत्री ने एक घटना भी सुनाई जिसमें विक्की ने मेरी क्रिसमस के एक सीक्वेंस को बनाने में उसकी मदद की और कैसे उन्होंने मिनटों में दो पन्नों की स्क्रिप्ट को याद कर लिया, जिससे कैट को जलन भी होने लगी थी. बता दें दोनों ने इस साल 19 मार्च को शादी की थी.

# बांग्लादेश में कैंसिल हुआ नोरा फतेही का डांस शो

**एक्ट्रेस नोरा** फतेही बांग्लादेश की कैपिटल ढाका में परफॉर्म करने वाली थीं। लेकिन वहां की सरकार ने उनका शो को कैंसिल कर दिया है। दरअसल बांग्लादेश सरकार ने डॉलर बचाने के लिए ऐसा कदम उठाया है। बांग्लादेश की कल्चरल मिनिस्ट्री ने 17 अक्टूबर को नोटिस जारी किया, जिसके मुताबिक बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार ने नोरा फतेही को शो में आने की परमिशन नहीं दी है, जिसके बाद ढाका में उनका शो कैंसिल हो गया है।



**नोरा को इवेंट में मिलना था अवॉर्ड**

बता दें कि विमन लीडरशिप कॉर्पोरेशन द्वारा ढाका में इवेंट ऑर्गनाइज किया जाना था। इस इवेंट में नोरा फतेही को अवॉर्ड दिया जाना था, साथ ही उन्हें डांस करने के लिए भी इनवाइट किया गया था। हालांकि, अब सरकार ने नोरा के ढाका आने पर रोक लगा दी है। सांस्कृतिक मंत्रालय ने नोटिस में फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व की कमी के बीच, डॉलर के भुगतान पर सेंट्रल बैंक के रजिस्ट्रेशन पर बात की। बता दें कि बांग्लादेश में 12 अक्टूबर तक फॉरेन एक्सचेंज घटकर 36.33 बिलियन डॉलर जा पहुंचा है, जो कि एक साल पहले 46.13 बिलियन डॉलर हुआ करता था। ऐसे में सरकार फॉरेन एक्सचेंज के पैसे को दूसरे देशों में नहीं देना चाहती है। नोरा फतेही इन दिनों झलक दिखला जा 10 शो को जज कर रही हैं। साथ ही वो जल्द ही अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत स्टारर फिल्म थैंक गॉड में नजर आएंगी। फिल्म में नोरा फतेही मणिके आइटम नंबर सॉन्ग में सिद्धार्थ मल्होत्रा संग डांस करेंगी।

नोरा FIFA के ओपनिंग और क्लोजिंग दोनों सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। उन्होंने इसके लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाया गया है, जो किसी भी कलाकार के लिए रेयर है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नोरा क्लोजिंग सेरेमनी में लोकप्रिय हिंदी गाने पर डांस करती नजर आएंगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो नोरा फतेही इन दिनों झलक दिखला जा 10 शो को जज कर रही हैं। साथ ही वो जल्द ही अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत स्टारर फिल्म 'थैंक गॉड' में नजर आएंगी। फिल्म में नोरा फतेही 'मणिके' आइटम नंबर सॉन्ग में सिद्धार्थ मल्होत्रा संग डांस करेंगी।

# एयरपोर्ट पर अचानक डीप नेक ड्रेस पहनकर दौड़ने लगी अंजलि अरोड़ा, लोग बोले- ये स्लो मोशन किसके लिए लिया था



'कच्चा बादाम' गर्ल अंजलि अरोड़ा पिछले कुछ दिनों से एमएमएस लीक होने की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं. वहीं हाल ही में अंजलि अरोड़ा इतनी डीप नेक ड्रेस पहनकर मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं कि उनका सिंपल लुक भी सुर्खियों में आ गया. इतना ही नहीं इस छोटी सी ड्रेस को पहन अंजलि एयरपोर्ट पर इस तरह दौड़ी कि वीडियो देखने के बाद वह चर्चा में आ गई. अंजलि अरोड़ा के एयरपोर्ट का ये वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है. इस वीडियो में आप देखेंगे कि अंजलि अरोड़ा ने ब्लैक कलर की प्रिंटेड डीप नेक ड्रेस पहनी हुई है. एक्ट्रेस की ये ड्रेस इतनी गहरी है कि सब कुछ कैमरे में कैद हो रहा है. अंजलि की इस ड्रेस की गर्दन भी काफी गहरी है, जो उनके सिंपल लुक को भी बोल्ड बना रही है. एयरपोर्ट पर अंजलि अरोड़ा का ये वीडियो इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि वह इस शॉर्ट एंड डीप नेक ड्रेस को पहनकर एयरपोर्ट पर दौड़ती नजर आईं. दरअसल, अंजलि को देखकर पपराजी ने उनके फोटोज क्लिक करने शुरू कर दिए. तब अंजलि ने पपराज़ी से कहा कि उसे फ्लाइट लेने के लिए देर हो रही है. इसके बाद वह एयरपोर्ट गेट के पास पहुंचने के लिए दौड़ने लगी. बता दें, अंजलि अरोड़ा रियलिटी शो 'लॉक अप' में भी नजर आई थीं.

# करण जौहर ने लिखा- मेहनत धक्के खा रही है..किस्मत राज कर रही है; यूजर्स बोले- ये पोस्ट किसके लिए है?




करण जौहर कभी अपने सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से तो कभी कॉफी विद करण में अपने कमेंट्स की वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। अब करण ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक क्रिप्टिक नोट शेयर किया है।

करण जौहर ने इस नोट में लिखा है, 'मेहनत रास्तों पर धक्के खा रही है..और किस्मत महलों में राज कर रही है...मैंने अभी इसे सुना और इसे शेयर किया।'

करण के इस पोस्ट का मतलब है कि जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं वो काम पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जो भाग्यशाली हैं वो महल में रह रहे हैं। अब करण के इस पोस्ट को पढ़ने के बाद फैंस को समझ नहीं आ रहा है कि उनका ये पोस्ट किसके लिए है।

करण जौहर ने हाल ही में ट्विटर से अपना अकाउंट हटा दिया है। करण ने अपने आखिरी पोस्ट में लिखा था, 'लाइफ में पॉजिटिव एनर्जी के लिए एक और कदम बढ़ा रहा हूं। गुडबाय ट्विटर!' वैसे करण का इस तरह से अचानक ट्विटर छोड़ देना सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आया था। पिछले महीने करण की फिल्म ब्रह्मास्त्र रिलीज हुई थी। लेकिन इसे लोगों ने बहुत नेगेटिव रिस्पॉन्स दिया था। करण ने मीडिया से अपनी फिल्म ब्रह्मास्त्र के नेगेटिव रिस्पॉन्स को लेकर कुछ बातें कही थीं। करण ने बिना किसी नाम लेते हुए कहा था, 'मुझे दूसरों की बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कभी-कभी बुरा लग जाता है। आप क्रिटिक बनकर फिल्मों का रिव्यू जरूर दीजिए, लेकिन कम से कम नेगेटिव कमेंट्स तो मत करिए।'

# भाषा कोई बाधा नहीं: सनी लियोन

**दो महीने के** अंतराल में तीन अलग-अलग भाषाओं में तीन फिल्में रिलीज कर चुकीं अभिनेत्री सनी लियोन का कहना है कि अच्छे कंटेंट में कोई बाधा नहीं है और भाषा कभी बाधा नहीं होती है। जहां अभिनेत्री की कन्नड़ फिल्म 'चैंपियन' पहले ही स्क्रीन पर हिट हो चुकी है, वहीं अभिनेत्री के पास विष्णु मांचू के साथ एक तेलुगु मास एंटरटेनर 'गिना' है, जो 21 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इतना ही नहीं, उनकी तमिल फिल्म 'ओह माई घोस्ट' नवंबर में रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। खास बात यह है कि एक्ट्रेस इन दिनों गोवा में लोकप्रिय रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला' के अगले सीजन की शूटिंग हिंदी में कर रही हैं।



इस साल की शुरूआत में, लियोन ने हिंदी में एक वेब सीरीजमें अभिनय किया, जिसका शीर्षक 'अनामिका' था। बहुत कम अभिनेता ऐसे होते हैं जो विभिन्न प्रकार की भाषाओं का उल्लेख न करने के लिए कंटेंट की शैलियों में काम करने की क्षमता रखते हैं।

इसके बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री कहती हैं, मैंने हमेशा माना है कि अच्छे कंटेंट में कोई बाधा नहीं है और भाषा कभी बाधा नहीं है। मैं हमेशा नई चीजों को आजमाना चाहती हूं। और यह इतना कारगर हुआ कि इस महीने मेरी कन्नड़ फिल्म 'चैंपियन' रिलीज हुई। इस महीने के अंत में, विष्णु मांचू के साथ मेरी फिल्म - 'गिना' - जो एक बड़ी तेलुगु फिल्म है, रिलीज होगी। अगले महीने, तमिल में बनी मेरी हॉरर कॉमेडी 'ओह माई घोस्ट' रिलीज होगी।

मैं नई चीजें सीखने से कभी नहीं डरती। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि मैं कभी भी बहुमुखी होने की कोशिश करना बंद न करूं और एक अभिनेत्री के रूप में अपनी सीमा दिखाऊं।

# राज कुंद्रा ने सोशल मीडिया पर अपने ट्रोलर्स पर कसा तंज



**राज कुंद्रा** ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकांउट पर अपने ट्रोलर्स पर तंज कसा है। राज ने अपने ट्रोलर्स के बारें में लिखते हुए कहा है कि उनके ट्रोलर्स अब धीरे धीरे गायब हो रहें हैं। राज का कहना है कि वो चाहते हैं कि उनके ट्रोलर्स उन्हें कभी मत भूलें। बता दें कि राज को पिछले साल पोर्नोग्राफी केस में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कुछ दिनों के बाद उन्हें इस मामले में जमानत मिल गई थी।

फोटोग्राफी मामले में जमानत मिलने के एक साल पूरे होने पर राज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- ट्रोल्स, आप सब धीरे-धीरे कहां गायब हो रहे हैं, प्लीज मुझे मत छोड़िए।

इसके अलावा उन्होंने कुछ दिनों पहले भी एक पोस्ट करते हुए लिखा था-आर्थर रोड जेल से निकले एक साल हो गए, समय-समय की बात है, एक दिन न्याय जरूर मिलेगा। मेरी परवाह करने वालों का शुक्रिया और ट्रोल करने वालों का भी बहुत -बहुत धन्यवाद,आपकी वजह से मैं और मजबूत होता हूं।

**पोर्नोग्राफी मामले में रहना पड़ा था जेल में-**

बता दें कि 4 फरवरी 2021 को चार मॉडल्स ने राज के ऊपर जबरदस्ती पोर्न फिल्म शूट कराने का आरोप लगाया था। उन मॉडल्स का कहना था कि राज ने उनसे वेब सीरीज में काम दिलाने के बहाने पोर्न फिल्में शूट कराई।

इसी मामले में राज को कई दिनों तक जेल में रहना पड़ा था। राज को जुलाई 2021 में पोर्नोग्राफी केस में अरेस्ट किया गया था। दो महीने बाद उन्हें इस केस में जमानत मिल गई। राज का कहना है कि उनके केस की जांच सीबीआई को सौंपी जानी चाहिए जिससे उनको जल्द से जल्द न्याय मिल सके।






# दीपावली के समय आप घर में लाएं ये नए-नए बदलाव, दिल बाग बाग हो जाएगा

किसी घर में प्रवेश करते ही उसके रंग, उसकी सजावट ने आपको ख़ुशी की अनुभूति कराई है? अगर हां, तो आप समझ ही गए होंगे कि उसमें रहने वाले ने इसके लिए कितनी मेहनत की होगी। घर एक ऐसी जगह होती है, जहां आप सुकून महसूस करते हैं। फिर आप चाहे दुनिया के किसी भी कोने में चले जाएं लेकिन आख़िर में घर वापसी ही आपको संतुष्टि देती है। इसीलिए जो आपको सुकून देता है उसकी देख-रेख, साज-सज्जा भी ऐसी होनी चाहिए जो आपके अच्छे पहलू को बयां करती हो। और यही सबसे सही वक़्त होता है जब दीपावली के समय आप घर में नए-नए बदलाव करते हैं। फिर चाहे घर को रंगना हो या फर्नीचर को नई जगह देनी हो। इसलिए घर को ऐसे सजाएं कि आपका घर आपकी झलक बनकर नज़र जाए। इसके लिए आंखें बंद करके घर के हर कमरे के बारे में सोचें कि आप घर को किस तरह से देखना चाहते हैं या कैसी कल्पना की है आपने अपने घर को लेकर। बस उसी दिशा में कार्य शुरू कर दीजिए। इसके लिए दिवाली से बेहतर अवसर क्या होगा।



### प्रवेश मार्ग ख़ास हो

घर में प्रवेश करने का रास्ता या गैलरी ऐसी हो जो आपकी पसंद को बयां करती हो। उदाहरण के लिए, यदि आप प्रकृति प्रेमी हैं तो आप घर के बाहर गमलों में पौधे लगा सकते हैं या क्यारी भी बना सकते हैं। अगर कुछ मज़ेदार करना पसंद है तो घर के बाहर कैप्शन लिखे बोर्ड लगा सकते हैं। जैसे, 'आइए चाय-शाय हो जाए' या 'इस घर में ख़ुशियां रहती हैं।' इसके अलावा राजस्थानी थीम पसंद हो तो प्रवेश द्वार पर मिरर वर्क भी करा सकते हैं।

### हर कमरा कुछ कहता है

घर में अगर ज़्यादा कमरे हैं तो प्रत्येक कमरे को एक अलग उद्देश्य के लिए डिज़ाइन कर सकते हैं। जैसे पढ़ने के शौक़ीन हैं तो एक कमरे को स्टडी रूम बनाएं। इसमें कम से कम सामान और पढ़ने के लिए बुक शैल्फ, मैप्स, टेबल लैम्प आदि रखें। अगर आध्यात्मिक हैं तो एक कमरे को ध्यान, पूजन का स्थान बना सकते हैं या फिर फिटनेस फ्रीक हैं तो एक कमरे में अपना छोटा-सा जिम बना सकते हैं। वहीं बेडरूम को पसंद के अनुसार साइड टेबल, डैकोरेटिव पीस या अपनी तस्वीरों से सजा सकते हैं।

### दीवारों का रंग

घर में प्रवेश करते ही सबसे पहले नज़र दीवारों पर जाती है। अगर शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं तो दीवारों का रंग हल्का या सौम्य रख सकते हैं। वहीं रंगों के साथ प्रयोग पसंद हैं तो दीवार पर चटक रंग करवा सकते हैं या एक दीवार को अपने मनपसंद रंग से रंगवा सकते हैं। आजकल कई तरह के वॉलपेपर्स भी उपलब्ध हैं जो जीवंत लगते हैं। इन्हें भी पसंद के अनुसार आज़मा सकते हैं।

### उपलब्धियां छुपाएं नहीं

अमूमन लोग अपनी उपलब्धियों जैसे मेडल्स, ट्रॉफीज़ या किसी भी तरह के पुरस्कार का प्रदर्शन पसंद नहीं करते। लेकिन इन्हें अगर ख़ास अंदाज़ में रखा जाए तो लोग आपकी उपलब्धियों को जान पाएंगे और आपको भी गर्व की अनुभूति होगी। ड्रॉइंग रूम की साइड टेबल पर या स्टडी टेबल पर ट्रॉफी को रख सकते हैं या किसी पारदर्शी कांच के कप में मेडल्स रख सकते हैं। मेडल्स को टांगना चाहें तो इन्हें किसी अच्छे हैंगिंग पीस पर टांग भी सकते हैं।

### एक कोना सुकून वाला

घर की एक ऐसी जगह चुनें जिसे आप अपने हिसाब से डिज़ाइन कर सकें। वो बालकनी हो सकती है, छत का कोना हो सकता है या खिड़की के पास की जगह हो सकती है। इस जगह पर मोढे या बांस की कुर्सी रखें। फेयरी लाइट्स या फिर रंगीन लैम्प्स लगा सकते हैं। कई सारे कुशन और छोटे पौधे लगा सकते हैं। यहां बैठकर आप शाम की चाय पी सकते हैं या फुर्सत में किताब पढ़ सकते हैं या फिर दोस्तों के साथ गपशप करने के लिए भी इस तरह के कोने को तैयार कर सकते हैं।

### पसंदीदा मौसम पाएं

ठंडा मौसम पसंद है तो घर में कोज़ीनेस लाने के लिए रंगों के साथ ही प्रिंट का भी ख़्याल रखना होगा। हल्के गुलाबी व क्रीम कलर के पर्दों के साथ ही दीवारों का रंग भी हल्का रखें। चादर और कुशन भी हल्के रंगों के हों तो बेहतर रहेगा। फेयरी लाइट्स लगाकर कालीन बिछा सकते हैं। अगर प्रकृति के बीच रहना पसंद है तो घर में छोटे पौधे लगा सकते हैं लेकिन सीमित मात्रा में।

# दिवाली की तैयारियां शुरू ...

## घर की सफाई से लेकर उसे सजाने तक की ऐसे बनाएं चेकलिस्ट



दिवाली की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। बहुत सारे काम बाकी हैं जैसे कि घर की साफ़-सफ़ाई करना, सजाना और बहुत सारी ख़रीदारी करना। पर कई बार यह समझ में नहीं आता कि काम की शुरुआत कहां से की जाए। ऐसे में अगर कामों की एक चेकलिस्ट बना ली जाए तो इस मुश्किल का हल निकल सकता है।

घर में क्या-क्या काम करवाना है, कैसी सजावट करनी है और किन वस्तुओं की आवश्यकता है उसकी एक सूची बनाएं। जैसे-जैसे काम पूरे होते जाएं उस पर टिक करते जाएं। इससे काम समय पर पूरा होगा और आख़िरी वक़्त पर होने वाली दौड़भाग से भी बच जाएंगे।

### घर की सफ़ाई

सफ़ाई के दौरान आमतौर पर वो कोने छूट जाते हैं जिन पर आसानी से नज़र नहीं जाती। घर के हर सामान और कोनों पर एक-एक करके नज़र डालें और जिन हिस्सों की सफ़ाई करनी है उन्हें चेकलिस्ट में लिखते जाएं। मिसाल के तौर पर अलमारी का ऊपरी हिस्सा, अलमारी के अंदर का कोना, रसोई की दीवार पर लगे टाइल का ऊपरी भाग, सोफे के नीचे और टीवी के पीछे का हिस्सा, वॉश एरिया के ऊपर बनी स्लैब आदि।

### रसोई की सूची भी

त्योहार में कई तरह के नाश्ते बनाए जाते हैं। इसमें लगने वाले राशन की सूची भी तैयार कर लें। कितना मैदा लगेगा और कितनी शक्कर, ये सब अवश्य लिखें। वहीं अनाज साफ़ करने और पिसाने के काम भी सूची में लिखें ताकि आप अभी से इन पर काम करना शुरू कर दें।

### व्यवस्था और सजावट

सबसे पहले तय करें कि घर कैसे सजाना है। उसके अनुसार किन वस्तुओं की आवश्यकता होगी उन्हें चेकलिस्ट में लिखते जाएं। घर के बाहर लाइट लगानी है तो उसके लिए कील या रस्सी चाहिए होगी। इसी तरह छोटी-छोटी चीज़ें जैसे गोंद, सजावटी फूल आदि भी लिख लें।

### पूजा की सामग्री

दीपावली की पूजा सामग्री के अलावा गोवर्धन पूजा सामग्री और भाईदूज का ज़रूरी सामान भी सूची में लिख लें। वहीं भगवान चित्रगुप्त की पूजा के लिए उनकी तस्वीर और नई कलम-कॉपी भी सूची में लिखें ताकि आख़िरी वक़्त में सामान मौजूद न होने पर भागादौड़ी न हो।

### परिधानों का चुनाव

त्योहार के इन चार-पांच दिनों में आप क्या पहनने वाले हैं यह भी अभी से तय कर लें। जिस परिधान का जोड़ीदार दुपट्टा नहीं है या उसके साथ की जूलरी मौजूद नहीं है उसे सूची में लिखें। इसके अलावा बिंदी, चूड़ियां आदि पर भी एक नज़र ज़रूर डाल लें।



# इस त्योहार घर के हर सामान को चमकाने के आसान टिप्स

**दिवाली** पर घर के सभी सदस्य साफ़-सफ़ाई में हाथ बंटाते हैं। ऐसे में सफ़ाई तो हो जाती है लेकिन थकावट भी काफ़ी होती है। अगर कुछ आसान तरीक़े आज़माए जाएं तो थकान भी नहीं होगी और सफ़ाई भी हो जाएगी। दीपावली की दस्तक होते ही हम सभी घर को चमकाने में लग जाते हैं, फिर चाहे फर्नीचर पोंछना हो या अलमारी जमाना या किचन की कैबिनेट्स साफ़ करनी हों। ऐसे में यदि थोड़ी बहुत तरक़ीबें हाथ लग जाएं तो सफ़ाई में काफ़ी राहत हो जाएगी।



* **कांच की खिड़कियां** हों या बाथरूम का शीशा, इन पर पानी, धूल-मिट्टी आदि के दाग़ लग ही जाते हैं। इन्हें साफ़ करने के लिए सबसे आसान तरीक़ा है कि इन पर शेविंग क्रीम लगाएं और कुछ देर के लिए छोड़ दें और फिर पोंछ दें। शीशा चमक उठेगा।

* **कपड़ों को साफ़ धोने** के लिए मशीन में एक कप बेकिंग सोडा डालें। ऐसा करने से कपड़े साफ़ तो होंगे ही साथ ही उनका रंग भी फीका नहीं पड़ेगा।

* **स्टोव पर तेल** और गंदगी जम जाती है। इसे साफ़ करने के लिए बेकिंग सोडा स्टोव पर डालें और हल्का-सा पानी छिड़क दें। एक घंटे बाद कपड़े से पोंछ दें, स्टोव साफ़ हो जाएगा। इसी तरह काउंटर टॉप को भी साफ़ कर सकते हैं।

* **खिड़कियों** पर लगे ब्लाइंड्स को साफ़ करने के लिए सिरके और पानी को बराबर मात्रा में मिला लें। अब पुराने मोज़े या ख़राब कपड़े को इस मिश्रण में डुबोकर ब्लाइंड्स साफ़ करें। जमी हुई धूल पूरी तरह से निकल जाएगी। दरवाज़ों के हत्थे भी इस मिश्रण से साफ़ कर सकते हैं।

* **नल व शावर** पर पानी के दाग़ पड़ना सामान्य है। इन्हें साफ़ करने के लिए नींबू को इन पर रगड़ें और आधे घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। फिर पानी से धो लें। पानी के दाग़ साफ़ हो जाएंगे।

* **कालीन** या अन्य सतहों से ग्रीस के दाग़ साफ करने के लिए एक भाग नमक के साथ चार भाग रबिंग एल्कोहल को मिलाएं। इस मिश्रण को दाग़ पर रगड़ें। जब मिश्रण सूख जाए तो ब्रश या वैक्यूम क्लीनर से साफ़ कर दें।

* **बेकिंग सोडा सोफ़े, गद्दे** आदि से बदबू और दाग़ को दूर करने में मदद करता है। सोफे की सतह को पहले ब्रश से साफ़ करें, फिर उस जगह पर बेकिंग सोडा छिड़कें। बीस मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें फिर ब्रश या वैक्यूम क्लीनर से साफ़ कर दें। सोफ़ा नए जैसा हो जाएगा।

* एक कप सिरका और आधा कप बेकिंग सोडा गर्म पानी के साथ मिलाकर **बाथरूम, वॉश बेसिन** को साफ़ करें। कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर पानी डालकर धो लें।

# इस दीपावली लेते हैं प्रण घर के सामान को जगह पर रखने का



दीपावली का त्योहार घर की सफ़ाई के लिए बेहद अहम माना जाता है। इस समय हर एक कोने को व्यवस्थित किया जाता है। शौक़ से नए सामान लिए जाते हैं। लेकिन अक्सर हम नए सामान को तो ले आते हैं पर पुराने को हटाते नहीं हैं या सजावट की चाह में सामान भरते चले जाते हैं जो घर को अव्यवस्थित बना देता है। आज हम घर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां कुछ तरक़ीबें पेश कर रहे हैं। आइए नज़र डालते हैं।

### ट्रैवलर स्टाइल

ज़रूरी सामान की पहचान का ये तरीक़ा सबसे आसान और सटीक है। एक बैग लें जिसे आप यात्रा के लिए इस्तेमाल करते हों। इसमें ज़रूरी कपड़ों से लेकर टॉयलेटरीज़ (बाथरूम में इस्तेमाल होने वाला सामान) तक रखें। इससे आप समझ जाएंगे कि कितने सामान की आपको आवश्यकता रहती है। इसके अलावा एक बैग बैकअप का रखें। इसमें घर के कपड़े आदि रखें। इसके अलावा बाक़ी कपड़े व अन्य फ़िज़ूल सामान हटा दें।

### एक दिन 5 सामान

घर में सामान को जगह पर न रखने की आदत-सी हो जाती है। जैसे रिमोट, चाबियां, अख़बार कहीं भी रख देते हैं। इस पद्धति से रोज़ 5 सामानों को जगह पर रखने का संकल्प लें। जैसे रिमोट को टेबल पर या उसकी निश्चित जगह पर ही रखेंगे, चाबियां आकर की-होल्डर पर टांगेंगे, बाहर से आकर कपड़े लॉन्ड्री बैग में डालेंगे। इस तरह की आदतें आपको व आपके घर दोनों को ही व्यवस्थित रखेंगी।

### एक बैग रोज़ भरें

हम सालभर में काफ़ी सारा फ़िज़ूल सामान इकट्ठा कर लेते हैं। इनमें कपड़े, खिलौने, सजावटी सामान आदि शामिल है। इन्हें हटाने के लिए एक बैग का चयन करें। एक दिन में बैग को भरने का लक्ष्य रखें। एक कमरे की सफ़ाई से शुरू करें। जैसे बच्चों के कमरे से शुरुआत कर रहे हैं तो ऐसे खिलौने हटा दें जिनसे वो खेलते नहीं हैं। फिर उनका वॉर्डरोब साफ़ करें। यहां से छोटे हो चुके कपड़े या फिर ऐसे कपड़े जो वे पहनना पसंद नहीं करते, उन्हें छांटकर, धोकर ज़रूरतमंद को दे दें। इसी तरह से बाक़ी कमरों की सफ़ाई करें।

### रखने के बजाय टांगें

कुछ चीज़ें बहुत जगह लेती हैं और इन्हें निकालते समय बाक़ी सामान बिखर जाता है। जैसे बैग्स, जूलरी, टिफिन के कवर, दुपट्टे आदि। इसलिए इन्हें टांगना ज़्यादा अच्छा विकल्प है। हैंगर पर दुपट्टे व स्टोल्स टांगें और पर्दे के रिंग्स पर बैग, टिफिन कवर्स और जूलरी आदि को लटकाएं। इससे जगह बचेगी और सामान भी बिखरा नज़र नहीं आएगा।

### 15 मिनट सफ़ाई

हर रोज़ 15 मिनट का समय डस्टिंग के लिए निकालें। इसमें सिर्फ़ एक कमरे को 15 मिनट देने हैं जिसमें फर्नीचर पोंछना, डेकोरेटिव पीस पोंछना और बाक़ी डस्टिंग शामिल है। हर कमरे के लिए 15-15 मिनट का समय निर्धारित करें। टाइमर लगाकर सफ़ाई करें, ताकि आपको समय का अंदाज़ा रहे। इस तरह से सफ़ाई करने पर समय भी बचेगा और रोज़ाना डस्टिंग से सामान पर धूल भी नहीं चढ़ेगी। हां, जगह और सामान के अनुसार समय को कम या ज़्यादा कर सकते हैं।

# फर्नीचर अरेंजमेंट एक कठिन निर्णय

**फर्नीचर अरेंजमेंट** एक कठिन निर्णय हो सकता है पर नयापन लाने के लिए ऐसा करना ज़रूरी है, क्योंकि सिर्फ़ फर्नीचर की जगह बदलने भर से घर का कायापलट हो जाता है।



### सोफ़ों का रख-रखाव

-अगर कमरे में खिड़कियां हैं तो सोफ़े को खिड़की से सटाकर न रखें। ऐसा करने से रोशनी प्रभावित होगी। उन्हें खिड़की से थोड़ा आगे खिसकाकर या फिर खिड़की की ओर ऐसे रखें, ताकि जब कोई बैठे तो उसका चेहरा खिड़की की ओर रहे।

-अगर कमरे में टीवी रखा है तो मुख्य सोफ़ा टीवी की ओर करके रखें। कई लोग टीवी के साइड में सोफ़े रख देते हैं, जो कि ग़लत है। इससे जो सोफ़े पर बैठेगा उसे टीवी देखने के लिए गर्दन मोड़नी पड़ेगी जो कि सही नहीं है।

-बैठने की व्यवस्था करते समय अगर सोफ़े कम लगें तो आसपास कुर्सियां या मोढ़े रख सकते हैं। इस बात का ख़्याल रखें कि बैठने वालों की एक-दूसरे से दूरी 8 फीट से ज़्यादा न हो। फर्नीचर के बीच 30 इंच की दूरी हो, ताकि निकलने में समस्या न आए। कॉफी टेबल व सोफे के बीच 14 से 18 इंच की दूरी बनाए रखें।

-अगर कमरे में टीवी नहीं लगाना चाहते तो सोफ़ों को बीचों-बीच रखें। इससे कमरा बड़ा लगेगा और कमरे के कोने में पौधे और बाक़ी डेकोरेटिव पीस रख सकेंगे। चाहें तो कमरे के एक कॉर्नर में मोढ़े या आरामकुर्सी रख सकते हैं।

-सोफ़ों को अगर बीच में रख रहे हैं तो ऐसे व्यवस्थित करें कि आसपास से निकलने में मुश्किल न हो।

-कालीन बिछा रहे हैं तो उसका आकार छोटा न हो, इस बात का ख़्याल रखें। सोफ़ों को कालीन पर रखने की कोशिश करें। अगर चारों पाये नहीं आ पा रहे हैं तो आगे के दो पाये रखने की कोशिश करें। सेंटर टेबल को कालीन के ऊपर ही रखें।

### बेडरूम फर्नीचर

- बेडरूम में फर्नीचर की व्यवस्था बनाते समय बेड के आकार पर विचार करें। बेड के दोनों तरफ़ कम से कम 2 फीट की जगह छोड़ें, ताकि चलने-फिरने में सुविधा रहे। बेड को दीवार से एकदम सटाकर न लगाएं।

- बेडरूम में पर्याप्त जगह है तो बैठने की व्यवस्था ज़रूर करें। इसके लिए बेड के सामने एक बैंच रख सकते हैं। अगर बैंच नहीं रखना चाहते तो एक कुर्सी भी रख सकते हैं। जगह की कमी हो तो बैंच की जगह दो छोटे स्टूल भी रख सकते हैं।

- बेड की व्यवस्था करते समय खिड़की की ओर बिस्तर रखें, ताकि बाहर के दृश्य दिखाई दें। हेडबोर्ड खिड़की से सटाकर न रखें। ऐसा करने से खिड़की छुप जाएगी। दरवाजे.के सामने बेड न रखें बल्कि बैंच, कुर्सी, ड्रेसिंग टेबल या फिर कुर्सी रखें।

- छोटे बेडरूम में फर्नीचर की अधिकता उसे और छोटा दिखाती है। इसलिए कोशिश करें कि सिर्फ़ ज़रूरत का फर्नीचर ही रखें। हां, अगर बेड के अलावा कुछ और रखना चाहते हैं तो जगह के मुताबिक़ छोटी कुर्सी या कम चौड़ी बैंच रख सकते हैं।

- अगर कुछ नई तरह से रूम को सैट करना चाहते हैं तो फोकल पॉइंट से शुरू करें। कमरे के बीच में बेड रखें और आसपास बाक़ी सामान जमाएं। लेकिन ऐसा तभी संभव होगा जब कमरे में पर्याप्त जगह होगी।

- कालीन बिछाना चाहते हैं तो बेड से बड़े आकार का गलीचा रखें, जो बिस्तर के दोनों तरफ़ कम से कम 2-2 फीट तक फैला हो।





## इंडिगो विमान की ईटानगर में 'टेस्ट लैंडिंग', पीएम मोदी करेंगे नए हवाई अड्डे का उद्घाटन

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक अघोषित कदम के तहत किफायती विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो ने अपने विमान को नवनिर्मित डोनी पोलो हवाई अड्डे पर सफलतापूर्वक उतारने का प्रशिक्षण किया। हवाई अड्डा अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में स्थित है।सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार अरुणाचल प्रदेश की हवाई कनेक्टिविटी 28 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। बता दें कि केंद्र सरकार की उड़ान स्कीम के तहत हवाई यात्रा को प्रोत्साहन देने



की कवायद के तहत अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐतिहासिक हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। यह कदम पर्यटन को बढ़ावा देगा और अरुणाचल की सुरक्षा को भी मजबूत करेगा क्योंकि पूर्वोत्तर राज्य तीन देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। चीन के साथ इसकी 1,160 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा लगी है, इसके अलावे भूटान और म्यांमार से भी कुछ सौ किलोमीटर की सीमा लगी है। उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने 27 अप्रैल 2017 को पहली उड़ान सेवा शुरू की थी। इस योजना का उद्देश्य हवाई सेवा के माध्यम से छोटे और मध्यम शहरों को बड़े शहरों से जोड़ना है।

## सेंसेक्स 550 अंक बढ़कर 58,960 पर बंद

### निफ्टी 178 अंक चढ़ा; बैंकों के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 549 अंकों की तेजी के साथ 58,960 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 178 अंक बढ़कर 17,489 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी दिन यह तेजी आई। सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयरों में तेजी देखने को मिली। वहीं सिर्फ 5 शेयरों में गिरावट रही।



**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अडाणी पोर्ट्स टॉप गेनर**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अडाणी पोर्ट्स, आयशर मोटर्स, आईटीसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लाइफ, नेस्ले इंडिया, अडाणी एंटरप्राइजेज, भारती एयरटेल समेत 39 शेयर्स निफ्टी-50 के गेनर्स रहे। वहीं एनटीपीसी, एचडीएफसी, सन फार्मा, ब्रिटानिया, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, ग्रासिम, बीपीसीएल और बजाज ऑटो समेत 11 शेयर्स निफ्टी के लूजर्स रहे।

**पीएसयू बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी**

एनएसई के सभी 11 सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी देखने को मिली। पीएसयू बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.97% की तेजी रही। मीडिया सेक्टर में 2.14% की बढ़त दिखी। बैंक, ऑटो, एफएमसीजी, आईटी, मेटल और रियल्टी सेक्टर में 1% से ज्यादा की तेजी रही। इनके अलावा फार्मा, प्राइवेट बैंक और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में भी मामूली तेजी देखने को मिली। तेजी देखने को मिल रही है।

**सोने में गिरावट और चांदी में तेजी, रुपया कमजोर**

वहीं सर्राफा बाजार में आज सोने में गिरावट और चांदी में तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट सोना 50,362 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी की बात करें तो ये 56,010 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 6 पैसे कमजोर हुआ है।

**सोमवार को तेजी में बंद हुआ था बाजार**

वहीं हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को बाजार तेजी में बंद हुआ था। सेंसेक्स 491 अंकों की तेजी के साथ 58,410 पर बंद हुआ। निफ्टी 126 अंक बढ़कर 17,311 के स्तर पर बंद हुआ था।

## सोने-चांदी के भाव में बदलाव, 46111 हुआ 22 कैरेट गोल्ड का भाव

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। धनतेरस-दिवाली से पहले सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के भाव में बदलाव नजर आ रहा है। सोमवार के बंद भाव के मुकाबले आज सोना जहां कम भाव पर खुला तो चांदी आज महंगी होकर खुली। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक मंगलवार को 24 कैरेट सोने का भाव 91 रुपये सस्ता होकर 50339 रुपये पर खुला। वहीं, चांदी 490 रुपये प्रति किलो महंगी होकर 56105 रुपये पर पहुंच गई। जीएसटी समेत 24 कैरेट सोने का भाव 51849 रुपये है। 23 कैरेट गोल्ड की कीमत



अब जीएसटी के साथ 51641 रुपये पर पहुंच गई है। आज यह 50137 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुली। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 46111 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अब 3 प्रतिशत जीएसटी के साथ सोने की कीमत 47494 रुपये है। 18 कैरेट गोल्ड का रेट 37754 रुपये पर है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत अब 38886 रुपये हो गई है। 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 29448 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसमें जीएसटी जोड़ लें तो इस सोने का भाव 30331रुपये पर पहुंच गया है। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5915 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 19903 रुपये सस्ती है। आईबीजेए द्वारा जारी यह औसत रेट है, जो कई शहरों से लिए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है।

## आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा- लंबी चलेगी महंगाई पर काबू पाने की लड़ाई

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने कहा कि महंगाई पर काबू पाने की लड़ाई लंबी चलेगी क्योंकि मौद्रिक नीति के तहत उठाए कदमों का असर दिखने में समय लगेगा। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा ने कहा, अगर हम इसमें सफल होते हैं तो नकारात्मक महंगाई से जूझ रही बाकी दुनिया के मुकाबले सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक के तौर पर भारत की संभावनाएं मजबूत करेंगे। पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने अर्थव्यवस्था की हालत पर लिखे लेख में कहा, महंगाई के खिलाफ जारी जंग का सुखद नतीजा विदेशी निवेशकों में नया जोश भरेगा। बाजारों और जीडीपी



को स्थिरता देगा। खुदरा महंगाई सितंबर में बढ़कर 7.41 फीसदी पर पहुंच गई।

**5-6 तिमाहियों में दिखेगा असर : जयंत वर्मा**

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा कि कठोर मौद्रिक नीतियों का महंगाई पर असर अगली 5-6 तिमाहियों के बाद ही दिखेगा। उन्होंने कहा, हमारा महंगाई का लक्ष्य 4 फीसदी है जिसमें 2 फीसदी कम या ज्यादा का भी विकल्प है। उन्होंने कहा, इसमें संदेह नहीं है कि केंद्रीय बैंक के इस कदम से महंगाई कम होगी। हालांकि, कठोर नीतियों का असर दिखना अभी बाकी है। इसका असर दिखेगा और कीमतें भी नीचे आएंगी। आरबीआई ने बुलेटिन में हरित जीडीपी के लिए पर्यावरण मंत्रालय के तहत एक समर्पित इकाई बनाने का भी सुझाव दिया है।

यह इकाई पर्यावरणीय नुकसान, प्राकृतिक संसाधनों में कमी और संसाधनों की बचत से जुड़ी गणनाएं कर जीडीपी में उनका समायोजन करेगा। भारत के सामाजिक व विकास उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय प्रणाली को हरित वित्त पोषण की ओर बढ़ने की जरूरत है।

## केंद्र ने खाद्यान्नों की एमएसपी बढ़ाई

### गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 110 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने देश में खाद्यान्नों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का एलान किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सरकार के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2023-24 के लिए सभी रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दलहन (मसूर) के एमएसपी में 500 रुपये प्रति क्विंटल की पूर्ण उच्चतम वृद्धि को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने सरसों की एमएसपी में 400 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। वहीं जूट की एमएसपी में 110 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। सीएसीपी की सभी सिफारिशों को कैबिनेट से मंजूरी मिली है। केंद्र सरकार ने एमएसपी बढ़ाने का फैसला कर किसानों को दिवाली का बड़ा तोहफा दिया है। बता दें कि कृषि लागत



और मूल्य आयोग ने गेहूं समेत सभी रबी फसलों की एमएसपी में 9% बढ़ोतरी की सिफारिश की थी।

**गेहूं की एमएसपी 110 रुपये प्रति क्विंटल बढ़कर 2125 रुपये हुई**

मसूर की एमएसपी को 5500 रुपये से बढ़ाकर 6000 रुपये प्रति क्विंटल कर दी है। इसके अलावा, गेहूं की एमएसपी में 110 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा किया गया है। यह अब 2015 रुपये बढ़कर 2125 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है।

**क्या होता है न्यूनतम समर्थन मूल्य ? यह क्यों तय किया जाता है ?**

एमएसपी या न्यूनतम समर्थन मूल्य वह कीमत है जिस पर सरकार, किसानों से फसल खरीदती है। ऐसे में सरकार किसानों से जिस भाव पर खाद्यान खरीदती है उसे ही न्यूतम समर्थन मूल्य या एमएसपी कहा जाता है। किसी फसल का एमएसपी इसलिए तय किया जाता है ताकि किसानों को किसी भी हालत में उनकी फसल का उचित न्यूनतम मूल्य मिलता रहे। वर्तमान में, सरकार खरीफ और रबी दोनों मौसमों में उगाई जाने वाली 23 फसलों के लिए एमएसपी तय करती है।

**वर्ष में दो बार तय किया जाता है न्यूनतम समर्थन मूल्य**

सरकार की तरफ से एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का एलान कृषि लागत व मूल्य आयोग की सिफारिश पर वर्ष में दो बार रबी और खरीफ के मौसम में किया जाता है। गन्ने का समर्थन मूल्य गन्ना आयोग तय करता है।

## फिच रेटिंग्स ने अमेरिकी इकोनॉमी पर दी चेतावनी

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी इकोनॉमी में मंदी पर छिड़ी बहस के बीच रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने एक नई बात कही है।

फिच ने बताया है कि उच्च मुद्रास्फीति और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बड़ी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से देश की इकोनॉमी मंदी की ओर तो जा रही है लेकिन यह 1990 के पैटर्न की तरह होगी। फिच ने कहा कि फेड रिजर्व ब्याज दरें बढ़ाकर उपभोक्ता खर्च को इस हद तक कम कर देगा कि यह 2023 की दूसरी तिमाही के दौरान मंदी का कारण बनेगा।

हालांकि, उम्मीद की किरण यह है कि अगली मंदी पिछले दो प्रमुख मंदी की तरह विनाशकारी नहीं होगी। फिच रेटिंग्स के अर्थशास्त्रियों ने कहा कि हम जिस अमेरिकी मंदी की उम्मीद कर रहे हैं वह काफी हल्की है।

ठीक उसी तरह की मंदी है, जैसी 1990 के दौरान थी। जीडीपी अनुमान कमः हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने इस साल और अगले साल के लिए अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को भी घटा दिया है। फिच के मुताबिक अगले साल जीडीपी के सिर्फ 0.5% बढ़ने की उम्मीद है।

इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने जून माह में 1.5% से नीचे रहने का पूर्वानुमान लगाया था। फिच रेटिंग्स का ये अनुमान ऐसे समय में आया है जब वॉल स्ट्रीट के कई अर्थशास्त्री इस बात पर कायम हैं कि अमेरिकी मुद्रास्फीति अगले वर्ष में काफी धीमी हो जाएगी। आपको बता दें कि अर्थशास्त्रियों ने अगली कुछ तिमाहियों के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमानों को बढ़ा दिया था।

## डिफेंस सेक्टर में अडानी की बड़ी डील: 400 करोड़ में खरीद डाली ये दिग्गज कंपनी

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अडानी ग्रुप की कंपनी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने भारत के सबसे बड़े इंडिपेंडेंट एयरक्राफ्ट मेंटनेंस मरम्मत और ओवरहाल ऑर्गेनाइजेशन एयर वर्क्स ग्रुप में हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। अडानी ग्रुप एयर वर्क्स को टेकओवर करेगा। इसके लिए एक डील साइन की गई है। यह डील 400 करोड़ रुपये की है। बता दें कि एयर वर्क्स का 27 शहरों में सबसे बड़ा पैन इंडिया नेटवर्क है। अडानी समूह की डिफेंस कंपनी ने एक बयान में कहा, एयर वर्क्स कंपनी प्रमुख रक्षा और एयरोस्पेस प्लेटफार्म्स के



लिए देश के भीतर बड़े स्तर पर कारोबार कर रही है। बयान के मुताबिक, भारतीय वायु सेना के 737 वीवीआईपी विमानों के लैंडिंग गियर पर पहले पी-8आई विमान फेज, फेज 32 से फेज 48 चेक और एमआरओ तक, एयर वर्क्स अपने ईएएसए से विमान के एटीआर 42/72, ए320 और बी737 बेड़े के लिए आधार रखरखाव करता है। मुंबई, दिल्ली, होसुर और कोच्चि में डीजीसीए-प्रमाणित सुविधाएं हैं।

## एलन मस्क और मुकेश अंबानी के बीच हो सकती है बड़ी टक्कर

### इस क्षेत्र में उतरने जा रहे हैं टेस्ला के मुखिया

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति और टेस्ला के मुखिया एलन मस्क भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी को जल्द ही टक्कर देते हुए नजर आ सकते हैं। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स ने टेलीकॉम डिपार्टमेंट के पास सैटेलाइट के जरिए ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन सर्विसेज प्रदान करने के लिए आवेदन दिया है। परमिशन मिलने के बाद एलन मस्क की कंपनी स्पेस के जरिए ब्रॉड-बैंड सुविधा भारत में दे सकेगी। जहां उसकी टक्कर रिलायंस जियो जैसी कंपनियों से होगी। ईटी को इस पूरे मसले की जानकारी रखने वाले अधिकारी ने



बताया कि स्पेस एक्स ने इससे पहले भी एक्सपेरिमेंटल लाइसेंस के लिए अप्लाई किया था, लेकिन बाद में उसे वापस ले लिया था। अब उन्होंने जीएमपीसीएस लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। हालांकि, एलन मस्क की कंपनी की तरफ इस मसले पर कोई बयान नहीं आया है। बता दें, स्पेस एक्स को अगर परमिशन मिली तो वह वन वेब और रिलायंस जियो इंफोकॉम के बाद इस क्षेत्र की तीसरी कंपनी होगी। ईटी को डिपॉर्टमेंट ऑफ टेलीकॉम के अधिकारियों ने बताया कि जीएमपीसीएस मिलने का मतलब यह नहीं कि स्पेस-एक्स जल्द यह सर्विस शुरू कर देगी। इसके बाद भी सर्विस देने के लिए कंपनी को कई चरणों से गुजरना पड़ेगा। जीएमपीसीएस लाइसेंस के बाद कंपनी को स्पेस डिपार्टमेंट से अप्रूवल लेना होगा। उसके बाद कंपनी को स्पेक्ट्रम के लिए अप्लाई करना होगा। एक्सपर्ट की माने तो मस्क की कंपनी लाइसेंस मिलने के बाद न्यू कम्युनिकेशन स्पेस पॉलिसी पर भी क्लियरटी होने के बाद ही निवेश करेगी। एक अनुमान के मुताबिक 2025 तक भारत स्पेस ब्रॉड बैंड सर्विस 13 अरब डॉलर को होगा।

## ओवीएल ने रूस के सखालिन-1 में 20 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया शुरू की

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनी ओएनजीसी की विदेशी शाखा ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) ने एक रूसी प्रोजेक्ट में हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ओवीएल ने सुदूर पूर्व में स्थित रूस की सखालिन-1 तेल और गैस परियोजना में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर से लेने की पेशकश की है। सूत्रों के हवाले से मीडिया में यह जानकारी सामने आ रही है। बता दें कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसी महीने की शुरुआत में सखालिन-1 के परिचालक के रूप में कार्यरत अमेरिकी कंपनी एक्सॉनमोबिल की क्षेत्रीय सहायक इकाई - एक्सॉन नेफ्टेगाज के साथ करार को भंग कर दिया था और परियोजना तथा इसकी सभी संपत्तियों को एक नए परिचालक को स्थानांतरित करने का फैसला लिया था। पुतित के इस फैसले के बाद परियोजना के अन्य पूर्व विदेशी शेयरधारकों को अपनी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अब रूसी सरकार के पास आवेदन देना होगा। इन हिस्सेदारों में ओवीएल भी शामिल है।मामले से जुड़े तीन सूत्रों के अनुसार ओवीएल ने उक्त परियोजना में अपनी 20 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक सूत्र ने कहा, 'हम हिस्सेदारी बरकरार रखना चाहते हैं और स्थानीय कानून के मुताबिक हम वह सब करेंगे, जो हमें करने की जरूरत है।' एक अन्य सूत्र के अनुसार सखालिन-1 ओवीएल के लिए काफी फायदेमंद है और इस परियोजना के बिना कंपनी घाटे में चल रही इकाई होगी।

## सुजलॉन को अडाणी ग्रीन से मिला ऑर्डर:48.3 मेगावाट विंड पावर प्रोजेक्ट डेवलप करेगी कंपनी

मुंबई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। रिन्युएबल एनर्जी सर्विस प्रोवाइडर सुजलॉन ग्रुप को 48.3 मेगावाट विंड पावर प्रोजेक्ट को डेवलप करने का अडाणी ग्रीन एनर्जी से प्रोजेक्ट मिला है। सुजलॉन 23 यूनिट विंड टर्बाइन जनरेटर लगाएगी। यह प्रोजेक्ट गुजरात के मांडवी में स्थित है, और इसके 2023 में चालू होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि यह ऑर्डर अडाणी ग्रीन के पहले से मौजूद 226.8 मेगावाट के ऑर्डर के अतिरिक्त है जिसकी घोषणा 13 अगस्त को की गई थी। सुजलॉन इस प्रोजेक्ट को सप्लाई, इंस्टालेशन और कमीशन करके एग्जीक्यूट करेगी। यह पोस्ट-कमीशन ऑपरेशन




सुजलॉन एनर्जी शेयर प्राइस ₹7.80

और मेंटेनेंस सर्विस भी ऑफर करेगी। इस खबर के सामने आने के बाद मंगलवार को सुजलॉन के शेयरों में 4% से ज्यादा की तेजी देखी जा रही है। ये सुबह करीब 11.30 बजे 35 पैसे बढ़कर 7.80 पर कारोबार कर रहा था। इसकी डे रेंज 7.55 से 7.90 की रही है। ये 7.65 रुपए पर ओपन हुआ था। सुजलॉन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गिरीश तांती ने कहा, 'हमें खुशी है कि अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने मांडवी, कच्छ, गुजरात में अपने विंड एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए एडिशनल ऑर्डर के लिए हम पर भरोसा जताया।' सुजलॉन ग्रुप के सीईओ अश्विनी कुमार ने कहा कि सुजलॉन विंड टरबाइन में आमतौर पर 70-80% घरेलू सामग्री होती है और भारत में मैन्युफैक्चर होती है, जो आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप है। तुलसी आर तांती का साल 1995 में कपड़े का व्यवसाय था। उन्होंने कपड़ा कंपनी की एनर्जी जरूरतों को पूरा करने के लिए विंड एनर्जी प्रोडक्शन में कदम रखा था। इसी कारण तांती ने 1995 में ही सुजलॉन की स्थापना की थी। सुजलॉन ग्रुप का हेडक्वार्टर पुणे में है।

इसकी उपस्थिति 17 देशों में है। तुलसी तांती का 1 अक्टूबर को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। अश्विनी कुमार ने कहा, 'इस कठिन समय में, कंपनी के अत्यधिक अनुभवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और सीनियर मैनेजमेंट तांती की विरासत को आगे बढ़ाने को पूरी तरह से कमिटेड है।'

## कर्ज में डूबी अनिल अंबानी की कंपनी को बड़ी राहत, इस प्रकरण में मिला 31 जनवरी तक का समय

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल की कर्ज समाधान प्रक्रिया के लिए समयसीमा 31 जनवरी, 2023 तक बढ़ा दी है। पहले इसकी समयसीमा एक नवंबर, 2022 तक थी।सूत्रों ने कहा कि यह समाधान प्रक्रिया में किया गया तीसरा विस्तार है। इसके पहले भी दो बार समयसीमा बढ़ाई जा चुकी थी। बता दें, कंपनी का शेयर मार्केट में भी बुरा हाल है। बीते 1 महीने के दौरान कंपनी के शेयर 18 प्रतिशत तक नीचे आ गए हैं। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) के नियमों के मुताबिक, प्रशासक को रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) के समाधान की प्रक्रिया मूल रूप से 180 दिनों के भीतर यानी तीन जून, 2022 तक पूरी कर लेनी थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाने से समयसीमा बढ़ाई जाती रही। इससे पहले



रिलायंस कैपिटल के ऋणदाताओं ने 75 करोड़ रुपये की अग्रिम जमा राशि (ईएमडी) के साथ बाध्यकारी बोलियां जमा करने के लिए बोलीदाताओं को 31 अक्टूबर तक का समय दिया था। इस बार समयसीमा में 30 दिनों का विस्तार किया गया था लेकिन बोलीदाता इससे खुश नहीं थे। उनमें से अधिकांश ने दो-चार महीने के विस्तार की मांग की थी। रिलायंस कैपिटल को अपने कई व्यवसायों के लिए 14 गैर-बाध्यकारी बोलियां मिली थीं। छह कंपनियों ने पूरी कंपनी के लिए बोलियां जमा की थीं, जबकि बाकी बोलीदाताओं ने इसकी कई सहायक कंपनियों के लिए बोलियां जमा की थीं। बोलीदाताओं के पास दो विकल्प हैं। पहले विकल्प के तहत वे पूरी कंपनी के लिए बोलियां जमा कर सकते हैं जबकि दूसरे विकल्प के तहत वे कंपनी के विशिष्ट कार्यक्षेत्रों के लिए बोली लगा सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि टॉरेंट, इंडसइंड बैंक, ओकट्री, कॉस्मिया फाइनेंशियल, ऑथम इन्वेस्टमेंट और बी राइट रियल एस्टेट ने रिलायंस कैपिटल की पूरी संपत्ति के लिए 4,000 करोड़ रुपये से 4,500 करोड़ रुपये की बोली जमा की है। सूत्रों ने कहा कि रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कारोबार के लिए पीरामल फाइनेंस ने 3,600 करोड़ रुपये की पेशकश की है, जबकि ज्यूरिख इंश्योरेंस की बोली 3,700 करोड़ रुपये की है।

# पाक को खतरनाक देश बताकर क्यों पलट गया अमेरिका, दो बड़े कारण

बाइडेन ने पाकिस्तान को परमाणु युक्त सबसे खतरनाक देश बताया बाइडन के बयान के बाद एक-एक करके पाकिस्तान के नेता, अभिनेता से लेकर पत्रकार और राजनयिक तक अमेरिका को घेरने लगे।
पाकिस्तानी सरकार ने अमेरिकी राजदूत को तलब करके अपनी आपत्ति जताई और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बयान को स्पष्ट करने के लिए कहा था।






नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में जारी सियासी उठापठक के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के एक बयान ने भूचाल ला दिया है। बाइडेन ने पाकिस्तान को परमाणु युक्त सबसे खतरनाक देश बताया। बाइडन के बयान के बाद एक-एक करके पाकिस्तान के नेता, अभिनेता से लेकर पत्रकार और राजनयिक तक अमेरिका को घेरने लगे। पाकिस्तानी सरकार ने अमेरिकी राजदूत को तलब करके अपनी आपत्ति जताई और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बयान को स्पष्ट करने के लिए कहा। अब अमेरिकी प्रवक्ता ने इस मामले में सफाई पेश की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने इसको लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा, 'अमेरिका पाकिस्तान की प्रतिबद्धता और अपने परमाणु हथियार सुरक्षित रखने की क्षमता के प्रति आश्वस्त है। अमेरिका ने हमेशा एक सुरक्षित और समृद्ध पाकिस्तान को अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण माना है। पाकिस्तान के साथ लंबे समय से चले आ रहे सहयोग के लिए भी अमेरिका महत्व देता है।'

**पहले जानिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने क्या कहा था?**

बाइडेन डेमोक्रेटिक कांग्रेस अभियान समिति के स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'दुनिया बदल रही है। बहुत तेजी से बदल रही है। यह स्थिति नियंत्रण से बाहर की है। ऐसा किसी एक व्यक्ति और एक देश की वजह से नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1946 के बाद शांति बनी रही। आज की दुनिया बदली हुई है। किसी ने कभी सोचा होगा कि क्यूबा मिसाइल संकट के बाद एक रूसी नेता परमाणु हथियारों को लेकर रणनीतिक रूप से धमकी दे रहा है? क्या किसी ने सोचा होगा कि हम उस स्थिति में होंगे जब रूस, भारत और पाकिस्तान के मामले में चीन अपनी भूमिका तय करने की कोशिश करेगा?' बाइडन ने कहा, 'अमेरिका और पूरी दुनिया में जितना लंबा समय मैंने शी जिनपिंग के साथ बिताया है, उतना किसी व्यक्ति ने नहीं बिताया।

बराक ओबामा ने मुझे ही यह जिम्मेदारी सौंपी थी। मैंने शी जिनपिंग के साथ 17,000 मील की यात्रा की है। इस व्यक्ति को पता है कि वह क्या चाहता है लेकिन इसके साथ ही बड़ी समस्या भी है। हमें इसे कैसे हैंडल करना है? रूस में जो कुछ चल रहा है, उसे कैसे हैंडल करना है? और मुझे लगता है कि शायद दुनिया का सबसे खतरनाक देश पाकिस्तान है। एक गैर-जिम्मेदार देश के पास परमाणु हथियार है।'

**बाइडेन के बयान पर पाकिस्तान ने किया था पलटवार**

जो बाइडेन के इस बयान के बाद पाकिस्तान में हलचल तेज हो गई। सत्ता से लेकर विपक्ष तक के नेताओं ने अमेरिका पर पलटवार शुरू कर दिया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत का नाम भी इसमें शामिल कर दिया। भुट्टो ने कहा, 'पाकिस्तान की परमाणु संपत्ति सुरक्षित है। ये अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा के अनुसार प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय मानक को पूरा करती है।' भुट्टो ने आगे भारत का जिक्र भी किया। कहा, ' परमाणु सुरक्षा को लेकर अगर कोई सवाल है तो बाइडेन को हमारे पड़ोसी भारत को निर्देशित करना चाहिए, जिन्होंने हाल ही में गलती से पाकिस्तानी क्षेत्र में मिसाइल दागी थी। यह न केवल गैर-जिम्मेदार है, बल्कि परमाणु सक्षम देशों की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंता पैदा करता है। इसलिए मैं पाकिस्तान को लेकर दिए गए बाइडेन के बयान से हैरान हूं।'

**दो कारण, अमेरिका ने क्यों पलटी मारी?**

इसे समझने के लिए हमने विदेश मामलों के जानकार डॉ. आदित्य पटेल से बात की। उन्होंने कहा, 'अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्ते इन दिनों काफी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। अमेरिका को पता है कि पाकिस्तान की चाहे जितनी मदद दे दी जाएगी, लेकिन वह चीन का साथ नहीं छोड़ेगा। चीन के कर्ज तले पाकिस्तान पूरी तरह से दब चुका है। ऐसे में समय-समय पर अमेरिका अलग-अलग मुद्दों को लेकर पाकिस्तान की खिंचाई करता रहता है। अपने बयानों के जरिए अमेरिका पाकिस्तान को ये जताने की कोशिश करता है कि अगर ज्यादा उसके खिलाफ जाओगे तो ठीक नहीं होगा। ये एक तरह से चेतावनी होती है। अब आप सोच रहे होंगे कि चेतावनी देने के बाद अमेरिका पलटी क्यों मार लेता है? इसके लिए दो बड़े कारण हैं।'

**1. संबंधों को स्थिर रखने के लिए**

अमेरिका बड़ा और ताकतवर देश है। उसकी ताकत इसलिए भी है कि छोटे देशों पर उसका अधिक प्रभाव होता है। आर्थिक, सामाजिक, रक्षा क्षेत्रों में अमेरिका तमाम छोटे देशों की मदद करता है। पाकिस्तान भी उनमें से एक है। अमेरिका और चीन के बीच इस वक्त सैद्धांतिक लड़ाई चल रही है। इस लड़ाई में चीन को पीछे करने के लिए अमेरिका को एशियाई देशों की मदद चाहिए। चीन के खिलाफ सबसे ज्यादा भारत खड़ा रहता है। भारत और अमेरिका के रिश्ते काफी अच्छे हैं। हालांकि, अमेरिका पाकिस्तान को भी नाराज नहीं करना चाहता है। अमेरिका चाहता है कि अगर कभी जरूरत पड़ी तो भले ही पाकिस्तान हमारा साथ न दे, लेकिन कम से कम वह चीन का साथ भी न ही दे। यही कारण है कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों को स्थिर रखना चाहता है। इसके लिए बीच-बीच में अलग-अलग तरह से पाकिस्तान की मदद भी करता रहता है।

**2. एशियाई देशों पर प्रभाव बरकरार रखने के लिए**

पाकिस्तान चीन के साथ-साथ अफगानिस्तान, ईरान और भारत के साथ सीमा साझा करता है। अभी तक अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना तैनात थी, जिसे जो बाइडेन सरकार ने वापस बुला लिया। हालांकि, अमेरिका नहीं चाहता है कि उसका प्रभाव यहां से कम हो। अगर कभी जरूरत पड़ी तो अफगानिस्तान में वह सीधे घुस सके। ये बगैर पाकिस्तान की मदद के नहीं हो सकता है। अमेरिका के पलटी मारने का एक बड़ा कारण ये भी है। अमेरिका एशियाई देशों पर अपना प्रभाव बरकरार रखता चाहता है। चीन पर हावी होने के लिए भी ये जरूरी है।



# शी जिनपिंग की तानाशाह सरकार

## चीन में 15 लाख लोग गिरफ्तार, ताजपोशी से पहले छावनी बनी बीजिंग

बीजिंग, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। शी जिनपिंग लगातार तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। बीजिंग की सड़कों पर भी इसकी तैयारी देखने को मिल रही है। किसी भी तरह के विरोध की आवाज को दबाने के लिए चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा 15 लाख से अधिक लोगों को गिरफ्तार या फिर नजरबंद किया गया है। अधिकारियों ने ऐसे किसी भी व्यक्ति को भी शहर में प्रवेश करने से रोक दिया है, जिसने एक कोरोना वायरस से संक्रमित इलाकों की यात्रा की है। साथ ही लोगों के पहचान पत्र की भी गहन जांच की जा रही है। रिपोर्ट में चीनी अधिकारी के हवाले से कहा कि बीजिंग की सड़कों पर तब तक यह पाबंदी जारी रहेगी, जब तक कि ताजपोशी का कार्यक्रम खत्म नहीं हो जाता है। आपको बता दें कि चीन में हर पांच साल में राष्ट्रीय कांग्रेस की बैठक बुलाई जाती है। इस सम्मेलन में देश के अगले नेताओं का अभिषेक किया जाता है।

अपने 10 वर्षों के शासन के दौरान शी जिनपिंग ने माओत्से तुंग के बाद चीन की सत्ता पर पकड़ मजबूत करने वाले दूसरे राजनेता बनकर उभरे हैं। उन्होंने बड़े पैमाने पर स्वतंत्र नागरिक समाज का सफाया कर दिया है। मानवाधिकार वकीलों को कैद कर लिया है। बीजिंग में सशस्त्र अधिकारी ग्रेट हॉल के चारों ओर सड़कों पर गश्त करते हैं। अगले रविवार को यहीं से जिनपिंग देश को संबोधित करेंगे। इन दिनों बीजिंग की सड़कों पर साइकिल सवारों को भी रोका जाता है और उनकी गहन जांच की जाती है। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने पिछले महीने घोषणा की थी कि अधिकारियों ने जून के अंत तक देश भर में 15 लाख से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

# अमेरिका: दिवाली उत्सव में स्थापित हुई भगवान राम की प्रतिमा

**देखने पहुंचे 10 हजार लोग रोकनी पड़ी एंट्री**



वाशिंगटन, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। दीपावली की सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि, अमेरिका तक में धूम है। अमेरिका के ह्यूस्टन में दिवाली-दशहरा पर आयोजित 11वां ग्रैंड इंटरनेशनल दिवाली दशहरा उत्सव इस बार यादगार हो गया। इस उत्सव में रिकॉर्ड 10 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे। इन लोगों में अमेरिकी सांसद, न्यायाधीश, मेयर व आयुक्त स्तर के अधिकारी भी शामिल थे। यह आयोजन ग्रेटर ह्यूस्टन के उपनगरीय इलाके शुगर लैंड स्थित कांस्टेलेशन फील्ड में किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, गैर सरकारी संगठन श्री सीताराम फाउंडेशन की ओर से 2012 से इस विशाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन के पदाधिकारी बताते हैं कि बीते कुछ सालों में इस उत्सव में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसमें सिर्फ भारतीय समुदाय के लोग न होकर अलग-अलग धर्मों के लोग भी शामिल हैं। इस बार इस उत्सव में टेक्सास प्रांत के गवर्नर ग्रेब एबॉट, ह्यूस्टन मेयर सिल्वेस्टर टर्नर दशहरा परेड में शामिल हुए। वहीं पिछले साल 15 देशों के महावाणिज्य दूत इसमें शामिल हुए थे। पदाधिकारियों ने बताया, आयोजन स्थल को सुंदर तरीके से सजाया गया है, जिसमें अलग-अलग रंगों से रोशनी की गई है। वहीं यहां के फूड बाजार में भारत के हर कोने का व्यंजन परोसा जा रहा है। अमेरिका में चल रहे इस दिवाली उत्सव में भारतीय संस्कृति के हर रंग को दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। लोक नृत्य, भारतीय मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा उत्सव स्थल पर भगवान राम की 35 फीट तो हनुमान की 24 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके अलावा राम-रावण के बीच हुए युद्ध का मंचन भी यहां किया जा रहा है। श्री सीता राम फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने बताया, हम अमेरिकियों के सामने भारत की जीवंत संस्कृति, नैतिक मूल्यों को दिखाने का प्रयास कर रहे हैं।

## आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद रुड़की में एनआईए की छापेमारी से मचा हड़कंप

रुडकी, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरिद्वार से पिछले दिनों दो आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद आज रुड़की में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम ने उत्तराखंड में कई जगह छापे मारे हैं। इनमे से रुड़की में पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को उठाने की बात भी सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार, रुड़की से नगला इमरती में सुबह करीब 6:00 बजे एनआईए टीम पहुंची। दो गाड़ियों में पहुंचे एनआईए के छह लोगों ने करीब 20 मिनट तक पूछताछ की और इसके बाद टीम निकल गई। बताया गया है कि एक टीम ने ज्वालापुर पहुंच कर भी छानबीन की है। बता दें कि कुछ दिन पहले एनआईए ने यहां से संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था जिनमें नगला इमरती निवासी युवक भी शामिल है।

# बिगड़ती ही जा रही है ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था

## भारी पड़ रहा है लिज ट्रस का नेतृत्व

ड्यूश बैंक और बार्कलेज बैंक ने अनुमान लगाया है कि ब्रिटिश सेंट्रल बैंक- बैंक ऑफ इंग्लैंड नवंबर में होने वाली अपनी अगली बैठक में ब्याज दर में 0.75 फीसदी की बढ़ोतरी करेगा।
इससे आर्थिक विकास की संभावना और कमजोर होगी।
गोल्डमैन सैक्श का अनुमान है कि ब्रिटेन में ब्याज दर 4.75 फीसदी तक पहुंच जाएंगी...



लंदन, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन पर मंदी का साया लगातार गहराता जा रहा है। अब इसके उससे कहीं ज्यादा गंभीर होने का अंदेशा जताया जा रहा है, जैसा पहले सोचा गया था। इस बारे में मार्केट एनालिसिस करने वाली एजेंसियां अपने अनुमानों को अब नए सिरे से पेश कर रही हैं। इस सिलसिले में सबसे ताजा अनुमान अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्श ने सामने रखा है। गोल्डमैन सैक्श ने ब्रिटेन की आर्थिक संभावना का अनुमान गिरा दिया है। इसमें कहा गया है कि अगले वर्ष ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था एक फीसदी सिकुड़ेगी। इसके पहले ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में 0.4 फीसदी गिरावट का अनुमान इस बैंक ने लगाया था। अब यह साफ है कि ब्रिटेन की लिज ट्रस सरकार की आर्थिक नीतियां देश को बहुत भारी पड़ रही हैं। ट्रस ने सत्ता संभालते ही कॉरपोरेट टैक्स में कटौती का एलान किया था। उसके साथ निजी आय कर में भी छूट देने की घोषणा हुई थी। लेकिन ट्रस सरकार ने यह नहीं बताया कि इन कटौतियों से सरकारी खजाने को जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई कैसे की जाएगी। इससे ब्रिटेन का बॉन्ड बाजार ढहने के करीब पहुंच गया। उससे फैली अफरा-तफरी के बीच ट्रस ने यू-टर्न लेते हुए तमाम रियायतों को वापस ले लिया। उन्होंने अफरा-तफरी का दोष अपने वित्त मंत्री क्वासी क्वार्तेंग पर मढ़ते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया।

लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि उससे ट्रस सरकार में बाजार का भरोसा और घटा है। गोल्डमैन सैक्श की रिपोर्ट में भी ये बात झलकी है। उसने कहा है कि ब्रिटेन की आर्थिक वृद्धि दर ज्यादा कमजोर हो गई है, देश की वित्तीय स्थिति बिगड़ गई है और अब कॉरपोरेट टैक्स में अगले अप्रैल से प्रस्तावित 25 फीसदी की वृद्धि ने ऐसी स्थिति बना दी है, जिसमें ब्रिटिश अर्थव्यवस्था के प्रति नजरिया नकारात्मक हो गया है।

ड्यूश बैंक और बार्कलेज बैंक ने अनुमान लगाया है कि ब्रिटिश सेंट्रल बैंक- बैंक ऑफ इंग्लैंड नवंबर में होने वाली अपनी अगली बैठक में ब्याज दर में 0.75 फीसदी की बढ़ोतरी करेगा। इससे आर्थिक विकास की संभावना और कमजोर होगी। गोल्डमैन सैक्श का अनुमान है कि ब्रिटेन में ब्याज दर 4.75 फीसदी तक पहुंच जाएंगी।

मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म डिलॉइट ने एक बिजनेस सर्वे रिपोर्ट जारी की है, जिसमें ज्यादातर कंपनी अधिकारियों ने कहा कि ऊंची ब्याज दरों के बीच देश का मंदी से निकलना ज्यादा मुश्किल होता जा रहा है। आज देश में कर्ज लेना 2010 से भी ज्यादा महंगा हो गया है। इसलिए कंपनियां निवेश बढ़ाने की स्थिति में नहीं हैं। डिलॉइट के सर्वे में यह भी सामने आया कि ब्रिटेन की ज्यादातर कंपनियों का अनुमान है कि अगले एक साल में उनकी कमाई घटेगी। इसकी वजह लागत खर्च में हुई बढ़ोतरी है।

डिलॉइट के मुख्य अर्थशास्त्री इयन स्टीवर्ट ने ब्रिटिश अखबार द गार्जियन से बातचीत में कहा कि लागत में बढ़ोतरी और ब्याज दर ऊंची होने की वजह से कंपनियों को अपनी निवेश नीति में बदलाव लाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा- 12 साल तक आसान शर्तों पर कर्ज मिलने का चला दौर अब खत्म हो रहा है, इसकी वजह से कंपनियों लागत और ऋण दोनों के बारे में नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है।

# नाइजीरिया के गिरजाघर में फायरिंग

## एक महिला और उसकी बेटी की मौत प्रार्थना के दौरान हुआ हमला

अबुजा, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। नाइजीरिया में एक बार फिर बड़ा हमला हुआ है। मामला उत्तर-मध्य नाइजीरिया के गिरजाघर का है जहां प्रार्थना के दौरान बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिसमें एक महिला और उसकी छोटी बेटी की मौत हो गई। एक सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोगी राज्य के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी जैरी ओमोदरा ने बताया बाइक पर सवार होकर हमलावर रविवार को सेलेस्टियल गिरजाघर पहुंचे और उनके हमले में दो लोगों की मौत हो गई। यह गिरजाघर नाइजीरिया की राजधानी अबुजा से 105 किलोमीटर दूर कोगी राज्य के लोकोजा क्षेत्र में स्थित है। नाइजीरिया में इस साल अब तक गिरजाघरों और मस्जिदों पर हमले के कम से कम सात मामले सामने आ चुके हैं। जून में इसी प्रकार के एक हमले में करीब 50 लोगों की मौत हो गई थी।

**जून में भी हुआ था हमला**

इस साल जून के महीने में दक्षिण-पश्चिम नाइजीरिया के एक कैथोलिक गिरजाघर में हथियारबंद हमलावरों ने हमला कर दिया और विस्फोट भी किया, जिसमें करीब 50 लोगों मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया था कि हमलावरों ने ऑन्दो राज्य के सेंट फ्रांसिस कैथोलिक गिरजाघर को निशाना बनाया। यह हमला तब किया गया, जब श्रद्धालु ईसाइयों के त्योहार 'पेंटेकोस्ट संडे' के मौके पर वहां जमा हुए थे। मृतकों में कई बच्चे शामिल थे।

**मई में 31 लोगों की मौत हो गई थी**

इससे पहले 29 मई को दक्षिणी नाइजीरिया में एक गिरजाघर में एक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ में 31 लोगों की मौत हो गई थी और सात घायल हो गए थे।

# अमेरिका में ट्रेकिंग के दौरान

## गुंटूर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत

**परिवार ने शव भारत लाने के लिए लगाई मदद की गुहार**



वाशिंगटन, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के एक 32 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की रविवार को अमेरिका में एक ट्रेकिंग ट्रिप के दौरान मौत हो गई. अटलांटा में ट्रेकिंग के दौरान गुंटूर के रहने वाले गंगूरी श्रीनाथ की मौत हो गई. पिछले छह साल से अमेरिका में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपनी पत्नी और दोस्तों के साथ अटलांटा में ट्रेकिंग के लिए गए थे. श्रीनाथ के परिवार तक पहुंची जानकारी के मुताबिक, घटना रविवार को क्लीवलैंड माउंटेन हिल्स में हुई. पहाड़ों में ट्रेकिंग के दौरान वह गलती से करीब 200 फीट नीचे गिर गए. सिर में गहरी चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

**6 महीने पहले अटलांटा आ गए थे दंपति**

श्रीनाथ और उनकी पत्नी साईचरणी, जो एक सॉफ्टवेयर पेशेवर भी हैं, फ्लोरिडा में काम कर रहे थे. दंपति करीब छह महीने पहले अटलांटा चले गए थे. श्रीनाथ गुंटूर से तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता सुकावासी श्रीनिवास राव के दामाद थे. सॉफ्टवेयर इंजीनियर के माता-पिता मल्लेश्वरी और बाबू राव उनकी मौत की सूचना पाकर सदमे में हैं.

**परिवार ने लगाई मदद की गुहार**

परिवार ने सरकार से शव घर लाने के लिए मदद की गुहार लगाई है. श्रीनिवास राव पार्थिव शरीर को गुंटूर लाने की व्यवस्था करने के लिए तेलुगू एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (टाना) के अध्यक्ष अंजैया चौधरी और अमेरिका में अन्य अधिकारियों के संपर्क में है.

# बिल्डिंग से टकराया रूसी सुपरसोनिक फाइटर प्लेन

**17 अपार्टमेंट में लगी आग, 13 की मौत**



कीव, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूक्रेन के साथ सीमा के पास दक्षिणी रूसी शहर येस्क में एक आवासीय इमारत में रूसी सुपरसोनिक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस क्रैश में तीन बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है. इस हादसे में 19 लोगों के घायल होने की सूचना भी मिली है. रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एक प्रशिक्षण मिशन के लिए टेकऑफ के दौरान विमान एक इंजन में आग लग गई और वो येस्क के बंदरगाह शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. मंत्रालय ने बताया कि चालक दल के दोनों सदस्य सुरक्षित बाहर निकल गए, लेकिन विमान एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिस कारण वहां आग लग गई.

**17 अपार्टमेंट में लगी आग**

इस घटना के तुरंत बाद अधिकारियों ने स्थानीय अस्पतालों में आपातकालीन कमरे आरक्षित किए और चिकित्सा विमानों को तैयार किया. आग से कम से कम 17 अपार्टमेंट प्रभावित हुए और 250 निवासियों को वहां से निकालकर अस्थायी आवास में पहुंचाया गया. क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दुर्घटना के बारे में सूचित किया गया था और स्थानीय गवर्नर के साथ स्वास्थ्य और आपात स्थिति के मंत्रियों को साइट पर जाने का आदेश भी दिया गया था. सोमवार को कामिकेज़ ड्रोन से किए गए हमलों में कीव में 8 लोगों की मौत हो गई. यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस श्यामगल ने कहा कि रूस ने कीव में पांच हमले किए और सूमी और केंद्रीय निप्रॉपेट्रोस क्षेत्रों में ऊर्जा सुविधाओं के खिलाफ सैकड़ों कस्बों और गांवों में बिजली ठप कर दी. यूक्रेन ने कहा कि कीव में चार लोग मारे गए और अन्य चार सूमी के पूर्वोत्तर क्षेत्र से थे.

**ईरान पर रूस को ड्रोन देने का आरोप**

विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने तेहरान पर रूस को ड्रोन उपलब्ध कराने का आरोप लगाया. साथ ही मांग की कि यूरोपीय संघ ईरान पर भी प्रतिबंध लगाए. यूक्रेन की सेना ने कहा कि उसने सोमवार को ईरान में बने आठ ड्रोन और दो रूसी क्रूज मिसाइलों को मार गिराया.

**ईरान का इनकार**

हालांकि, ईरान इस बात से इनकार कर चुका है कि उसने युद्ध में किसी भी पक्ष को किसी भी तरह का हथियार निर्यात किया है. उधर, संयुक्त राज्य अमेरिका ने चेतावनी दी है कि वह कीव में हमलों के बाद तेहरान के ड्रोन कार्यक्रम के साथ काम करने वाली कंपनियों और राष्ट्रों के खिलाफ कार्रवाई करेगा.

## मलबा आने से बंदरकोट के पास बंद हुआ गंगोत्री हाईवे, लगातार गिर रहे पत्थर

देहरादून, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में आज मौसम साफ बना हुआ है। वहीं, पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन नहीं थम रहा है। मंगलवार सुबह गंगोत्री हाईवे बंदरकोट के पास मलबा आने से बंद हो गया। हाईवे पर लगातार पत्थर गिर रहे हैं। जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नहीं हो पा रही है। वाहनों का संचालन देवीधार और सकूर्णा होते हुए कराया जा रहा है। वहीं, तीर्थयात्रियों को भी इस रास्ते पर आने से मना किया जा रहा है। बीआरओ की टीम रास्ते को खोलने में जुटी है।
बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी होने के साथ ही बदरीनाथ धाम में बारिश हुई, जिससे यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके अलावा हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। बर्फबारी से निचले क्षेत्रों में भी ठंड बढ़ गई है।

# कैसे दूर होगी पाक की बदहाली?

## इमरान खान ने बताया एकमात्र समाधान

इस्लामाबाद, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाई और पीएमएल-एन (पाकिस्तान मुस्लिम लीग एन) के सुप्रीमो नवाज शरीफ को डर है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सत्तारूढ़ गठबंधन की तुलना में अधिक लोकप्रिय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इसलिए सरकार चुनावों में देरी करने का प्रयास कर रही थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक संकट का एकमात्र समाधान तत्काल और पारदर्शी चुनाव है। इमरान खान ने पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर राजा सुल्तान पर शरीफ सरकार के समर्थन में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया। चुनावी आयोग पर पक्षपाती होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, हमने देश में पारदर्शी चुनाव कराने के लिए ईवीएम की शुरुआत की थी, लेकिन सीईसी सिकंदर राजा ने पीएमएल-एन के समर्थन से इसे खराब कर दिया। पीटीआई अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी के पास सभी सबूत थे कि शरीफ की सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी खुले तौर पर धांधली में शामिल थी। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा, सिंध चुनाव आयुक्त प्रांतीय सरकार के पेरोल पर हैं और हम पहले ही उनके खिलाफ न्यायिक परिषद से संपर्क कर चुके हैं। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में आज तक पारदर्शी चुनाव नहीं हुए हैं। अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव के बाद सत्ता से बाहर हुए इमरान खान को एक दिन पहले रविवार को हुए उपचुनाव में नेशनल असेंबली की छह सीटों पर जीत हासिल हुई थी। उनकी पार्टी कथित तौर पर महत्वपूर्ण उपचुनाव में आठ नेशनल असेंबली सीटों में से छह को सुरक्षित करने में सफल रही।

# चीन के चंगुल में हमारे सूरज की ताकत

## भारत खुद बनाएगा सोलर मॉड्यूल मगर इसमें 40% सिलिकॉन चीन का

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम कहते थे- सूरज हमारा सबसे बड़ा दोस्त बन सकता है। हमारी जमीन को जलाने वाली इस चिलचिलाती धूप को हम एनर्जी में बदल दें तो सूरज हमारी मुट्ठी में होगा। मगर ये होना अभी बाकी है।

पिछले 2 सालों में सूरज को अपनी ताकत बनाने के लिए सरकारी नीतियों से लेकर निजी कंपनियों के पैसे तक बहुत कुछ लग चुका है मगर अभी तक हमारी सौर ऊर्जा पड़ोसी चीन के इशारों पर चलती ही दिख रही है।

देशी सोलर सेल्स और सोलर मॉड्यूल्स को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने इन दोनों ही चीजों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी है। यानी चीन से आयात के बजाय देशी प्रोडक्ट खरीदना सस्ता होगा। मगर दिक्कत ये है कि सोलर सेल्स बनाने के लिए पॉलिसिलिकॉन जरूरी है और इसका अभी 100% आयात होता है।

सरकार ने पॉलिसिलिकॉन के भी घरेलू निर्माण के लिए कवायद शुरू की है। सोलर एनर्जी सेक्टर में शुरू की गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम में उन्हीं कंपनियों को चुना जा रहा है जो पॉलिसिलिकॉन से सोलर मॉड्यूल्स तक सब कुछ यहीं बनाएं। पीएलआई की राशि भी बढ़ाकर 24 हजार करोड़ कर दी गई है।

कंपनियों ने पीएलआई के लिए पॉलिसिलिकॉन के निर्माण की तैयारी भी शुरू कर दी है मगर दिक्कत ये है कि इसके लिए जरूरी मेटलर्जिकल ग्रेड सिलिकॉन का भारत में निर्माण




नहीं होता। इसका आयात भी हम सबसे ज्यादा चीन से करते हैं।

समझिए, क्लीन-ग्रीन सोलर एनर्जी के साथ 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना पूरा करने की राह में अभी क्या रोड़े हैं और इन्हें दूर करने की कीमत क्या होगी।

**7 साल में 18 गुना बढ़ा है भारत में सोलर एनर्जी का बाजार**

पर्यावरण को बचाने के लिए फॉसिल फ्यूल के विकल्प के तौर पर जिस रिन्यूएबल एनर्जी पर निर्भरता बढ़ाने की तैयारी है, उसका सबसे बड़ा हिस्सा सोलर एनर्जी का ही है। सिर्फ भारत की बात करें तो 2014 से 2021 के बीच भारत में सोलर एनर्जी की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 2.63 गीगावॉट से 49.3 गीगावॉट तक यानी 18 गुना बढ़ गई है।

सिर्फ यही नहीं, हम हर साल सोलर एनर्जी प्रोडक्शन की अपनी क्षमता में जिस दर से इजाफा कर रहे हैं वो वाकई में गजब है। 2020-21 में देश की कुल इन्स्टॉल्ड सोलर पावर कैपेसिटी में 1.73 गीगावॉट का इजाफा हुआ था। जबकि 2021-22 में हमने इंस्टॉल्ड कैपेसिटी में 7.4 गीगावॉट जोड़ यानी पिछले साल से 335% ज्यादा।

**मगर हमारे बाजार में चीन सबसे बड़ा खिलाड़ी**

सोलर एनर्जी के प्रोडक्शन का मतलब बिल्कुल सामान्य भाषा में समझाएं तो सूरज की रोशनी से एक बैटरी चार्ज करना है। इस बैटरी का इस्तेमाल एनर्जी सोर्स के तौर पर किया जा सकता है। अगर यह बैटरी नेशनल ग्रिड से जुड़ी हो तो बिजली के तौर पर ग्रिड इसका इस्तेमाल करता है। अगर बैटरी ऑफ-ग्रिड हो तो किसी एक घर को रोशन करने में इस्तेमाल किया जा सकता है।

यानी सोलर एनर्जी बनाने के लिए हमें पहले बैटरी और इससे जुड़े पूरे मॉड्यूल की जरूरत है। इन सोलर मॉड्यूल्स का दुनिया में सबसे बड़ा निर्माता चीन है। बड़े पैमाने पर उत्पादन की वजह से उसके सोलर मॉड्यूल्स सस्ते भी हैं। हालत ये है कि भारत में सोलर मॉड्यूल्स के बाजार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी चीन की कंपनियों की है। 72% मार्केट शेयर चीन की 5 कंपनियों का है।

**चीन को रोकने के लिए कस्टम ड्यूटी बढ़ाई गई मगर अभी असर दिखना बाकी**

केंद्र सरकार का इरादा क्लीन एनर्जी को कर्मशियल स्केल पर ले जाने का है। सीओपी-26 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक नेट एमिशन जीरो करने का लक्ष्य तय किया था। इसके लिए सोलर एनर्जी को बढ़ावा देना जरूरी है।

मगर दिक्कत ये है कि सोलर एनर्जी को हमारा बढ़ावा दरअसल, चीन की इकोनॉमी के लिए बूस्ट साबित होगा। ऐसे में हमें सोलर एनर्जी के मामले में आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। कई भारतीय कंपनियां सोलर सेल्स और सोलर मॉड्यूल्स बनाती हैं, मगर अभी बाजार में उनकी हिस्सेदारी बहुत कम है।

वजह साफ है, चीन के सोलर मॉड्यूल्स सस्ते हैं। यही नहीं, उसके लार्ज स्केल उत्पादन की वजह से यहां पावर कंपनियों को उनकी सप्लाई चेन पर ज्यादा भरोसा भी है। इस स्थिति को बदलने के लिए केंद्र ने सोलर मॉड्यूल्स पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 40% और सोलर सेल्स पर 25% बढ़ा चुकी है।

कस्टम ड्यूटी बढ़ाने का सीधा मतलब है कि चीन से सोलर मॉड्यूल्स या सोलर सेल्स मंगाना अब महंगा होगा। मगर इसके बावजूद अभी तक न तो इस कदम का कुछ खास असर दिखा है और एक्सपर्ट्स के मुताबिक इससे समस्या हल भी नहीं होगी।

सोलर एनर्जी में चीन के दबदबे को समझने के लिए पहले इस सेक्टर की सप्लाई चेन को समझना जरूरी है।

एक सोलर मॉड्यूल एक या एक से ज्यादा सोलर सेल्स से मिलकर बनता है।

**एक सोलर सेल बनाने में सबसे जरूरी कॉम्पोनेंट वेफर होता है।**

यह वेफर इनगॉट से बनता है।

इनगॉट पॉलिसिलिकॉन से बनाए जाते हैं।

इस पॉलिसिलिकॉन के लिए मेटलर्जिकल ग्रेड सिलिकॉन की जरूरत होती है।

अभी भारत में सोलर मॉड्यूल्स और सोलर सेल्स के निर्माण की कंपनियां तो हैं, मगर इन्हें बनाने के लिए जरूरी रॉ मैटेरियल का हम पूरी तरह आयात करते हैं। इस आयात में भी सबसे बड़ी हिस्सेदारी चीन की है।

सरकार ने सोलर एनर्जी सेक्टर के लिए शुरू की गई पीएलआई स्कीम में शर्त भी यही रखी है कि जो कंपनियां सोलर मॉड्यूल्स, सोलर सेल्स, वेफर्स और पॉलिसिलिकॉन चारों चीजों का प्रोडक्शन करेंगी, उन्हें प्रिफर किया जाएगा।

पहले चरण की पीएलआई के लिए चुनी गईं तीन कंपनियों अडानी सोलर, रिलायंस एनर्जी और शिर्डी साई इलेक्ट्रिकल्स ने कमिट किया है कि वे सिर्फ सोलर मॉड्यूल्स या सेल्स ही नहीं, वेफर्स और पॉलिसिलिकॉन का भी प्रोडक्शन करेंगे।

मगर एक्सपर्ट्स का मानना है कि समस्या इससे भी हल नहीं होगी। दरअसल, इस पूरी सप्लाई चेन की सबसे बेसिक इकाई यानी पॉलिसिलिकॉन के प्रोडक्शन के लिए मेटलर्जिकल ग्रेड सिलिकॉन की जरूरत होती है। फिलहाल इस सिलिकॉन का सबसे बड़ा निर्माता भी चीन ही है।

भारत ने 2021-22 में यूं तो 56 देशों से 2459 करोड़ रुपए के सिलिकॉन का आयात किया, मगर इसमें से 977 करोड़ का यानी करीब 40% सिलिकॉन चीन से मंगाया गया।

**भारत की निगाह घरेलू एनर्जी डिमांड पर पहले चीन का फोकस सिर्फ निर्यात**

भारत सोलर एनर्जी के क्यूमुलेटिव उत्पादन में दुनिया में चौथे नंबर पर है और चीन पहले नंबर पर। इस लिहाज से चीन की कुल एनर्जी खपत में सोलर की हिस्सेदारी भी भारत से ज्यादा होनी चाहिए मगर ऐसा नहीं है।

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के अनुसार दुनिया में सोलर एनर्जी के उत्पादन के आंकड़ों के हिसाब से अगर घरेलू एनर्जी डिमांड में सोलर की हिस्सेदारी आंकी जाए तो सबसे आगे ऑस्ट्रेलिया है। वहां 15% से ज्यादा एनर्जी की डिमांड सोलर से पूरी हो रही है।

भारत में भी 8% से ज्यादा एनर्जी डिमांड सोलर से पूरी हो रही है। मगर दुनिया में सोलर एनर्जी के सबसे बड़े उत्पादक चीन में सोलर की हिस्सेदारी सिर्फ 4.8% है। यही हाल सोलर एनर्जी प्रोडक्शन में दूसरे स्थान पर बैठे अमेरिका का है। यहां सिर्फ 4% घरेलू एनर्जी की डिमांड सोलर से पूरी होती है। इन आंकड़ों से जाहिर है कि सबसे बड़े सोलर एनर्जी प्रोड्यूसर्स का फोकस पूरी तरह निर्यात पर है।

# मुख्यमंत्री ने केंद्र की नीतियों पर साधा निशाना



रायपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है, केंद्र सरकार की ओर से लाई गई जीएसटी और नोटबंदी की वजह से देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है। वहीं खंडा चावल के निर्यात पर हालिया लगाए गए प्रतिबंध से किसानों को भी भारी नुकसान हो रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को सक्ती जिले के चंद्रपुर विधानसभा में भेंट-मुलाकात के लिए जाने से पहले रायपुर हेलीपैड पर प्रेस से चर्चा की। एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, वित्त मंत्री जी कह रही है कि रुपया कमजोर नहीं हुआ है डॉलर मजबूत हुआ है। इस पंचवर्षीय में ये जनता के लिए ऐसी कोई योजना लेकर नहीं आए। पिछले पंचवर्षीय में ये नोटबंदी लाए, जीएसटी लाए। उसका खामियाजा पूरा देश भुगत रहा है।

जीएसटी की वजह से महंगाई बढ़ी और नोटबंदी की वजह से बेरोजगारी बढ़ गई। किसान अलग परेशान हैं, नौजवान अलग परेशान हैं। किसानों को दाम सही से नहीं मिल पा रहा है और नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही। अभी रूस-यूक्रेन युद्ध से बनी परिस्थितियों में केंद्र सरकार ने चावल के खंडा का निर्यात को बैन कर दिया है। इस बैन का नुकसान हमारे छत्तीसगढ़ के किसानों को हो रहा है। अभी बरसात में यहां की मंडियो में धान 1900 से 2400 रुपया प्रति क्विंटल की दर पर बिका। अब उसके भाव में 300 रुपए की गिरावट आ गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा पूरी दुनिया में ऊर्जा का संकट है। वह पेट्रोलियम हो, प्राकृतिक गैस हो अथवा बिजली की बात हो। ऊर्जा एक बड़े संकट के रूप में दुनिया के सामने आया है। रूस और यूक्रेन के युद्ध से यूरोप में जो गैस पाइप जा रहा था वह बंद हो गया। इसकी वजह से पूरा यूरोप फिर से थर्मल पॉवर की ओर जा रहा है। बिजली की दर बढ़ी हुई है। वहां के लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। स्थिति बहुत भयावह है। ऐसे में कोयले के दाम बढ़ गए हैं। विदेश से जो कोयला आ रहा है वह 18 हजार-20 हजार रुपया प्रति टन की दर से आ रहा है। बिजली महंगी होती जा रही है। यूक्रेन जो है वह पूरे यूरोप को गेहूं की आपूर्ति करता था। अब खाद्यान्न का संकट अलग से है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर आरक्षण खत्म करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा तो आरक्षण ही खत्म करना चाहती है। आरक्षण देना न पड़े इसके लिए सभी सार्वजनिक उपक्रमों को बेच रहे हैं। बालको बिका, भिलाई बिकने वाला है, नगरनार बिकने वाला है, रेल बिक रहा है, रेलवे स्टेशन बिकने वाला है, एयर इंडिया बेच दिए अब एयरपोर्ट बिकने वाला है। जब पद ही नहीं रहेंगे तो आरक्षण का लाभ कहां से मिलेगा।

# आईएएस रानू साहू के मायके में ईडी का छापा

## रायगढ़ कलेक्टर के दफ्तर–सरकारी बंगले की तलाशी ले चुकी एजेंसी

रायपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में पिछले एक सप्ताह से सर्च ऑपरेशन चला रहे प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। उसके टारगेट में रायगढ़ की कलेक्टर रानू साहू हैं। ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार को साहू के मायके में दबिश दी है। सुबह पांच बजे पहुंचे अधिकारी गरियाबंद के पाण्डुका में कई घरों में जांच कर रहे हैं।

ईडी के 12 अधिकारियों की एक टीम ने सुबह 5 बजे पाण्डुका में गरियाबंद की जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू और कांग्रेस नेता शैलेंद्र साहू का दरवाजा खटखटाया। पहले तो परिवारवालों ने टीम को अंदर नहीं आने दिया, लेकिन कुछ देर बाद टीम घर के अंदर चली गई। उसके बाद से टीम वहां जांच कर रही है। लक्ष्मी



साहू कलेक्टर रानू साहू की मां हैं। वहीं शैलेंद्र साहू उनके चचेरे भाई हैं। ईडी की टीम वहां दस्तावेजों को खंगाल रही है। बताया जा रहा है, मैनपुर में एक 12 एकड़ के तालाब के भी इस परिवार के नाम होने की जानकारी सामने आई थी, क्योंकि इसकी प्रारंभिक रजिस्ट्री में परिवार का नाम था। इस एंगल पर भी जांच की जा रही है। छापे की कार्रवाई के लंबा चलने की आशंका जताई जा रही है।

ईडी की एक बड़े सर्च ऑपरेशन के तौर पर 11 अक्टूबर की सुबह प्रदेश के 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके केंद्र में कोयला ढुलाई से जुड़ा नेटवर्क था। एजेंसी ने रायपुर के अलावा कोरबा, रायगढ़, महासमुंद आदि जगहों पर ध्यान केंद्रित किया। रायगढ़ कलेक्टर रानू साहू नहीं मिलीं तो उनका सरकारी बंगला सील कर दिया गया था। 12 अक्टूबर को रानू साहू ने रायगढ़ पहुंचकर ई डी के जांच अधिकारी को तलाशी के लिए आमंत्रित किया। बाद में उनके बंगले और रायगढ़ कलेक्ट्रेट की भी विस्तृत तलाशी ली गई है। वहां से ईडी की टीम लौट आई है।

# झारखंड में बढ़ता ही जा रहा है डेंगू और चिकनगुनिया का प्रकोप

रांची, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। राज्य में बारिश थमने के साथ ही मच्छरजनित रोगों का प्रकोप बढ़ने लगा है। डेंगू व चिकनगुनिया के साथ-साथ जैपनीज इंसेफलाइटिस (जेई) के मरीज भी मिलने लगे हैं। सितंबर में राज्य के 17 जिलों में इससे जुड़े मरीजों की पुष्टि हो चुकी है।

इसमें 12 जिलों में डेंगू, आठ में चिकनगुनिया और नौ में जैपनीज इंसेफलाइटिस (जेई) के मरीज मिल चुके हैं। यह स्थिति तब है जब राज्यभर में जुलाई को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया गया है। चिंता की बात यह है कि जेई के मरीजों में सर्वाधिक बच्चे हैं। बीते माह राज्य के 09 जिलों में मस्तिष्क ज्वर (जेई) के 22 मरीज मिले हैं। जिसमें से 68 प्रतिशत यानी 15 मरीजों की उम्र 15 वर्ष से कम है। उसमें भी 10 की उम्र 10 वर्ष से भी कम है। एक बच्चा तो महज 8 माह का ही है। वहीं, डेंगू के 34 प्रतिशत एवं चिकनगुनिया के 29 प्रतिशत मरीजों की उम्र 0 से 15 वर्ष तक है। राज्य के 9 जिलों में मिले जैपनीज इंसेफलाइटिस के मरीजों में सर्वाधिक 7 मरीज पूर्वी सिंहभूम के हैं, जबकि, डेंगू व चिकनगुनिया के सर्वाधिक मरीज रांची में मिले हैं।

रांची में डेंगू के 20 (सितंबर में 14, अक्तूबर में 6), चिकनगुनिया के 13 जबकि, जेई के 3 मरीज मिल चुके हैं। बीते 10 अक्तूबर को बेड़ो में एक साथ डेंगू के 6 मरीजों की पुष्टि हुई थी।

# गोली लगने के बाद 1.5 किमी बदमाशों का पीछा किया

**सीतामढ़ी में सीएसपी संचालक को मारी दो गोली, 7.50 लाख लूटा**

सीतामढ़ी, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीतामढ़ी में मंगलवार को कस्टमर सर्विस पॉइंट संचालक को बदमाश हाथ में गोली मारकर 7.50 लाख रुपए लूट कर भागने लगे। गोली लगने के बाद भी संचालक बाइक से बदमाशों का डेढ़ किलोमीटर तक पीछा करता रहा। इस पर बदमाशों ने उसके पैर में दूसरी गोली मार दी। वह बाइक से गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाशों की संख्या 6 बताई जा रही है। घटना परिहार थाना क्षेत्र के परसा चौक की है। सूचना पर नगर थानाध्यक्ष राकेश कुमार पहुंचे। स्वजनों से जानकारी ली। वहीं घटनास्थल पर परिहार थाना पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। जख्मी को एक गोली सीने में लगी है। वहीं दूसरी गोली पीछा करने के कारण उसके जांघ में लगी है। बदमाशों की उम्र 18 से 24 वर्ष के बीच की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक परिहार थाना क्षेत्र के डेमहुआ गांव निवासी अरविंद कुमार बिशनपुर बाजार पर एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते है। अरविंद परिहार के एसबीआई ब्रांच से पैसे निकाल कर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में परसा चौक के पास घात लगाए बाइक सवार बदमाशों पहले गोली मारकर जख्मी कर दिया। फिर झोले में भरे पैसे लूट लिए। सीएसपी संचालक अरविंद को गोली लगने के बाद उसने बदमाशों को पीछा करने लगा।

# कल होगी कैबिनेट की बैठक

रांची, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुरुवार (20 अक्टूबर) को झारखंड कैबिनेट की बैठक होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगेगी। आने वाले समय में दीपावली और छठ महापर्व को देखते हुए सरकार कुछ सौगातें दे सकती हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के मुताबिक 20 अक्टूबर (गुरुवार) को आयोजित इस बैठक में कम से कम 1 दर्जन अहम फैसलों पर कैबिनेट की मुहर लग सकती है। बैठक का आयोजन शाम 4 बजे से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगा। धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन के कैबिनेट सभागार में बैठक होगी। इस मीटिंग में सीएम हेमंत सोरेन सहित सभी विभागों के मंत्री, विभागीय सचिव, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# पहली बार एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर का पूरा सुसाइड नोट

## लिखा- उसने इमोशनली, फिजिकली हर तरह बेइज्जत किया



इंदौर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'मैं बता नहीं सकती कि राहुल नवलानी ने मेरे साथ कितना गलत-गलत किया। इमोशनली, फिजिकली जो भी हुआ। और फाइनली उसने आज यह भी कह दिया कि वो मेरी शादी किसी से नहीं होने देगा। अब बताओ मैं किससे लडूं। यह आखिरी शब्द हैं टीवी एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर के। जिसने इंदौर में अपने घर में खुदकुशी कर ली थी। उसने सात से आठ पन्ने का सुसाइड नोट छोड़ा था। रविवार दो पन्ने सामने आए थे,

**सुसाइड नोट में उकेरी दर्द की दास्तां**

**मां, पापा,**

बस ना अब। बहुत परेशान हो लिए आप लोग भी मेरे लिए और मैं खुद के लिए। सिर्फ मैं जानती हूं कि मैंने क्या जंग लड़ी है दो साल में। राहुल नवलानी ने मेरे साथ क्या-क्या गलत नहीं किया, मैं बता भी नहीं सकती। किस तरह मेरा शोषण किया इमोशनली और फिजिकली अपमानित किया।

फाइनली उसने जो कहा था कि मैं तेरी शादी नहीं होने दूंगा, उसने वही किया। अब किससे लड़ूं जाकर। मैंने ही उसे इतना अपना मान लिया था एक समय पर कि उसने तो मुझे अपने आप से ही पराया कर दिया।

फाइनली मैं मितेश और मेरे रिश्ते से खुश हुई थी। पर उसने उसे भी तोड़ दिया। थक गई हूं। मुझे अब और कुछ नहीं चाहिए। राहुल और उससे जुड़े जिन लोगों ने मेरी लाइफ बर्बाद की, उन्हें कर्मों की सजा मिलेगी। पर मैं यहां राहुल की पत्नी दिशा के लिए मेंशन करना चाहती हूं जो उसकी (राहुल की) सच्चाई जानते हुए सबके सामने मुझे गलत बोलती रही। क्योंकि उसको सिर्फ उसका घर बचाना था। और इस बात का राहुल ने फायदा उठाया कि उसका तो कुछ बिगड़ेगा नहीं। पर मेरी लाइफ वो बर्बाद कर पाएगा। मैं उसे सजा तो नहीं दे सकी, लेकिन उम्मीद है कि कानून और ऊपरवाला उसे सजा देगा। अब इन सबके बीच में मेरे पेरेंट्स को परेशान होते नहीं देख सकती। एक बेटी नहीं रहेगी तो उससे जुड़ी परेशानियां भी नहीं रहेंगी। आई क्विट मां, आई लव यू पापा मां। मैं माफी चाहती हूं कि मैं अच्छी बेटी नहीं थी। प्लीज, राहुल और फैमिली को सजा दिलवाना। राहुल और दिशा ने मुझे ढाई साल मेंटली टॉर्चर किया । वर्ना मेरी आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। आपको मेरी कसम, खुश रहना।

**आई लव यू द मोस्ट, मितेश को मेरी तरफ से सॉरी कहना।**

**सुसाइड नोट के पन्ने फाड़कर बाथरूम में डाल दिए थे**

खुलासा हुआ है कि दो बच्चों का पिता और वैशाली का एक्स बॉयफ्रेंड राहुल नवलानी खानदानी बिजनेसमैन है। दो साल पहले वैशाली की जिंदगी में दोस्त बनकर आया। वही खलनायक बन गया। सुसाइड नोट के पन्नों में राहुल की करतूतों का जिक्र साफ-साफ है। इसमें उसने कई खुलासे भी किए हैं। इससे संभावना है कि पुलिस इसमें राहुल, उसकी पत्नी दिशा के अलावा भी आरोपी बढ़ा सकती है। बताया जा रहा है कि वैशाली ने अपने सुसाइड नोट के कुछ पन्ने फाड़कर बाथरूम के कबर्ड में डाल दिए थे। उन्हें भी पुलिस ने बाहर निकालकर जब्त कर लिया, लेकिन वो गीले हो गए थे। वह पन्ने पुलिस को डायरी से फटे हुए मिले थे। इसे पुलिस ने कमरे की सर्चिंग के दौरान ढूंढे थे। उससे भी कुछ नई जानकारियां मिल सकती हैं।

**3 दिन बाद शादी करने वाली थी वैशाली**

वैशाली तीन दिन बाद यानी 20 अक्टूबर को शादी करने वाली थी। इसके लिए एडीएम के यहां रजिस्ट्रेशन तक करा चुकी थी। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहने वाले कारोबारी मिथिलेश गौर से शादी करने वाली थी, जो मूलतः अहमदाबाद के हैं। इस शादी में भी राहुल नवलानी अड़चन डाल रहा था। राहुल इसके पहले भी वैशाली का एक रिश्ता तुड़वा चुका था। उसके पास वैशाली के कुछ फोटो और वीडियो थे, जिसके आधार पर वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस बारे में वैशाली के पिता ने राहुल के पिता को फोन कर समझाया था कि बात घर की है, घर में ही रहे तो ठीक रहेगा। उसे समझाएं कि कोई हरकत न करे, लेकिन राहुल नहीं माना। पूरी खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें।

**फोन कर बोला- तेरी शादी नहीं होने दूंगा**

सुसाइड से पहले वैशाली ने अपनी पीड़ा भाई नीरज को बताई थी। इसके बाद ही शाम को पिता बलवंत ने राहुल के पिता नरेश नवलानी से मोबाइल पर बात भी की थी। उन्होंने मिलने घर बुलाया था। यहां साथ में बैठकर भरोसा दिलाया था कि अब ऐसा नही होगा। लेकिन इसके बाद राहुल ने रात में फिर से वैशाली को कॉल कर धमकाया था कि परिवार को यह बात बताई है, इसका हश्र ठीक नहीं होगा। इसके बाद वैशाली ने सुसाइड नोट लिखा और राहुल को रिटर्न कॉल कर आत्महत्या की बात कही।

**पारिवारिक दोस्त है आरोपी राहुल नलवानी**

वैशाली और राहुल एक ही कॉलोनी में रहते हैं। साथ में जिम जाते थे। वहीं करीब आए। दोनों के पिता के व्यापारिक रिश्ते हैं। राहुल के पिता का रालामंडल इंदौर में प्लायवुड का बिजनेस है। राहुल घर का इकलौता लड़का है और वह इसी बिजनेस में पिता के साथ काम करता था। वैशाली के पिता का भी सनमाइका और प्लायवुड का काम है। उनकी फैक्ट्री पालदा में है।

**राहुल की पत्नी दिशा सब जानती थी, नाराज होकर मायके भी चली गई थी**

सुसाइड नोट में वैशाली ने राहुल की पत्नी दिशा द्वारा प्रताड़ित करने की बात भी लिखी है। वैशाली के अनुसार दिशा उसके और राहुल के बारे में सब कुछ जानती थी। इसके बावजूद उसने कभी राहुल को समझाने या रोकने की कोशिश नहीं की। उल्टा वो सबके सामने वैशाली को ही बुरा-भला कहती थी। वो सिर्फ अपना घर बचाना चाहती थी और इसी कारण राहुल को किसी बात का डर नहीं था। दिशा के माता-पिता कोटा की बिजनेसमैन फैमिली से जुड़े हुए हैं। छह माह पहले पत्नी दिशा राहुल और वैशाली के मामले से नाराज होकर घर छोड़कर भी चली गई थी। इन सब बातों के चलते ही पुलिस ने राहुल की पत्नी दिशा को भी प्रताड़ित करने और सुसाइड के लिए उकसाने में बराबर का हिस्सेदार मानते हुए केस दर्ज किया है।

**वैशाली को पिता ने समझाया था पर 5 घंटे बाद सुसाइड कर लिया**

वैशाली ने शनिवार रात करीब 12 बजे सुसाइड किया। इसके 5 घंटे पहले शाम करीब 7 बजे वैशाली के पिता ने राहुल के पिता को कॉल कर समझाया भी था। उन्होंने कहा था कि राहुल इस तरह का कोई काम नहीं करेगा। लेकिन रात में वैशाली ने राहुल को खुद ही कॉल किया और बताया कि वह आत्महत्या कर रही है। उसकी मौत का जिम्मेदार वो ही है। इसके बाद उसने अपनी जान दे दी थी।

वैशाली के भाई नीरज ने बताया कि वैशाली ने राहुल से हर तरह से बात करना बंद कर दी थी। उसे ब्लॉक तक कर दिया था। लेकिन ऐप के माध्यम से वह उसे स्फूनी कॉल और मैसेज कर देता था। जिससे वह तनाव में रहती थी।

**राहुल के पिता ने संपत्ति से बेदखल करने की धमकी दी थी**

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी राहुल भी वैशाली के लिए अपनी पत्नी दिशा को छोड़ने तक के लिए तैयार हो गया था। इसमें पिता नरेश ने साफतौर पर कह दिया कि अगर पत्नी दिशा को छोड़ा तो वह उसे संपत्ति से बेदखल कर देंगे, लेकिन राहुल इस दौरान वैशाली को भी नहीं छोड़ना चाहता था।

**डर के कारण पहले कोर्ट मैरिज करना चाहती थी वैशाली**

वैशाली ने मितेश को लगातार मैसेज करने के चलते राहुल के बारे में पिता बलवंत और भाई नीरज से बात की थी। उसमें बताया था कि उसे समझाने से कोई फायदा नही। इसके लिए उसने पहले कोर्ट मैरिज करने की बात कही थी। इसके बाद सभी को यह बात बताकर एक फंक्शन करने के लिए कहा था। लेकिन इसी बीच राहुल ने मितेश से मिलकर कुछ वीडियो, फोटो शेयर करने की बात कही। मितेश ने इसके लिए इंडिया आने का प्लान पोस्टपोन कर दिया था।

**शादी के रजिस्ट्रेशन करा चुकी थी वैशाली**

वैशाली 20 अक्टूबर को शादी करने वाली थी। इसके लिए एडीएम के यहां रजिस्ट्रेशन तक करा चुकी थी।



# वसुंधरा राजे पर गहलोत के बयान पर पूनिया का वार

## पूनिया ने कहा- सीएम को अपने घर की नहीं, दूर पहाड़ की आग दिखी




जयपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजे को लेकर गहलोत के बयान पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने पलटवार किया है। गहलोत ने वसुंधरा राजे के बारे में बोलते हुए कहा था- उनके साथ BJP जो अन्याय कर रही है, वो भी सबके सामने है। पूनिया ने ट्वीट कर गहलोत को कहा- 'डूंगर की बलती दिखै, पगां की बलती कोनी दिखे।'

इस राजस्थानी कहावत का मतलब ये है कि अपने पैरों के पास जलती आग तो दिखाई नहीं देती, दूर पहाड़ पर जलती हुई आग दिखाई दे जाती है। पूनिया ने देसी कहावत के जरिए- गहलोत पर सियासी पलटवार करते हुए उन्हें आईना दिखाया है कि गहलोत को अपनी पार्टी कांग्रेस के दोष नहीं दिख रहे हैं, दूसरी पार्टी बीजेपी के दिखाई दे जाते हैं।

कांग्रेस पार्टी में भीतरी घमासान चल रहा है। पूनिया ने इशारों में गहलोत को सियासी जवाब दिया है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और सीएम गहलोत के खेमे में राजस्थान में कांग्रेस पार्टी बंटी हुई है। आपसी खींचतान के बीच गहलोत सरकार 92 विधायकों से इस्तीफे भी लिखवाकर विधानसभा अध्यक्ष को दिलवा चुकी है। गहलोत सरकार ने ही 92 इस्तीफों का दावा किया है, जो अब तक स्पीकर ने स्वीकार नहीं किए हैं। कांग्रेस सरकार और पार्टी में चल रही गुटबाजी और अंदरूनी लड़ाई जब से सरकार बनी है, तभी से चल रही है। 2020 में भी सियासी संकट के दौरान गहलोत सरकार को बाड़ेबंदी में इसी कारण जाना पड़ा था।

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने जयपुर में गहलोत सरकार पर आरोप लगाए हैं कि राजस्थान में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। काम-धन्धे नहीं होने के कारण राजस्थान से लोग पलायन कर रहे हैं। वो प्रदेश छोड़कर दूसरे राज्यों में जा रहे हैं।

एक दिन पहले सेंट्रल पार्क में वॉक पर गईं राजे ने कहा, 'मैं सुन रही हूं हमारे सब बच्चे घर छोड़-छोड़कर दूसरे स्टेट्स में जा रहे हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। वो सब यहां पर ही रहेंगे। उनके काम होंगे। उनके धन्धे लगेंगे और राजस्थान आगे बढ़ेगा।'

राजे के आरोपों को लेकर सीएम गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जयपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव की वोटिंग के बाद कल मीडिया से रूबरू होकर कहा- बीजेपी ने वसुंधरा राजे की जो स्थिति बनाई है। इसलिए उनका फर्ज बनता है कि वो कुछ बातें ऐसी बोलें, जिससे वो वापस सर्कुलेशन में आ सकती हैं। ये स्वाभाविक है, मैं उनका बुरा नहीं मानता हूं, क्योंकि उनके साथ बीजेपी जो अन्याय कर रही है वो भी सबके सामने है। पूर्व मुख्यमंत्री के साथ आप व्यवहार भी ठीक नहीं करो, बातचीत भी मत करो, अपॉइंटमेंट नहीं दो, यह तो हमारी पार्टी में कभी नहीं हुआ। हम भी पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं। पूरा सम्मान हमें पार्टी के अंदर मिला। हमें पूर्व मुख्यमंत्री होते हुए भी गुजरात का इंचार्ज बनाया गया। एआईसीसी का महामंत्री बनाया गया। एआईसीसी का संगठन महामंत्री बनाया गया। पद से हटाने के बाद आप इस तरह से व्यवहार करोगे, तो वो क्या करेंगी, वो भी कुछ करेंगी।'

# उपेन यादव को गुजरात पुलिस ने किया गिरफ्तार

## सीएम गहलोत की सभा में करने वाले थे प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही रिहाई की मांग



जयपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव को गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद में गिरफ्तार कर लिया है। उपेन पिछले 17 दिनों से गुजरात में राजस्थान के युवा बेरोजगारों के साथ 20 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं आज उपेन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का घेराव करने वाले थे। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर दिया है। जिसके बाद सोशल मीडिया पर देशभर में उपेन की रिहाई की मांग ट्रेंड करने लगी है।

दरअसल, उपेन यादव ने 21 सूत्री मांगों को लेकर गांधी जयंती के मौके पर गुजरात के पालनपुर से अहमदाबाद तक 150 किलोमीटर पैदल मार्च निकाला। इसके बाद उन्होंने गुजरात कांग्रेस मुख्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। जहां से पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। लेकिन उपेन लगातार अपने समर्थकों के साथ गुजरात में ही डटे रहे। आज वह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सभा का विरोध करने वाले थे। लेकिन देर रात पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने उपेन की रिहाई की मांग करने वाले 1 दर्जन से अधिक बेरोजगारों को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जिसके बाद राजस्थान के बेरोजगारों की मांग देशभर में सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है।

राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के रविंद्र चौधरी ने बताया कि गुजरात पुलिस ने बेवजह उपेन यादव को गिरफ्तार किया है। जिसे हम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर जल्द से जल्द उपेन यादव को नहीं छोड़ा गया। तो राजस्थान के हजारों बेरोजगार गुजरात कूच करेंगे और पुलिस के खिलाफ धरना देंगे। रविंद्र ने कहा कि हम पिछले 17 दिनों से शांति प्रिय तरीके से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेस सरकार के दबाव में गुजरात पुलिस ने हम पर कार्रवाई की है। जो पूरी तरह गलत है। लेकिन हम डरेंगे नहीं जब तक हमारी सभी मांगे पूरी नहीं हो जाती हम गुजरात में ही कांग्रेस के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करेंगे।

# गहलोत बोले- केजरीवाल वादे करने में मोदी से कम नहीं

## कहा- गुजरात में केजरीवाल के कार्यकर्ता नहीं, हायर करके लोग लगाए





अहमदाबाद/जयपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि अब केजरीवाल एक नए आ गए हैं। वो भी मोदी जी के भाई की तरह ही हैं। वो भी मोदी जी से कम नहीं हैं। बोलने, वादे करने और बॉडी लैंग्वेज वैसे ही है। अब कह दिया कि देश को नंबर एक बनाऊंगा। अरे भाई, अभी तो केवल पंजाब जीत गए हो। उसके कुछ कारण रहे होंगे। आप इतने घमंड, अहम में आ गए हो कि अभी से ही देश को नंबर वन बनाने की बातें करने लगे हो। गहलोत अहमदाबाद में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- केजरीवाल जो भाषा काम ले रहे हैं, बिजली माफ और पता नहीं। क्या-क्या बोलते रहते हैं। केजरीवाल ने बड़ी संख्या में हायर करके लोगों को लगाया हुआ है। उनके पास गुजरात में कार्यकर्ता नहीं हैं। लोगों को हायर करके प्रचार करने का नया ट्रेंड शुरू किया है। पता नहीं पैसा कहां से आता है।

कांग्रेस सरकार बनी तो राजस्थान की सभी योजनाएं गुजरात में लागू करेंगे

गहलोत ने कहा- गुजरात में कांग्रेस की सरकार बनी तो राजस्थान की तमाम योजनाएं गुजरात में लागू करेंगे। राजस्थान की योजनाओं के आगे केजरीवाल कहीं नहीं टिकते हैं। केजरीवपाल ने कुछ लोगों को हायर किया है। वे केवल प्रचार कर रहे हैं। राजस्थान में मुफ्त दवा से लेकर कल्याणकारी योजनाओं की लंबी लिस्ट है, हम घोषणा पत्र में भी इसे दे रहे हैं।

### गुजरात में शराबबंदी नकली है,घर-घर में शराब पी जाती है

गहलोत ने कहा- गुजरात गांधी जी का प्रदेश है, उस प्रदेश में शराबबंदी नकली है। घर घर में शराब पी जाती है। मुझे पता है शाम होते ही लोग क्या करते हैं? पहले रूपाणीजी सीएम थे तो एतराज किया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री इसतरह के बयान दे रहे हैं। मैं तो गुजरात का प्रभारी रहा हूं वहां सब देखा है। जब शराबबंदी है ही नहीं, केवल दिखावा है। नकली शराब से अभी 70 लोग मारे गए, कोई इश्यू नहीं बना। खेड़ा में मुस्लिम लड़कों को कोड़े लगाए गए, उसका भी कोई इश्यू नहीं बना, क्योंकि पीटने वाले मुस्लिम थे।

# राजस्थान के कुछ बिजनेसमैन आतंकियों से जुड़े

## गैंगस्टर लॉरेंस की मदद करने वालों पर बीकानेर, भरतपुर समेत 5 जिलों में एनआईए का छापा



जयपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में एनआईए ने आज सुबह 5 बजे से कई जगहों पर एक साथ छापे मारे। लॉरेंस गैंग के गुर्गों और सपोर्ट करने वालों के खिलाफ एनआईए ने एक्शन लिया है। राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में एक साथ छापे मारे गए। एनआईए की टीम राजस्थान में नागौर, बीकानेर, श्रीगंगानर और हनुमानगढ़, भरतपुर में छापेमारी कर रही है। प्रदेश के कई बड़े व्यापारियों से भी एनआईए पूछताछ कर सकती है। एनआईए के पास इनपुट है कि लॉरेंस और बंबीहा गैंग को सपोर्ट करने वाले इन राज्यों में मौजूद हैं। इस गैंग से जुड़े हर व्यक्ति तक पहुंचने के लिए यह छापेमारी हुई है।

सूत्रों की मानें तो राजस्थान में लॉरेंस की मदद करने वाले लोग एजेंसी के रडार पर हैं। इसमें कुछ बड़े बिजनेसमैन और लोकल बदमाश भी शामिल हैं। एजेंसी के पास इस बात का इनपुट है। इस सरप्राइज सर्च के दौरान इन के घरों और अन्य जगहों पर सर्च चल रही है। हथियार और अन्य सामान भी मिल सकता है। हालांकि राजस्थान पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है।

भरतपुर के मेवात इलाके में मंगलवार को एनआईए की टीम ने कई गांव में दबिश दी। एनआईए की टीम के साथ स्थानीय पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम अवैध हथियार बनाने वालों बदमाशों की तलाश कर रही है।

मेवात इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध हथियारों की फैक्ट्रियां हैं, जहां से हथियार बनाकर बड़े-बड़े गैंगस्टर को सप्लाई किए जाते हैं। यह भी माना जा रहा है कि मेवात इलाके के हथियार तस्कर लॉरेंस विश्नोई की गैंग को हथियार सप्लाई करते हैं।

लॉरेंस काफी समय सेवर जेल में भी रहा इसलिए उसके संपर्क में यहां के कुछ बदमाश भी आ गए, जो बड़े पैमाने पर अवैध हथियारों का व्यापार करते थे। अवैध हथियार बनाकर उनकी तस्करी करने वाले बदमाशों को पकड़ने के लिए एनआईए की टीम हरियाणा बॉर्डर से सटे गांवों में दबिश दे रही है।

# कृषि विभाग के दो इंजीनियर 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

## 24.50 लाख के बिल पास करने के लिए मांगी 1.34 लाख की रिश्वत, 30 हजार लेते पकड़ा




जयपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर एसीबी ने आज राजस्थान कृषि विभाग के अधिशासी अभियंता (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर) एवं सहायक अभियंता (असिस्टेंट) को 30 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों ही अधिकारियों के आवास और अन्य ठिकानों पर तलाशी की जा रही हैं। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर जयपुर नगर द्वितीय टीम द्वारा आज ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सुरेंद्र सिंह अधिशासी अभियंता और गुलाब सिंह सहायक अभियंता को परिवादी से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

डीजी एसीबी भगवान लाल सोनी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी की उसकी फर्म राजस्थान कृषि विभाग में करवाए गए निर्माण कार्यों के पूर्व में पास और बकाया राशि करीब 24 लाख 50 हजार रुपये के बिल बाकी हैं। बिल पास करने की एवज में कुल राशि का 5.50 प्रतिशत कमीशन के रुपए में सुरेंद्र सिंह अधिशासी अभियंता और गुलाब सिंह सहायक अभियंता 1 लाख 34 हजार रुपए मांग रहे हैं। ये दोनों अधिकारी उसे रिश्वत राशि मांगकर परेशान कर रहे हैं।

जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. विष्णुकांत के सुपरवीजन में एसीबी की जयपुर नगर द्वितीय इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजपाल गोदारा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया।

# टंकी में डूबने से 2 साल की बच्ची की मौत

## परिजन खेत के लौटे तो पानी में पड़ी थी, भाई के घर रह रही थी मां

भरतपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। भरतपुर जिले के पहाड़ी थाना इलाके के सतवाडी गांव में खेलते समय एक 2 साल की बच्ची पानी के कुंड में डूब गई। बच्ची अपनी मां के साथ अपने मामा के घर रहती थी। हादसे के समय घर पर कोई नहीं था। जब परिजन घर घर लौटे दो बच्ची पानी के कुंड में पड़ी मिली।

2 साल की बच्ची अलिस्मा के परिजनों ने बताया की, वह अपनी मां रूकसिना के साथ अपने मामा के घर रहती थी। बच्ची के पिता ड्राइवर है तो वह ज्यादात्तर घर से बाहर रहते हैं। इसलिए बच्ची मां के साथ अपने मामा के घर ही रहती थी कल देर शाम की बात है जब घर के सभी लोग खेत पर गए हुए थे। बच्ची खेलते-खेलते टंकी के पास चली गई। टंकी जानवरों के पानी पिने के लिए रखी गई थी। अचानक बच्ची खेलते समय पानी की टंकी में गिर गई।

# गुढ़ा बोले- सावन के अंधे को हरा ही दिखता है

## केंद्रीय मंत्री शेखावत पर पलटवार, कहा- उन्होंने मान नहीं रखा, अब मैं जवाब दूंगा



जयपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह के गुढ़ा को भरतपुरी लोटा बताए जाने पर वार-पलटवार शुरू हो गया है। गहलोत सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने इस पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा- गजेंद्र सिंह शेखावत, शेखावाटी की राजनीति को नहीं समझते, अगर समझते होते तो इस तरह की बात नहीं बोलते।

गुढ़ा ने कहा कि गजेंद्र सिंह चुनाव जीत गए और मंत्री बन गए। सावन के अंधे को हरा ही हरा दिखता है, उसे यह पता नहीं होता कि जेठ (ज्येष्ठ) का महीना भी आता है, जिसमें सब जल जाता है।'

राजेंद्र गुढ़ा ने कहा- 'शेखावाटी में 21 सीट हैं, जिनमें से 3 रिजर्व हैं और 18 जनरल सीट हैं, इन 18 सीटों पर आकर चुनाव लड़ लीजिए पता लग जाएगा। मैं जोधपुर आकर ही उन्हें जवाब दूंगा, हमारा आपस का लंबा-चौड़ा मामला है। गजेंद्र सिंह उम्र में बड़े हैं। इस मामले में शुरुआत उन्होंने की है तो वहां जाकर ही जवाब दूंगा।'

### लिहाज करके मैंने उनके खिलाफ चुनाव प्रचार नहीं किया था

गुढ़ा ने कहा- 'गजेंद्र सिंह ने जब जोधपुर से चुनाव लड़ा था तो मैं उनका लिहाज करके उनके खिलाफ वैभव गहलोत का प्रचार करने नहीं गया, जबकि वैभव गहलोत मेरा प्रचार करने गए थे। गजेंद्र सिंह ने इसके बावजूद इस तरह की बात कही, जो उन्हें नहीं कहनी चाहिए। मैं उन्हें बड़ा भाई मानता हूं, लेकिन उन्होंने उसका मान नहीं रखा। अब मैं भी जोधपुर जाकर ही जवाब दूंगा।'

गुढ़ा को भरतपुरी लोटा बोला था गजेंद्र सिंह शेखावत ने 12 अक्टूबर को गुढ़ा के क्षेत्र उदयपुरवाटी में एक कार्यक्रम में कहा था कि राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा का कोई स्टैंड नहीं है। राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के परिवार के लोग भी उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेते। उनके गांव के लोगों की बात तो छोड़िए। गुढ़ा की हालत तो अब यह हो गई है कि कब, कहां और किसके साथ होंगे, कोई नहीं बता सकता। वे भरतपुर के बिना पेंदे के लोटे की तरह हैं। कभी भी, किधर भी लुढ़क सकते हैं। गुढ़ा कब किसके पास चले जाएं पता नहीं है, वे बिन पेंदे के भरतपुरी लोटे जैसे हैं।

# अलवर से किडनैप 3 भाइयों में से 2 का मर्डर

## दिल्ली में मिले 2 बच्चों के शव, तीसरा बाल सुधार गृह में मिला



अलवर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अलवर के भिवाड़ी से किडनैप हुए 3 मासूम भाइयों में से दो के शव दिल्ली में मिले हैं। वहीं, एक बच्चे को पुलिस ने बाल सुधार गृह से बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों मासूमों के शव यमुना किनारे से मिले हैं। बच्चों के माता-पिता दो दिन से भिवाड़ी एसपी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे थे।

भिवाड़ी के UIT एरिया के फेज-3 थाने का है। प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि भिवाड़ी की सांथलका की लेबर कॉलोनी में रहने वाले ज्ञान सिंह ने 15 अक्टूबर को बच्चों की गुमशुदगी की सूचना दी थी। पुलिस तीन दिन से बच्चों की तलाश कर रही थी। इस बीच परिवार ने अपने मकान मालिक और उसके दोस्त पर बच्चों के किडनैप का आरोप लगाया था।

सोमवार देर शाम पूछताछ के लिए कुछ संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। उनमें से 2 ने बच्चों के मर्डर की बात को कन्फर्म किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस की टीम ने दिल्ली के महरौली में सर्च अभियान चलाया, जहां 2 बच्चों के शव मिल गए हैं। मंगलवार सुबह शवों की पहचान के लिए पुलिस बच्चों के मां-बाप को दिल्ली ले गई है। इससे पहले सोमवार देर शाम तक बच्चों के पिता ज्ञान सिंह (35) पुत्र रजिया राम अपनी पत्नी उर्मिला (32) के साथ एसपी ऑफिस के सामने धरना देकर बैठे थे। वो रो-रोकर बच्चों को ढूंढ कर लाने की गुहार लगाते रहे। ज्ञान सिंह व उर्मिला मूल रूप से यूपी के रहने वाले हैं। बीते 5 साल से भिवाड़ी में रह रहे थे। दोनों के 6 बच्चे हैं, जिनमें से विपिन (12), अमन (10) और शिव (8) का किडनैप किया गया था।

# सड़क हादसे में राजस्थान के 6 लोगों की मौत

## बांसवाड़ा से मुंबई जा रही लग्जरी बस वडोदरा में ट्रेलर से भिड़ी; बस काटकर निकाले शव



भीलवाड़ा, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांसवाड़ा से मुंबई जा रही लग्जरी बस मंगलवार तड़के 5 बजे वडोदरा में ट्रेलर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण रहा कि दो साल के बच्चे समेत 6 सवारियों की मौके पर ही मौत हो गई और 13 घायल हो गए। ओवरटेक के चक्कर में हुए हादसे में बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कटर से बस को कटवाकर शवों और घायलों को बाहर निकाला। वडोदरा के सायाजी हॉस्पिटल में घायलों को भर्ती कराया गया।

दरअसल, बांसवाड़ा के सागवाड़ा से रात 9.20 बजे सूरत के लिए रक्षा ट्रेवल्स की प्राइवेट बस चलती है। 17 सवारियों को लेकर बस सोमवार रात को भी रवाना हुई थी। बस आज सुबह वडोदरा के कपूरई चौक के पास पहुंची। इस दौरान बस ड्राइवर किशनलाल ने तेज रफ्तार में गुजर रहे ट्रेलर को ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन गेहूं से लदे ट्रेलर से पीछे से टकरा गई।अचानक तेज टक्कर के बाद बस में सो रही सवारी जाग गई और चीख पुकार मच गई। सवारियां बस में बुरी तरह फंस गई। सड़क पर बस के टुकड़े और गेहूं बिखर गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को कटर से कटवाकर सवारियों को बाहर निकाला। मगर तब तक 6 सवारियों ने दम तोड़ दिया।

# कार–ट्रक भिड़ंत में बिजनेसमैन सहित 5 की दर्दनाक मौत

## पत्नी-बेटे, सास और साले ने दम तोड़ा; बेटा-बेटी को नहीं पता कि मम्मी-पापा नहीं रहे



भीनमाल, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। जालोर में भीनमाल के मोरसीम गांव के रहने वाले जैन परिवार के 5 लोगों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। यह परिवार पालीताणा तीर्थ धाम से दर्शन कर रविवार रात अहमदाबाद लौट रहा था।

इस दौरान अहमदाबाद-भावनगर हाईवे पर रात करीब 10:30 बजे अघेलाई चौराहे के पास ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में महावीर जैन (40) उनकी पत्नी रमिला जैन(31), बेटा जैनम (9), सास पुष्पा देवी (60) और साला नरेश जैन (32) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

अहमदाबाद में मेटल का कारोबार, वहीं रहता था परिवार

महावीर जैन का अहमदाबाद में मेटल का कारोबार था। उनका वहीं विराट नगर स्थित केपी फ्लैट में रहता था। उसके साले का मुंबई में सोने-चांदी का कारोबार है।। हाल ही में महावीर और उसके साला का परिवार अपने गांव मोरसीम आए थे।

# गुजरात चुनावों पर राजस्थान के सियासी ड्रामे का निगेटिव असर

## गहलोत समेत 17 नेताओं के पास जिम्मेदारी; अब तक 5-6 मीटिंग होनी थी, हुई 1-2

जयपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान कांग्रेस में हुए पॉलिटिकल ड्रामे का असर गुजरात चुनावों पर भी दिख रहा है। कांग्रेस के जिन मंत्रियों-विधायकों की ड्यूटी गुजरात चुनावों में लगी हुई थी, उनका सारा ध्यान दिल्ली-जयपुर में केन्द्रित हो गया। ऐसे में वे न तो पर्याप्त समय गुजरात में दे पाए और न ही पूरी क्षमता से काम कर पाए।

सोमवार को देश भर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी हुआ। अब इस चुनाव के परिणाम आने और दीपावली के बीतने के बाद ही गुजरात चुनाव में राजस्थान के कांग्रेस नेताओं की भूमिका प्रभावी ढंग से दिखाई देगी। इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को गुजरात पहुंचे। वे वहां एक सभा को भी संबोधित करेंगे। वहीं, गुजरात के कांग्रेस प्रभारी डॉ. रघु शर्मा ने भास्कर को बताया कि कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव लड़ रही है और परिणाम कांग्रेस के पक्ष में ही आएगा।

# चेन व मोबाइल स्नेचरों को पकड़ने में सफल रहे पुलिसकर्मी

## सीपी ने पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र सौंपा




हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चेन व मोबाइल स्नेचिंग में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र, नकद इनाम व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। पहली घटना में अपराधी ने सिकंदराबाद के संगीत एक्स रोड के पास पेट्रोल बंक के सामने खड़ी एक महिला को निशाना बनाया। वह पैदल आया और उसकी सोने की चेन छीन कर मौके से फरार हो गया। घटना 14 अक्टूबर 2022 को सुबह करीब 10:45 बजे की बताई गई है। गोपालपुरम पीएस टीम बी. सैयेश्वर गौड़, इंस्पेक्टर, बी कोटैया अपर निरीक्षक, आर. पांडु राजू डीएसआई, कमलाकर और के. धनराज (पीसी) ने जांच शुरू की और उसी दिन आरोपी को पकड़ लिया।

एक अन्य मामले में सुल्तान बाजार थाने के जवानों ने एक राहगीर से मोबाइल छीनने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जे. श्रीकांत रेड्डी एसआई, पीसी राकेश कुमार, नरेंद्र कुमार और अफरोज ने मामले की जांच की और चार घंटे के भीतर आरोपी को पकड़ने में सफल रहे। सैफाबाद पीएस के इंस्पेक्टर रजौनैक, सतैया और एसआई सुरेश रेड्डी, निरंजन और पीसी वेणुयादव ने नामपल्ली इंस्पेक्टर खलील पाशा और बेगमपेट पीएस एसआई अनुषा और शाहगुफ्ता (पीसी-रामगोपालपेट पीएस) के साथ मिलकर एक सांप्रदायिक तनाव को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चार घंटे के अंतराल में, टीमों ने मिशन मोड में काम किया। सीपी आनंद ने उनके समर्पण और त्वरित गति से कार्रवाई के लिए उनकी सराहना की।

## बुजुर्ग दंपत्ति ने गोदावरी नदी में कूदकर दे दी जान

मंचेरियल, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जगतियाल जिले के एक बुजुर्ग व्यक्ति और उसकी पत्नी ने मंगलवार को दांडेपल्ली मंडल में मंदिर गांव गुडेम के पास गोदावरी नदी में एक पुल से कूदकर कथित तौर पर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

कारण का अभी पता नहीं चल पाया था। दांडेपल्ली सब-इंस्पेक्टर के सांबा मूर्ति ने कहा कि मरम राजामल्लू (70) और उनकी पत्नी कोमुरम्मा (60), पड़ोसी जगतियाल जिले के धर्मराम मंडल के नरसिंगपल्ली गांव के निवासी, कमर पर कपड़े से खुद को एक साथ बांधने के बाद चरम कदम का सहारा लिया था। कुछ स्थानीय मछुआरों ने शवों को देखा और पुलिस को सूचित किया, जिन्होंने बदले में उन्हें नदी से निकाला। पुलिस को आशंका है कि पारिवारिक विवाद के कारण यह घटना हुई होगी।

# छठ पूजा हेतु प्रतिनिधियों ने किया घाटों का निरीक्षण



हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद प्रतिनिधिमंडल ने शमशाबाद स्थित आमपल्ली में छठ घाट का निरीक्षण किया। एसोसिएशन सचिव प्रभास कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा सूचित किया कि शमशाबाद में आम पल्ली क्षेत्र छठ व्रतियों के आग्रह पर अध्यक्ष हरेराम सिंह, बिहार फाउंडेशन चेयरमैन मानवेंद्र मिश्रा, संस्था उपाध्यक्ष उत्तम यादव एवं अन्य वरीय पदाधिकारी ने दौरा किया जहां स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता नंदलाल चौहान, संजय कुमार यादव, सत्य प्रकाश एवं अन्य साथियों के द्वारा बिहार एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल का भव्य स्वागत कर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार यादव ने विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि बिहार एसोसिएशन के कार्यकर्ता नगर के प्रायः सभी जगहों पर तत्पर होकर छठ पूजा की तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में आज संस्था अध्यक्ष हरेराम सिंह के नेतृत्व में हम सभी शमशाबाद आम पल्ली का दौरा कर स्थानीय सरपंच सईदुल एवं क्षेत्र के अन्य प्रतिनिधियों से संपर्क स्थापित कर छठ पूजा घाट की सौंदर्यीकरण हेतु संवेदनशीलता के साथ प्रयासरत है। घाट के निरीक्षण के बाद स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता के साथ एक औपचारिक बैठक की गई। बैठक में स्थानीय प्रतिनिधि द्वारा कहा गया कि वर्तमान घाट को हम स्थाई रूप में विकसित करना चाहते हैं, बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने ध्वनि मत से अपनी सहमति प्रदान की और कहा कि हम सभी तन मन धन से इस घाट का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण करेंगे। बैठक में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार यादव, नंदलाल चौहान, सत्य प्रकाश, पिंटू शर्मा, महेश कुमार, अनिल सिंह, सुनील कुमार विश्वकर्मा, रुदल चौहान, उमेश,अमरजीत एवं अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

## छठ पूजा की तैयारी में जुटी जनसेवा संघ



हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेवा संघ हैदराबाद शहर में सूर्योपासना का महापर्व, उत्तर भारतीयों का गौरव छठ पूजा की तैयारी में जन सेवा संघ काफी तत्परता के साथ जुट गई है। संस्था आज नेकलेस रोड अंबेडकर नगर नियर संजीवाया पार्क घाट के पास स्थित छठ घाट पर एचएमडीए द्वारा सफाई कार्य का अवलोकन किया। साथ में उत्सव कमेटी के अध्यक्ष आरपी सिंह भी उपस्थित हुए। छठ पूजा समिति रानीगंज के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष एसपी सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस घाट पर 30 से 40 हजार भक्त आते हैं काफी दूर-दूर से जुबली हिल्स, बंजारा हिल्स, मेहेदीपटनम, तिरुमलगिरी, बोवनपल्ली इत्यादि क्षेत्र से भी लोग आते है l यहां पर उनकी व्यवस्था के लिए विश्राम गृह, अति आवश्यक है, जो कि जीएचएमसी के द्वारा प्रदान किया जाता है समिति के महासचिव हरि सिंह ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा की पूजा में तेलंगाना सरकार का बहुमूल्य योगदान रहता है प्रशासनिक व्यवस्था, लाइटिंग की व्यवस्था, स्टेज चौकी, कारपेट, शौचालय, पुलिस बंदोबस्त, सभी तरह की सहायता प्रदान की जाती आ रही है।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में पोषण वाटिका का उद्घाटन



हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीसीआरएएस के दिशानिर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान में तेलंगाना के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय-बालानगर एवं कलवाकुर्ती में वेल्दंडा मंडल, गुंडाला ग्राम, नागरकुरनूल जिला में पोषण वाटिका के उद्घाटन का आयोजन किया गया। इसके भाग के रूप में गुलर, महुवा, देशी खजूर, आँवला कड़ी पत्ता, नारियल, खजूर, लवलीफल, इमली,अमरूद, काजू, बेहड़ा, अनार,नींबू ,जामुन,कटहल,बकुला, देशी बादाम,पपीता, आम, बेल, रामफल, करोंदा, कैथा, चीकू, सीताफल जैसे कुल 26 प्रजातियाँ के फलवृक्षों को संस्थान के डॉ. जी.पी. प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक ने संग्रह करके बालानगर विद्यालय को 125 पौधे एवं 150 पौधे कलवाकुर्ती विद्यालय में रोपण किए गए। हर दिन हर घर आयुर्वेद" थीम एवं पोषण माह के अंतर्गत आयुष मंत्रालय एवं जनजातीय मंत्रालय दोनों के सहयोग से आज का कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. जी.पी. प्रसाद के साथ डॉ. रमेश कुमार के.एल. अनुसंधान अधिकारी (आयु.), के.श्रीनिवास राव, पुस्तकालयाध्यक्ष, अन्य कर्मचारी शामिल थे।

# भारतीय पौष्टिक अनाज (मिलेट) अनुसंधान संस्थान में हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता संपन्न




हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकृअनुप - भारतीय पौष्टिक अनाज (मिलेट) अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में जारी हिंदी चेतना मास समारोह की कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय पौष्टिक अनाज (मिलेट) वर्ष 2023 नामक प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नमंच में हिंदी, सामान्य ज्ञान, कृषि, पौष्टिक अनाज (कदन्न) संबंधी प्रश्नों को शामिल किया गया डॉ. सीवी रत्नावती, निदेशक (कार्यकारी), भाकअनुसं ने स्वयं प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विजेता बनने हेतु शुभकामनाएं भी प्रदान की। प्रतियोगिता के दौरान संस्थान में कार्यरत सभी (वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक, शोध अध्येता आदि) संवर्ग 30 से ज्यादा सहभागियों ने कदन्न फसलों अर्थात - ज्वार (सोरघम), बाजरा (पर्ल मिलेट), रागी (फिंगर मिलेट), कंगनी (फॉक्सटेल मिलेट), कुटकी (लिटिल मिलेट) तथा चेना (प्रोसो मिलेट) नामक दलों के रूप में भाग लिया। डॉ. एम एलंगोवन, प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. के वेंकटेश, वैज्ञानिक एवं श्री ओ वी रमणा, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने निर्णायकों की भूमिका निभाई तथा डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) ने पूरे प्रश्नमंच के निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण का संचालन किया। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सी वी रत्नावती के दिशा-निर्देश में डॉ. जिनु जेकब, वैज्ञानिक एवं डॉ. महेश कुमार के द्वारा किया गया।

## कैंटोनमेंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ने सीईओ के हर कार्य को स्वागतयोग्य बताया

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंटोनमेंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष जम्पाना प्रताप ने कहा कि जनता के हित में कई विकास कार्यों को करने के लिए छावनी बोर्ड के लोगों की सराहना प्राप्त कर रहे वर्तमान बोर्ड के सीईओ अजित रेड्डी का अचानक स्थानांतरण दुर्भाग्यपूर्ण है। सीईओ अजित रेड्डी का आज बेंगलुरु तबादला कर दिया गया है। जम्पाना प्रताप ने मीडिया से कहा कि कोरोना की विकट परिस्थितियों में सांसद रेवंत रेड्डी ने बोलाराम अस्पताल को जनरल अस्पताल में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अन्य दानदाताओं के सहयोग से इसे विकसित करने और लोगों के लिए उपयोगी बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि सामान्य चिकित्सक को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीईओ अजित रेड्डी ने दो बार स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की है। सीईओ अजित रेड्डी ने लक्ष्मी गुंटी कॉलोनियों के बीच पुलिया और दो और पुलिया निर्माण को मंजूरी देते हुए इंजीनियरों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अचानक हुए तबादले से वह स्तब्ध और दुखी हैं।

## आंप्र उच्च न्यायालय ने जनसेना पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से किया इंकार

अमरावती, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंगलवार को विशाखापत्तनम में जन सेना पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय, जो जेएसपी नेताओं द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें विशाखापत्तनम पुलिस द्वारा विशाखापत्तनम में राज्य के मंत्रियों आरके रोजा और जोगी रमेश और वाईएसआरसीपी नेताओं पर रविवार को एयरपोर्ट पर कथित हमले के संबंध में विशाखापत्तनम पुलिस द्वारा दायर प्राथमिकी को रद्द करने के लिए अदालत से निर्देश देने की मांग की गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह तय करेगा कि रद्द याचिका सुनवाई के योग्य है या नहीं। इसने यह भी सवाल किया कि एक तीसरा व्यक्ति जिसका नाम प्राथमिकी में नहीं है, अपील दायर कर रहा है। इसने राज्य सरकार को एक काउंटर दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले को दो सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए पोस्ट कर दिया।

# छठ पूजा को लेकर बिहार समाज सेवा संघ ने किया घाट का निरीक्षण



हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार समाज सेवा संघ हैदराबाद द्वारा छठ पूजा को लेकर बैठक राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा के नेतृत्व में संजीव्यापार्क ऑपोजिट बतकम्मा घाट पर किया गया। सेवा संघ के महामंत्री मनीष तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बिहार समाज सेवा संघ के तत्वधान में नेकलेस रोड बत कम्मा घाट पर छठ पूजा की तैयारी चल रही है पानी स्वच्छ और माता बहनों का सुरक्षा को देखते हुए समाज को तत्पर रहने का फैसला लिया गया है। जितने भी शहर के व्रती है उन सभी के परिवार जनों को कोई कष्ट ना हो इसके लिए बिहार समाज सेवा संघ के पदाधिकारी तत्परता से काम करने का फैसला लिया है। सभी व्रती फैल से और सुरक्षित पुजा करे ये पहला दायित्व बिहार समाज सेवा संघ के पदाधिकारी व सदस्यों का रहेगा। समाज के मीडिया प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि समाज इस बार छठ पूजा घाट पर पटाखे नहीं लाने और फोड़ने का फैसला लिया है। छठ पूजा घाट पर पटाखे के वजह से बहुत सारे व्रती महिलाएं को परेशानियां सहना पड़ता है। बिहार समाज सेवा संघ हैदराबाद के अध्यक्ष पप्पू सिन्हा ने कहा कि समाज अपने पदाधिकारी के साथ इस वर्ष छठ पूजा नेकलेस रोड संजीव्यापार्क के अपोजिट बतकम्मा घाट पर राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा, मनीष तिवारी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, राघवेन्द्र मिश्रा और हसमत पेट तलाब बोइमपल्ली रंजित शर्मा के नेतृत्व में विगत कई वर्षों से किया जाता है।



इंटरनेशनल चैंबर्स ऑफ पब्लिक रिलेशंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और एसएमई चैंबर्स ऑफ इंडिया तेलंगाना और एपी के सलाहकार डॉ. अजय कुमार अग्रवाल ने सुश्री शिखा गोयल, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, तेलंगाना सरकार से मुलाकात कर उपनी पुस्तक भेंट की।



अलाई बलाई कार्यक्रम के दौरान वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा बजरंग सेना के नेता एनआर लक्ष्मण का सम्मान किया गया। इस अवसर पर तेलंगाना जर्नलिस्ट एसोसिएशन के चेयरमैन आलम नारायण, रमेश गुप्ता, रघुवीर, वीरेश आदि उपस्थित रहे।



श्री बालवीर हनुमान मंदिर, नामपल्ली पर 27 अक्तूबर से होने वाली भागवत कथा की प्रचार सामग्री का लोकार्पण करते हुए श्रीश्री प्रभुदासजी महाराज। उपस्थित हैं श्यामसुंदर व्यास, रामदेव नागला, मुरलीभाई व्यास, माणिकचंद पांडिया, ओमप्रकाश व्यास, मंगलचंद तिवाड़ी, मुकेश उपाध्याय व अन्य।



राधे कुटुम्ब क्लब का दीवाली मिलन बहुत ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें भाग लेती हुईं राधे कुटुंब की संचालिका रीनू शर्मा और समिति के सदस्य अर्पणा, मनीषा पिंकी प्रियंका और शालिनी व अन्य।

# ताड़बन्द हनुमान मंदिर में अन्नकूट प्रसाद 30 को

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ताड़बन्द स्थित श्री हनुमान मंदिर में नवां अन्नकूट प्रसाद का आयोजन श्री बालाजी डेयरी प्रोडक्ट्स महाकाली मंदिर सिकंदराबाद बाकलियाँ, सेवड़ राजपुरोहित परिवार के तत्वावधान में रविवार 30 अक्टूबर सायं 5.15 बजे से पूजा-अर्चनाकर, श्री खेतेश्वर महाराज की तस्वीर पर माल्यापर्ण व महाआरती के पश्चात् बालाजी महाराज को भोग लगाकर भक्तों के लिए अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति मे गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित निम्बोल ने बताया कि हर वर्ष की भांति अन्नकूट महाप्रसादी का भक्तों के लिए भव्य आयोजन 30 अक्टुबर रविवार 5.15 बजे से किया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में भक्तगण सपरिवार सम्मलित होकर अन्नकूट प्रसाद का लाभ लेंगे। अन्नकूट प्रसाद के वितरण के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया। जो पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहेगे। भक्तों के लिए अन्नकूट प्रसाद वितरण की सभी तैयारियाँ लगभग की जा चुकी है। कार्यक्रम के आयोजन में रामसिंह, गजेन्द्रसिंह, मनोहरसिंह, उगमसिंह, जगदीशसिंह, फेफसिंह, रामेश्वरसिंह, पारससिंह, सुमेरसिंह, करनसिंह बाकलिया राजपुरोहित (निम्बोल) एवं पारससिंह, विरेन्द्रसिंह, नरेन्द्रसिंह सेवड़ राजपुरोहित, नेमीचन्द लखारा, श्रवणकुमार, पारस प्रजापत, पुखराजसिंह राजपुरोहित, हरिसिंह, बिरबलसिंह, प्रेमसिंह, भाजपा नेता सोहनसिंह राजपुरोहित, लक्ष्मणसिंह, नारायणसिंह निमाज, परबत सोलंकी व बहुत से कार्यकर्ता प्रमुखरुप से अपनी सेवाएँ देंगें। आयोजक गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित निम्बोल ने बताया कि दिवाली के बाद मनाये जाने वाले अन्नकूट प्रसाद उत्सव कार्यक्रम में अन्नकूट प्रसाद का सेवन करने से सभी पाप नष्ट हो जाते है एवं परिवार मे सुख समृद्धि बनी रहती है, वैसे तो तेलंगाना में बहुत से स्थानों पे अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया जाता है लेकिन ताड़बन्द हनुमान मंदिर में अन्नकूट प्रसाद का अलग ही महत्व है।

## टीएसएमएफसी 4 नए कौशल विकास केंद्र स्थापित करेगा

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य अल्पसंख्यक वित्त निगम (टीएसएमएफसी) ने अल्पसंख्यक समुदायों के युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राज्य में 25 करोड़ रुपये की लागत से चार कौशल विकास केंद्र स्थापित करने के लिए राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है। टीएसएमएफसी हैदराबाद, महबूबनगर और वारंगल में कौशल विकास केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहा है। टीएसएमएफसी के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एएचएन कांथी वेस्ले ने कहा कि निगम ने इन कौशल विकास केंद्रों की स्थापना के लिए सरकार से 100 करोड़ रुपये मंजूर करने को कहा था।



निजाम क्लब हदराबाद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष जफर जावेद, सहमंत्री केआर अजय रेड्डी, प्रबंध समिति सदस्य डॉ. वनजा उदय, राकेश मलकुड, राजेश्वर रेड्डी व ई. राजेंद्र कुमार का सम्मान करते हुए रमेश बंग, टोमप्रकाश जाखोटिया, रामप्रकाश भंडारी, अशोक जैन. डॉ. मोहन गप्ता व अन्य।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

## दाऊद-हाफिज पर ...

**पीएम मोदी बोले-ऑनलाइन से कट्टरता फैला रहे आतंकी**

बैठक में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद, भ्रष्टाचार, ड्रग्स की तस्करी, अवैध शिकार और संगठित अपराध को मानवता के लिए वैश्विक खतरा बताया। पीएम ने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए विश्व को एकजुट करने का समय आ गया है। मोदी ने आगे कहा कि आतंकवाद सिर्फ भौतिक रूप से ही नहीं मौजूद है, बल्कि अब वह साइबर खतरों और ऑनलाइन कट्टरता से भी अपना दायरा बढ़ा रहा है।

**दाऊद पर एनआईए ने रखा है 25 लाख का इनाम**

एनआईए की खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक दाऊद गैंग के लोग पाकिस्तान के सपोर्ट वाले आतंकी संगठनों तक फंड पहुंचा रहे हैं। इस वजह से मुंबई, ठाणे और आसपास के इलाकों में फिरौती, सट्टेबाजी, बिल्डरों को धमकी और ड्रग्स का कारोबार बढ़ा है। पिछले महीने एनआईए ने दाऊद पर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

## ज्युडिशियरी ट्रांसपेरेंट नहीं ...

उन्होंने यह भी कहा कि न्यायपालिका में बहुत राजनीति हो रही है। यह पॉलिटिक्स बाहर से दिखाई नहीं देती है, लेकिन यहां मतभेद बहुत हैं और कई बार गुटबाजी भी देखी जाती है। यहां पर कार्यवाही ट्रांसपेरेंट नहीं है। अगर जज न्याय देने से हटकर एक्जीक्यूटिव का काम करेंगे तो हमें पूरी व्यवस्था का आकलन करना होगा।

**बीजेपी ने कभी न्यायपालिका में दखल देले की कोशिश नहीं की**

रिजिजू ने कहा- 'भारत में गणतंत्र जीवंत है और कई बार इसमें तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी जा सकती है। भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कभी न्यायपालिका को कभी कमतर नहीं समझा और न कभी इसे चैलेंज करने की कोशिश की है। रिजिजू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान तीन वरिष्ठ जजों को हटाकर अगले जज को सीजेआई बनाया गया था। मोदी सरकार ऐसे कामों में दखल नहीं देती है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे काम नहीं करते हैं। अब अगर हम न्यायपालिका को नियंत्रित करने के लिए कुछ कदम उठाते हैं तो यही लोग कहेंगे कि हम न्यायपालिका को कंट्रोल या प्रभावित करना चाहते हैं या जजों की नियुक्ति में दखल देना चाहते हैं। रिजिजू ने कहा कि चाहे सांसद हो या जज, सभी के पास विशेष अधिकार हैं। संसद में कोड ऑफ एथिक्स है, लेकिन न्यायपालिका में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। जजों के आचरण को बनाए रखने के लिए न्यायपालिका के तहत ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए।

## राम रहीम की ...

इसके बाद करनाल के डिप्टी मेयर, घरौंडा ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन, जिला परिषद के उम्मीदवार, सरपंची के दावेदार बारी- बारी से अपना परिचय देने लग गए। राम रहीम के समक्ष सभी ने चुनाव का जिक्र किया और जीत का आशीर्वाद मांगा।

अंत में करनाल नगर निगम की चेयरपर्सन रेणु बाला की चिट राम रहीम के पास पहुंची तो वह ऑनलाइन हुई और कहा कि आप पहले भी स्वच्छता अभियान के लिए करनाल आए थे। अब भी करनाल में आकर दर्शन दें। बता दें कि प्रदेश में पंचायती चुनावों की घोषणा हो चुकी है। पहले चरण के पंचायती चुनाव 30 अक्टूबर और 2 नवंबर को है। इसके अतिरिक्त आदमपुर उप चुनाव के लिए वोटिंग 3 नवंबर को है।

**खुद के असली होने पर फिर दी सफाई**

यौन शोषणा के दोषी राम रहीम ने खुद के नकली होने के प्रचार पर अबकी बार अपने विरोधियों पर कटाक्ष किया। राम रहीम ने कहा कि हम वहीं है, दूसरे नहीं है। हम असली है। हम अपना प्रूफ नहीं दे रहे, हम केवल अपने बच्चों को याद दिलाना चाहते हैं। परंतु कई कहते कि मैं क्यों मानूं?। नहीं मानने से क्या फर्क पड़ता है। भगवान सबको खुशियां दें।

बता दें कि राम रहीम पिछली बार जब पैरोल पर आया था तो डेरे के प्रेमियों के एक ग्रुप ने उसके असली होने पर संदेह जताया था। प्रेमियों ने राम रहीम को नकली बताकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका तक दायर कर दी थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई थी। इसके बाद राम रहीम ने उसे नकली कहने वालों पर तंज कसे थे।

**सुनारिया जेल में बंद है राम रहीम**

2017 से साध्वी यौन शोषण मामले में डेरा प्रमुख सजा काट रहा है। उसे पत्रकार छत्रपति और रणजीत हत्याकांड में भी उसे सजा हो चुकी है। राम रहीम को इसी साल पंजाब चुनाव से ठीक पहले 7 फरवरी को 21 दिन की फरलो मिली थी। इसके बाद 17 जून को राम रहीम 30 दिन की पैरोल मिली थी और वह यूपी के बागपत आश्रम में रूका था।

# श्रीलंका को हराने वाला नामीबिया हारा

## वर्ल्ड कप में उलटफेर का सिलसिला जारी

### नीदरलैंड 5 विकेट से जीता

**मैच ब्रीफ**

| | नामीबिया | | नीदर लैंड | |
|---|---|---|---|---|
| टीम स्कोर | 121/6 ओवर (20) | | 122/5 ओवर (19.3) | |
| | बैटर | बॉलर | बैटर | बॉलर |
| | जेन फ्राईलिंक 43 (48) | बास डी लीड 2/18 | विक्रमजीत सिंह 39 (31) | जे जे स्मिट 2/24 |
| | माइकल वैन लिंगेन 20 (19) | पॉल वैन मीकेरेन 1/18 | मैक्स ओ डॉड 35 (35) | जेन फ्राईलिंक 1/16 |

नीदरलैंड ने नामीबिया को 5 विकेट से हराया।

गीलोंग, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में उलटफेर का सिलसिला जारी है। क्वालिफाइंग राउंड के पहले मुकाबले में श्रीलंका को हराकर तहलका मचाने वाली नामीबिया की टीम नीदरलैंड से हार गई। नीदरलैंड ने इस रोमांचक मुकाबले को 5 विकेट से जीता। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नामीबिया ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 121 रन का साधारण स्कोर बनाया। जवाब में नीदरलैंड ने 19.3 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। नामीबिया की टीम ICC रैंकिंग में नीदरलैंड से बेहतर है। नामीबिया की टी-20 रैंकिंग 14 है, जबकि नीदरलैंड 18वें नंबर की टीम है।

नीदरलैंड की जीत के कारण

पहला: सटीक गेंदबाजी



नीदरलैंड के गेंदबाजों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। टीम नियमित अंतराल के बाद विकेट लेती रही और पिछले मैच में 160 रन बनाने वाली नामीबिया 121 रन ही बना सकी।

दूसरा : मजबूत शुरुआत

ओपनर्स ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। मैक्स ओ'डॉड और विक्रमजीत सिंह के बीच 59 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। उसके बाद ओ'डॉड ने लीड के साथ मिलकर 33 रन बटोरे।

...गेंदबाजों ने फंसाया मैच

स्लॉग ओवर्स में नाबीमिया के गेंदबाजों ने मुकाबले को रोमांचक बना दिया। पहले स्मिट ने 16वें ओवर में 2 विकेट चटकाकर मैच का मोमेंट शिफ्ट कर दिया। उन्होंने कूपर और एकरमैन को चलता किया। फिर 17वें ओवर में फ्राईलिंक ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स को एक रन पर आउट कर दिया। तब ऐसा लगा की नामीबिया वापसी कर लेगी, लेकिन लीड (30) और प्रिंगल (8) ने सधी पारी खेलकर नीदरलैंड की टीम को जीत दिला दी।

नीदरलैंड की ओर से विक्रमजीत सिंह और मैक्स ओ'डॉड के बीच 59 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई।

पहला : शोल्ट्ज की शार्ट बॉल को विक्रमजीत ने डीप मिडविकेट बाउंड्री की ओर खेला। जिसे ईटन ने आसानी से कैच किया।

दूसरा : ओ'डॉड सिंगल लेना चाहते थे। कप्तान इरास्मस ने मिड विकेट से डायरेक्ट थ्रो किया।

तीसरा : कूपर को स्मिट ने वॉन के हाथ कैच कराया।



**विक्रमजीत सिंह की शानदार पारी**

रन : 39 | गेंद : 31 | स्ट्राइक रेट : 125.80 | 4/6 : 3/2

चौथा: एकरमैन शून्य पर आउट हुए। उन्हें स्मिट ने इरास्मस लॉन्ग ऑन के हाथ कैच कराया।

पांचवां : स्कॉट एडवर्ड्स एक रन पर आउट हुए। उन्हें फ्राईलिंक ने शार्ट कवर में ईटन के हाथ कैच करावा दिया।

फ्राईलिंक और बार्ड के बीच 31 रनों की पार्टनरशिप

32 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद बार्ड और फ्राईलिंक ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों के बीच 36 गेंदों पर 31 रनों की पार्टनरशिप हुई। स्पिनर मेर्वे ने इस साझेदारी को तोड़ा। यहां लग रहा था कि शुरुआती झटकों के बाद भी नामीबिया अच्छा स्कोर बना लेगी।

ऐसे गिरे नामीबिया के विकेट

नामीबिया ने 4 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया था।

पहला : महज 4 रन के टीम स्कोर पर दीवान ला कॉक डक का शिकार बने। उन्हें प्रिंगल ने लीड के हाथ कैच कराया।

दूसरा : वैन लिंगेन 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एकरमैन ने लीड के हाथ कैच कराया।

तीसरा : ईटन भी शून्य पर आउट हुए। उन्हें मीकेरेन ने विकेट कीपर एडवर्ड्स के हाथ कैच कराया।

चौथा : मेर्वे की बॉल को स्वीप किया, लेकिन डीप मिड विकेट में क्लासेन के हाथ कैच दे बैठे।

पांचवां : फ्राईलिंक 43 रन बनाकर आउट हुए। वे लीड की गेंद पर मीकेरेन को कैच दे बैठे।

छठवां : कप्तान इरास्मस को लीड ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने 16 रन बनाए।

# फुटबॉल का सबसे बड़ा अवॉर्ड बेंजेमा को

## 24 साल बाद फ्रांसीसी को मिला बैलन डी'ओर, मेसी-रोनाल्डो टॉप 10 से बाहर

पेरिस, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। फ्रांस के स्ट्राइकर करीम बेंजेमा को फुटबॉल का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड बैलन डी'ओर मिला है। 34 साल के बेंजमा को मंगलवार को पेरिस में थिएटर डू चैटलेट में आयोजित एक समारोह में बैलन डी'ओर 2022 का अवॉर्ड दिया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनल मेसी अवॉर्ड रैंकिंग के टॉप-10 में भी नहीं रहे।

24 साल के बाद किसी फ्रांसीसी फुटबॉलर को यह अवॉर्ड मिला है। बेजेंमा से पहले साल 1998 में फ्रांस के महान फुटबॉलर जिनेदिन जिदान को बैलन डी'ओर मिला था। बेजेंमा यह अवॉर्ड पाने वाले 5वें फ्रांसीसी फुटबॉलर हैं।




बेंजेमा पिछले सीजन में रियल मैड्रिड के साथ ला लीगा और चैंपियंस लीग जीतने के बाद इस साल पुरस्कार जीतने के लिए सबके पसंदीदा फुटबॉलर थे।

### पिछले 13 में से 12 अवॉर्ड रोनाल्डो-मेसी को मिले

पिछले 13 में से 12 अवॉर्ड अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम रहे हैं। मेसी ने 7 और रोनाल्डो ने 5 बार यह अवॉर्ड हासिल किया है। सिर्फ 2018 में लुका मोड्रिक को यह अवॉर्ड मिला था। पीएसजी इस बार नॉमिनेट नहीं हुए थे, जबकि 30 खिलाड़ियों की लिस्ट में रोनाल्डो 20वें नंबर पर रहे।

स्टेनली के बाद सबसे उम्रदराज फुटबॉलर

बेजेंमा 1956 के बाद सबसे उम्रदराज बैलन डी'ओर विजेता बने हैं। उनसे पहले इंग्लैंड के दिग्गज सर स्टेनली मैथ्यूज ने 41 साल की उम्र में यह अवॉर्ड अपने नाम किया था, जबकि बेजेंमा की उम्र 34 साल है।

### पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन

बेंजेमा ने पिछले सीजन में रियाल मैड्रिड के लिए 46 मैचों में 44 गोल किए थे। इसमें ला लीगा में 27 गोल शामिल थे। बेजेंमा ने चैंपियंस लीग के 12 मैचों में 15 गोल दागे हैं।

# पाकिस्तान नहीं जाएगी टीम इंडिया

## जय शाह बोले- 2023 में पाक में होने वाला एशिया कप किसी और देश में होगा

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगी। इसकी पुष्टि एशिया क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के प्रेसिडेंट जय शाह ने की है। उन्होंने कहा कि 2023 एशिया कप न्यूट्रल वेन्यू में खेला जाएगा। मतलब साफ है कि अब पाकिस्तान एशिया कप का मेजबान भी नहीं होगा। यह भारत-पाकिस्तान से हटकर किसी तीसरे देश में खेला जाएगा।

भारत ने आखिरी बार 2008 में पाकिस्तान में मुकाबला खेला था। इसके बाद 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमलों के बाद भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई है। तब से दोनों टीमें न्यूट्रल वेन्यू पर ही खेलती आई हैं, वो भी आईसीसी और ACC के इवेंट में। दोनों के बीच आखिरी द्विपक्षीय सीरीज 2012-13 में खेली गई थी। दिवाली से एक दिन पहले यानी



23 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान की टीमें टी-20 वर्ल्ड कप में आमने-सामने होंगी।

एशिया क्रिकेट काउंसिल के प्रेसिडेंट ने मंगलवार को एजीएम के बाद कहा, 'एशिया कप 2023 न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। सरकार हमारी टीम के पाकिस्तान जाने की अनुमति पर फैसला करती है या नहीं, इस पर हम कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। 2023 एशिया कप के लिए यह तय किया गया है कि टूर्नामेंट एक न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित किया जाएगा।' कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने के लिए तैयार है।

वनडे फॉर्मेट में होगा एशिया कप

2023 में होने वाला अगला एशिया कप वनडे फॉर्मेट में खेला जाएगा। एशिया कप 2022 में दो मैचों में भी ये दोनों टीमें खेली हैं। 1 मैच भारत और 1 मैच पाकिस्तान जीता था।

आईसीसी ने दोनों बड़े टूर्नामेंट पाकिस्तान को दिए थे

आईसीसी द्वारा हाल ही में जारी फ्यूचर टूर प्रोग्राम में पाकिस्तान को अगले 3 साल में आईसीसी के दो बड़े इवेंट की मेजबानी मिली थी। एक एशिया कप, जो अगले साल 50 ओवर के फॉर्मेट में खेला जाना है और 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी भी पाकिस्तान में होनी है।

करीब एक दशक बाद PAK में इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी

पाकिस्तान में करीब एक दशक बाद इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी हुई है।

# रोजर बिन्नी 36वें बीसीसीआई अध्यक्ष

## पहला एंग्लो-इंडियन प्रेसिडेंट, 1983 वर्ल्ड कप के हीरो थे

मुंबई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व ऑलराउंडर रोजर बिन्नी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के 36वें प्रेसिडेंट बन गए हैं। बोर्ड की एजीएम में मंगलवार को बिन्नी को प्रेसिडेंट चुना गया। वो सौरव गांगुली की जगह लेंगे। बीसीसीआई की एजीएम मुंबई के ताज होटल में हुई। बैठक में सचिव जय शाह, पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल और रोजर बिन्नी भी मौजूद थे।

एकमात्र उम्मीदवार थे बिन्नी

67 वर्षीय बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। वे निर्विरोध चुनाव जीत गए। बिन्नी अपने हालिया कार्यकाल में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रहे थे और अब बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद वो राज्य निकाय में अपना पद छोड़ देंगे।




टीम इंडिया के लिए खेलने वाले पहले एंग्लो इंडियन

67 साल के रोजर बिन्नी भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी हैं। उनका जन्म कर्नाटक के बेंगलुरु में हुआ था। बिन्नी भारतीय क्रिकेट टीम में खेलने वाले पहले एंग्लो-इंडियन प्लेयर थे। रोजर बिन्नी ने 1977 में कर्नाटक टीम के लिए केरल के खिलाफ 211 रन बनाए थे। इसके बाद उनका नाम डोमेस्टिक क्रिकेट में चलने लगा। ऑलराउंडर बिन्नी ने 1979 में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ नेशनल टीम के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने भारतीय टीम के लिए 27 टेस्ट और 72 वन-डे मैच खेले हैं। रोजर बिन्नी ने अपना आखिरी मैच 9 अक्टूबर 1987 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

बिन्नी ने मुंबई में पाकिस्तान के खिलाफ अपने तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में माजिद खान, जहीर अब्बास और जावेद मियांदाद को शुरूआती ओवर्स में ही आउट कर दिया था। उनकी शानदार बॉलिंग के बदौलत भारत ने 131 रनों से मैच जीत लिया।

1983 वर्ल्ड कप में रहे सबसे सफल बॉलर

रोजर बिन्नी 1983 में भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। उन्होंने टीम में अहम भूमिका निभाई। बिन्नी वर्ल्ड कप में हाईएस्ट विकेट टेकर थे। बिन्नी ने टूर्नामेंट में 18 विकेट लिए।

2000 में भारत को अंडर-19 कप दिलाया

रोजर बिन्नी ने भारतीय क्रिकेट में कई पद संभाले हैं। साल 2000 में बिन्नी ने भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम को कोच के रूप में वर्ल्ड कप जिताया। इसके बाद 2007 में बिन्नी पश्चिम बंगाल की टीम के हेड कोच बने।

# शमी की वापसी का सीक्रेट

## नए बॉलर की तरह प्रैक्टिस की, बच्चों के साथ भी खेले

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मोहम्मद शमी ने अपना आखिरी इंटरनेशनल टी-20 मैच नामीबिया के खिलाफ 8 नवंबर 2021 को खेला था। इसके बाद वो क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट सोमवार को 11 महीने 9 दिन बाद खेलने उतरे। शुरू के ओवरों में तो उन्होंने गेंदबाजी नहीं की, लेकिन जब आखिरी ओवर में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 11 रन चाहिए थे तब रोहित शर्मा ने डगआउट से बुलाकर शमी को गेंदबाजी सौंप दी। इसके बाद उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 बॉल में 3 विकेट झटके और टीम इंडिया को मुकाबला जिता दिया।




पहले उन्हें वर्ल्ड टी-20 की मेन टीम में शामिल नहीं किया गया। बाद में बुमराह के चोटिल होने के कारण उन्हें टीम में शामिल किया गया। मेरा मानना है कि उन्हें पहले ही टीम में शामिल किया जाना चाहिए था। खैर मुझे उम्मीद है कि वह वर्ल्डकप में अब प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे।

# विराट-रोहित होंगे X-फैक्टर : मेलबर्न में पाकिस्तान से मैच, हमारा सक्सेस रेट 100%... कोहली यहां किंग

, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान का आगाज 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। भारत को सुपर-12 में पाकिस्तान के अलावा चार अन्य टीमों से भी मुकाबला करना है। इस स्टोरी में हम जानेंगे कि हमारी टीम के मैच किस-किस ग्राउंड पे हैं। साथ ही हम ऑस्ट्रेलिया में टी-20 फॉर्मेट में भारत के टॉप-4 बल्लेबाज और गेंदबाज के बारे में भी जानेंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में 100% सक्सेस रेट




भारत-पाकिस्तान मैच 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होगा। यहां भारत का वनडे और टी-20 इंटरनेशनल में क्या रिकॉर्ड है यह आप नीचे दिए गए ग्राफिक्स में देख सकते हैं। भारत ने पाकिस्तान से यहां कोई टी-20 मैच नहीं खेला है, लेकिन वनडे में इस ग्राउंड पर पाक टीम के खिलाफ हमारा 100% सक्सेस रेट है।

यहां दो भारत-पाक वनडे हुए हैं और दोनों में भारत ने जीत हासिल की। ये दोनों मैच 1985 में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट के तहत खेले गए थे। पहले मैच में भारत ने 6 विकेट से जीत हासिल की। इसके बाद फाइनल में भारत ने पाक को 8 विकेट से हराया था।

भारत ने यहां चारों टी-20 इंटरनेशनल मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले हैं। दो में जीत मिली, एक में हार का सामना करना पड़ा और एक मुकाबला बेनतीजा रहा।

मेलबर्न में टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए हैं। उन्होंने यहां तीन मैचों में 1 हाफ सेंचुरी की मदद से 90 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा ने चार मैचों में 68 रन बनाए हैं। वहीं, दिनेश कार्तिक ने दो मैचों में 8 रन बनाए हैं।

इन तीनों के अलावा भारत की मौजूदा टीम का कोई भी सदस्य यहां एक भी टी-20 मैच नहीं खेला है। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा ने यहां दो-दो मैचों में तीन-तीन विकेट लिए हैं। दोनों ही गेंदबाज चोटिल होने के कारण इस वर्ल्ड कप में नहीं खेल रहे हैं।

दूसरा मैच सिडनी में क्वालिफायर टीम से, भारत ने यहां तीन मैच जीते

टीम इंडिया का दूसरा मैच सिडनी में 27 अक्टूबर को क्वालिफायर टीम से होगा। वर्ल्ड कप के क्वालिफाइंग राउंड में ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम इस मुकाबले में भारत को चुनौती देगी। ग्रुप ए में श्रीलंका, नामीबिया, नीदरलैंड और UAE की टीमें शामिल हैं।

सिडनी में भारत ने अब तक चार टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। ये चारों मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए हैं। इनमें से भारत ने तीन में जीत हासिल की है। सिर्फ एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

यहां विराट के नाम तीन हाफ सेंचुरी

सिडनी में विराट कोहली ने चार टी-20 इंटरनेशनल में 78.66 की औसत से 236 रन बनाए हैं। इनमें तीन हाफ सेंचुरी शामिल हैं।

# गोल्फर जीव मिल्खा सिंह की शिकायत खारिज

### 8 साल बाद भी गाड़ी ट्रांसफर नहीं; भुगतेंगे 85 हजार के 63 ट्रैफिक चालान



चंडीगढ़, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपने नाम वाली मर्सिडीज कार के दिल्ली में 63 चालान होने से जुड़े मामले में फ्लाइंग सिख स्व. मिल्खा सिंह के बेटे और गोल्फर जीव मिल्खा सिंह की शिकायत चंडीगढ़ कोर्ट ने रद्द कर दी है। जीव मिल्खा ने शिकायत में कहा था कि चंडीगढ़ पुलिस को आदेश दिए जाएं कि उनकी गाड़ी खरीदने वाले दिल्ली के नितिन जैन और कार बिकवाने वाले कार डीलर के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किया जाए।

जीव मिल्खा सिंह ने सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत एडवोकेट तरमिंदर सिंह के जरिए यह शिकायत दायर की थी। मामले पर सुनवाई के बाद चंडीगढ़ जिला कोर्ट के चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट डॉ.अमन इंद्र सिंह ने कहा कि शिकायत में कोई मेरिट नहीं है। जीव मिल्खा सिंह की ओर से दायर शिकायत के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2014 में दिल्ली के नितिन जैन को अपनी मर्सिडीज कार बेची। नितिन जैन ने कार अपने नाम ट्रांसफर नहीं करवाई। इसका पता उन्हें तब चला जब उन्हें दिल्ली पुलिस की ओर से ट्रैफिक के चालान आने लगे। उन्हें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से 85 हजार रुपए के 63 ट्रैफिक चालान भेजे गए। इस मामले में जीव मिल्खा सिंह ने चंडीगढ़ के SSP को शिकायत दी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने चंडीगढ़ अदालत में शिकायत दायर कर गाड़ी खरीदने वाले दिल्ली के नितिन जैन और कार बिकवाने वाले कार डीलर के खिलाफ विश्वासघात (धारा 406), धोखाधड़ी (धारा 420) और आपराधिक साजिश रचने (धारा 120-बी) के तहत केस दर्ज करने की मांग की।

## वर्ल्ड कप मैच के दौरान स्टैंड से फिसला बच्चा

### वेस्टइंडीज-स्कॉटलैंड मैच के दौरान हुई घटना



होबार्ट, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। होबार्ट के बेलेरिव ओवल में वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के बीच हुए क्वालिफाइंग मुकाबले में एक अजीबोगरीब घटा हुई। स्टैंड्स पर एक छोटा बच्चा अचानक से रेलिंग के आगे गिर पड़ा। बच्चा एडवर्टाइजमेंट बोर्ड के पीछे रेलिंग पर खेल रहा था। तभी उसने आगे की ओर देखा और उसका संतुलन बिगड़ गया। वह सिर के बल नीचे गिर गया। वह को उसके पिता ने उठाया। बच्चे को कोई चोट नहीं आई। घटना पहले पारी में मैच के 14वें ओवर में हुई। स्कॉटलैंड उस समय 3 विकेट पर 107 रन बना चुका था। कैमरामैन का ध्यान वेस्टइंडीज के विकेटकीपर कप्तान निकोलस पूर्ण पर था, लेकिन उसने अचानक से कैमरा बच्चे की और लिया और घटना को कैमरे में कैद कर लिया।

# बाबर आजम से मिले सुनील गावस्कर

### बैटिंग टिप्स और ऑटोग्राफ दिया, फैंस ने कहा- भारतीय क्रिकेटर कुछ सीखें

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप 16 अक्टूबर से शुरू हो गया है। भारतीय कमेंटेटर और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर भी यहां कमेंट्री के लिए पहुंच गए हैं। भारत अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। मैच से पहले



पाकिस्तानी टीम ने गावस्कर को अपने ड्रेसिंग रूम में बुलाया और इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

वीडियो में गावस्कर पहले पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम से उनका हालचाल पूछते हैं और फिर हाथ मिलाकर जन्मदिन की बधाई देते हैं। गावस्कर बधाई देते हुए बाबर से पूछते हैं कि उनका जन्मदिन आज है या कल था। बाबर उन्हें थैंक यू कहते हैं और बताते हैं कि उनका जन्मदिन एक दिन पहले था। वीडियो में गावस्कर के साथ पाकिस्तान के हेड कोच सकलैन मुश्ताक और बैटिंग कोच मोहम्मद यूसुफ भी नजर आ रहे हैं। सुनील गावस्कर पाकिस्तान टीम को बैटिंग-फील्डिंग के टिप्स देते नजर आ रहे हैं। इस बातचीत के बाद गावस्कर ने बाबर को एक कैप में ऑटोग्राफ दिया और फोटो भी क्लिक करवाया।

अब इस वीडियो के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर गावस्कर की खूब तारीफ हो रही है और भारतीय खिलाड़ियों को पाकिस्तान से सीखने की बात कही जा रही है। करीब 4 साल पहले 2018 में सुनील गावस्कर के एक बयान की खूब चर्चा हुई थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि मौजूदा भारतीय टीम में एक ही बल्लेबाज है जो उनसे सलाह चाहता है।

# उप्पल दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझी, पांच लोग धरे गये

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस ने शुक्रवार को उप्पल में एक पिता और पुत्र के दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। इस मामले में शामिल तीन और लोग फरार हैं। गिरफ्तार लोगों की पहचान लिक्की विनय योगेंद्र रेड्डी उर्फ विनय (31), यल्ला बाला कृष्णा (33), लाल जगदीश गौड़ (36), गणवाया राम (56) और गायकवाड़ श्याम सुंदर (42) के रूप में हुई है।



राचकोंडा के पुलिस आयुक्त महेश मुरलीधर भागवत ने गिरफ्तारी की घोषणा करते हुए कहा कि मुख्य संदिग्ध, विनय का पुजारी मृत नरसिम्हा (65) के साथ कुछ मामलों को लेकर मतभेद चल रहा था। इसी बात को लेकर नरसिम्हा और उसके बेटे बेटे श्रीनिवास की उप्पल में हनुमाननगर में हत्या कर दी गई। विनय अक्सर यह मानते हुए नरसिम्हा से मिलने जाता था कि उसके पास आध्यात्मिक शक्तियाँ हैं और 2016 में उसे पुलिस सब इंस्पेक्टर की नौकरी दिलाने में मदद करने के लिए 6 लाख रुपये का भुगतान किया। नरसिम्हा ने नौकरी दिलाने में मदद करने के लिए विशेष पूजा करने का वादा करके पैसे लिए। हालांकि, जब विनय को नौकरी नहीं मिली और उसने पैसे वापस मांगे, तो नरसिम्हा ने भुगतान में देरी कर दी। इसके बावजूद, विनय नियमित रूप से नरसिम्हा के पास जाता था और उसे विभिन्न समस्याओं से निपटने में मदद करने के लिए विशेष पूजा करने के लिए पैसे देता था। वर्ष 2021 में विनय ऑस्ट्रेलिया चला गया और कोविड के कारण उसे नौकरी नहीं मिल सकी और वह भारत लौट आया।

वह फिर से नरसिम्हा से संपर्क किया और 6 लाख रुपये वापस मांगे क्योंकि वह कुछ व्यवसाय शुरू करना चाहता था। नरसिम्हा ने पैसे देने से इनकार कर दिया और विनय से बचना शुरू कर दिया, जो अब तक विनय की खराब स्वास्थ्य स्थिति और समस्याओं के लिए नरसिम्हा पर संदेह करने लगा था। उन्हें संदेह था कि नरसिंह कुछ अनुष्ठान कर रहे थे जिससे वह अक्सर बीमार पड़ जाता है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि अपने दोस्तों बाल कृष्ण, जगदीश, गणव्य राम और गायकवाड़ के साथ, विनय ने नरसिंह को मारने की योजना बनाई। वे नरसिम्हा के घर के ठीक सामने एक छात्रावास में रुके थे और उन पर नज़र रखते थे। बीते शुक्रवार की सुबह करीब 5.45 बजे उन्होंने नरसिम्हा को अकेले देखा तो उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसी बीच पिता को बचाने आए श्रीनिवास की भी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद वे मौके से फरार हो गए और अलग-अलग जगहों पर शरण ली। पुलिस की विशेष टीमों ने पांच लोगों को दबोच लिया जबकि बाकी लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करने में शामिल गिरोह हैदराबाद में गिरफ्तार



हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रचकोंडा स्पेशल ऑपरेशंस टीम (एलबी नगर) ने हयातनगर पुलिस के साथ मिलकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार वास्तविक जमीन मालिकों को धोखा दे रहे था। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान एन संदीप कुमार (26) के अजय कुमार (30), नाथी चंद्रशेखर (34), एन थारुन कुमार (28) और बोम्मा रामा राव (60) के रूप में हुई है।

राचकोंडा के पुलिस आयुक्त, महेश मुरलीधर भागवत ने कहा कि गिरोह ने शहर के बाहरी इलाके में खुली भूमि व भूखंडों की पहचान की और स्वामित्व के बारे में उप रजिस्ट्रार कार्यालय (एसआरओ) से विवरण प्राप्त किया। पुराने गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर और अन्य दस्तावेजों का उपयोग करके, उन्होंने बिक्री अभिलेख तैयार किया।

कुछ वृद्ध व्यक्तियों को संपत्ति के मालिक के रूप में प्रस्तुत करने के बाद, भोले-भाले खरीदारों को भूखंड बेच दिए। कई बार, गिरोह वास्तविक भूखंड मालिकों से अदालत में मामला दर्ज करने की धमकी देकर पैसे वसूल करता था। हयातनगर पुलिस ने एक शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि गिरोह ने अपने स्रोतों से प्राप्त पुराने स्टांप पेपर पर बिक्री विलेख तैयार करने में विशेषज्ञता हासिल की थी। इनके पास से गैर न्यायिक स्टांप पेपर, फर्जी आधार कार्ड, सरकारी विभाग के रबर स्टांप और अन्य सामान जब्त किए गए। गिरोह के तीन सदस्य संदीप, अजय और रामा राव पहले भी इसी तरह के मामलों में विभिन्न थानों क्षेत्र में वारदात कर चुके है।

# स्वतंत्रता सेनानियों व तेलंगाना शहीदों की उपेक्षा कर रही टीआरएस सरकार : शब्बीर

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर ने टीआरएस सरकार पर ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। वह मंगलवार को कामारेड्डी जिले के भीकनूर मंडल के रामेश्वरम गांव में स्वतंत्रता सेनानी वड्डे ओबन्ना की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद बोल रहे थे। वड्डे ओबन्ना ने ब्रिटिश साम्राज्य के अत्याचार का विरोध किया था। यह पूरे तेलंगाना में वड्डे ओबन्ना की तीसरी और अविभाजित निजामाबाद जिले में पहली मूर्ति है। बाद में रेड्डी फंक्शन हॉल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शब्बीर ने कहा कि दिशाली वड्डे ओबन्ना ने अंग्रेजों द्वारा अवैध कर वसूली के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि वड्डे ओबन्ना महान नरसिम्हा रेड्डी के कमांडर थे, जिन्होंने ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। वड्डे ओबन्ना ने 900 से अधिक योद्धाओं की एक सेना का गठन किया, जो निडर वाडर्स, बोयस और चेंचू जनजातियों से संबंधित थे। उन्होंने घने काले जंगलों में अंग्रेजों के साथ कई छापामार लड़ाई लड़ी। शब्बीर अली ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि वड्डे ओबन्ना की वीरता को समाज ने उचित रूप से मान्यता नहीं दी। उन्होंने कहा कि वड्डे ओबन्ना न केवल खानाबदोश वड्डेरा कबीले का प्रतिनिधित्व करते हैं बल्कि सभी कमजोर वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कांग्रेस ने घोषणा की कि अगर कांग्रेस पार्टी 2023 के चुनावों में सत्ता में आती है, तो वह इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में वड्डे ओबन्ना पर एक अध्याय पेश करेगी। शब्बीर अली ने कहा कि टीआरएस सरकार ने तेलंगाना के स्वतंत्रता सेनानियों की पूरी तरह से अनदेखी की है।

# घूस लेते एसीबी के हत्थे चढा वेमुलवाड़ा नगर आयुक्त



राजन्ना-सिरसिल्ला, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को वेमुलावाड़ा के नगर आयुक्त श्यामसुंदर राव को एक ठेकेदार के सहायक से 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी के अनुसार, ठेकेदार सुनकारी महेश को नगर निगम सीमा में एकीकृत बाजार (2.71 करोड़ रुपये) और डंपिंग यार्ड (1.20 करोड़ रुपये) और अन्य के काम मिले। निर्माण कार्य का समय पूरा होने के बाद भी कार्य लम्बित था। अनुबंध की अवधि बढ़ाने के लिए, नगर आयुक्त ने कथित तौर पर एक प्रतिशत कमीशन की मांग की और 50,000 रुपये लेना स्वीकार कर लिया। इस संबंध में उसका ठेकेदार के सहायक सत्यम से समझौता हो गया। ठेकेदार ने एसीबी से संपर्क किया, जिसने तब आयुक्त को सत्यम से 30,000 रुपये स्वीकार करते हुए उसके कक्षों में गिरफ्तार कर लिया। एसीबी डीएसपी बदरैया और अन्य ने करीमनगर में आयुक्त के आवास पर भी छापेमारी की।

# केटीआर ने जीनोम वैली में पांच परियोजनाएं शुरू कीं

## 1,100 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की



हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीवन विज्ञान क्लस्टर जीनोम वैली में विकास के नए चरण की शुरुआत करते हुए, उद्योग और आईटी मंत्री केटी रामा राव ने 1,100 करोड़ रुपये के संचयी निवेश वाली पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखी और जिनमें 3,000 लोगों को रोजगार देने की क्षमता है। कार्यक्रम में राज्य की प्रमुख पहल, बायोफार्मा हब भी शामिल है, जिसका उद्देश्य द्विफार्मा क्षेत्र को उत्प्रेरित करना है। पांच परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह में बोलते हुए रामा राव ने कहा कि जीनोम वैली में जगह की मांग बढ़ रही है। हमारे पास हाथ में एक अच्छी समस्या है। हम क्लस्टर में जगह से बाहर हो रहे हैं, उन्होंने कहा कि अब हो रहे विभिन्न विकास और विस्तार अगले वर्षों में लगभग 20 लाख वर्ग फुट जगह जोड़ देंगे।

वर्तमान में, भारत के पहले संगठित अनुसंधान और विकास क्लस्टर, जीनोम वैली में 200 से अधिक जैव प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान और दवा कंपनियों द्वारा 30 लाख वर्ग फुट का उपयोग किया जाता है। जीनोम वैली में सभी क्लस्टरों की तुलना में अधिक प्लग-एंड-प्ले सुविधाएं हैं, उन्होंने कहा कि कई अनुबंध अनुसंधान संगठन बड़े विकास के अवसर देख रहे हैं।

टीकों के विकास में तेलंगाना सबसे आगे रहा है और कोविड के दौरान इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। वैक्सीन निर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए बायोलॉजिकल ई लिमिटेड और इंडियन इम्यूनोलॉजिकल सहित विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 2,500 करोड़ रुपये का निवेश। फार्मा कंपनी हेटेरो ने स्टेराइल फार्मास्युटिकल उत्पादों में 750 करोड़ रुपये की घोषणा की है। वैश्विक दवा कंपनी रोश ने हैदराबाद में अपने वैश्विक विश्लेषण और प्रौद्योगिकी केंद्र की भी घोषणा की। तेलंगाना का जीवन विज्ञान क्षेत्र पहले की परिकल्पना की गई 2030 की तुलना में जल्द ही 100 बिलियन डॉलर मूल्य का मील का पत्थर हासिल कर लेगा।

# वैश्विक डेटाबेस में सबसे उद्धृत वैज्ञानिकों में सीएसआईआर-आईआईसीटी के 31 वैज्ञानिक शामिल

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अमेरिका स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा बनाए गए दुनिया भर के सबसे उद्धृत वैज्ञानिकों के वैश्विक डेटाबेस में सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, (आईआईसीटी), हैदराबाद के 31 वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जॉन आयोनिडिस के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा तैयार की गई है और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के वैश्विक डेटाबेस के मानकीकृत उद्धरण संकेतकों के अद्यतन विज्ञान-व्यापी लेखक डेटाबेस एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित की गई है। उद्धरण, एच-इंडेक्स, सह-लेखकता समायोजित एचएम-इंडेक्स, विभिन्न लेखक पदों में कागजात के उद्धरण और एक समग्र संकेतक (सी-स्कोर) पर मानकीकृत जानकारी के अध्ययन द्वारा शीर्ष-उद्धृत वैज्ञानिकों का एक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटाबेस बनाया गया है। डेटा को 2021 के अंत तक अपडेट किया गया है जो कैलेंडर वर्ष 2021 के दौरान प्राप्त उद्धरणों से संबंधित हैं। सीएसआईआर-आईआईसीटी, हैदराबाद के 31 वैज्ञानिकों में डॉ. एस. वेंकट मोहन और डॉ. वी. रामलिंगम को जैव प्रौद्योगिकी के तहत सूचीबद्ध किया गया हैं। सामग्री में डॉ. एस.वी. मनोरमा, डॉ. जे.वी. राव, डॉ. अशोक कुमार तिवारी, डॉ. सी. गणेश कुमार, डॉ. कांतेवरी श्रीनिवास, डॉ. मनिका पाल भद्र और औषधीय और जैव-आणविक रसायन शास्त्र सूची में डॉ. सिस्तला रामकृष्ण हैं।

# कांग्रेस नेता के पास से पुलिस ने 19 लाख रुपये जब्त किये



नलगोंडा, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र के गट्टुप्पल के बाहरी इलाके में वाहन जाँच के दौरान पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और एक वाहन से 19 लाख रुपये जब्त किए। पुलिस के अनुसार, मतदान के लिए मुनुगोड़े जाते समय एक मारुति ब्रेज़ा में 19 लाख रुपये मिले। कार में कांग्रेस पार्टी के झंडे भी मिले हैं, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह कार कांग्रेस नेता सी. रामकृष्ण रेड्डी के पास है। गौरतलब है कि पुलिस ने सोमवार को मुनुगोड़े में एक बीजेपी नेता के पास से एक करोड़ रुपये जब्त किए थे। मंगलवार की जब्ती के साथ ही पुलिस ने विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चेकिंग तेज कर दी है।

# कुख्यात बाइक चोर अंदर, पांच वाहन बरामद

हैदराबाद, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बंजारा हिल्स पुलिस ने मंगलवार को कमिश्नर टास्क फोर्स (दक्षिण) की टीम के साथ सार्वजनिक स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।



टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए झिर्रा के आसिफनगर निवासी मोहम्मद काशिफ (27) को पकड़ लिया। वह बंजारा हिल्स, आसिफनगर, कुलसुमपुरा, पेटबशीराबाद और राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी कर रहा था। सिटी कमिश्नर टास्क फोर्स साउथ जोन डीसीपी चक्रवर्ती गुम्मी ने बताया कि आरोपी मोहम्मद काशिफ टप्पाचबुतरा, हैदराबाद का रहने वाला है। वह विभिन्न स्थानों पर मजदूर के रूप में काम किया। इसी दौरान बाइक चलाने की ओर उनका रुझान बढ़ा। उसकी कमाई उसकी इच्छाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है और मोटर साइकिल खरीदने में असमर्थ था। इसलिए उसने अपनी इच्छा को पूरा करने के लिए मोटर बाइक चोरी करने की योजना बनाई।

अब तक वह हैदराबाद, साइबराबाद और करीम नगर कमिश्नरियों की सीमा के तहत विभिन्न पुलिस स्टेशनों में (7) मोटर साइकिल चोरी के मामलों में शामिल रहा है। जेल से छूटने के बाद भी उसने अपना रवैया नहीं बदला और अपराध करना जारी रखा और बंजारा हिल्स, आसिफ नगर, कुलसुमपुरा, पेट बशीराबाद और राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशनों की सीमा में (5) मोटर साइकिल चोरी के मामलों में शामिल रहा। विश्वसनीय सूचना पर साउथ जोन टास्क फोर्स टीम, हैदराबाद ने बंजारा हिल्स पुलिस के साथ मिलकर आरोपी को पकड़ लिया और आरोपी के इशारे पर (5) मोटर साइकिल बरामद की। आरोपी व जब्त संपत्ति को आगे की जांच के लिए एसएचओ बंजारा हिल्स पीएस को सौंपा।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# ट्रैफिक कांस्टेबल को महंगा पड़ा बाइक रोकना

## नशे में धुत व्यक्ति ने किया कुल्हाड़ी से हमला

मेडक, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कथित रूप से नशे में धुत एक व्यक्ति, जिसे एक ट्रैफिक कांस्टेबल ने उसकी बाइक के साथ रोका था, वह मंगलवार को तुपरान शहर में वापस लौटा और ट्रैफिक कांस्टेबल के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे उसके सिर पर चोट लग गई।



दोपहर करीब 1.45 बजे हुई इस घटना में 49 वर्षीय कांस्टेबल मोहम्मद हफीज के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें हैदराबाद के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 51 वर्षीय आरोपी मल्लेश यादव दोपहिया वाहन पर सवार था, जब कांस्टेबल हफीज ने उसे राजमार्ग पुल पर नरसापुर रोड पर नियमित वाहन जांच के दौरान रोका था। यादव ने अपने वाहन के दस्तावेजों को साझा करने से इनकार कर दिया और चूंकि वह नशे की हालत में था, हफीज ने बाइक जब्त कर ली। अन्य पुलिस कर्मी वाहन को थाने ले गए।

कहा जाता है कि यादव आधे घंटे बाद हाथ में कुल्हाड़ी लेकर लौटे और पीछे से कांस्टेबल पर हमला कर दिया। राहगीरों ने यादव को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि हफीज को पहले तूपरान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आगे की जांच जारी है।

# खेत में बिजली का तार टूटा, किसान दंपत्ति की मौत

पेद्दापल्ली, 18 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एलीगेड मंडल के लालापल्ली के बाहरी इलाके में मंगलवार को एक किसान दंपत्ति ओदेलु और उनकी पत्नी रजव्वा की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सुल्तानपुर निवासी ओदेलु और रजव्वा अपने कृषि क्षेत्र में काम करने के लिए लालापल्ली गए थे, लेकिन कीटनाशकों का छिड़काव करते समय गलती से एक बिजली के तार के संपर्क में आ गए। उनके खेत के ऊपर से गुजरने वाला तार कट कर खेत में जा गिरा था। माना जाता है कि इस जोड़े ने इसे देखे बिना ही इस पर कदम रखा था। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। खेत में शव मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिन्होंने मामला दर्ज कर लिया है।

श्री वैष्णव स्वीट्स व कैटरर्स
भव्य सेल
कलकत्ता बादाम कतली ₹900/- per Kg
स्पेशल काजू कतली ₹800/- per Kg
अंजीर रोल ₹800/- per Kg
गुलाब जामुन ₹400/- per Kg
बेसन चक्की ₹400/- per Kg
मोतीचूर लड्डू ₹400/- per Kg
बालुशाही ₹400/- per Kg
स्पेशल नवरतन चुड़वा ₹600/- per Kg
मूंगदाल ड्राईफ्रूट ₹600/- per Kg
स्पेशल गोंद लड्डू ₹600/- per Kg
शुद्ध घी की मिठाइयाँ ऑर्डर पर उपलब्ध है एवं कई नई वेराइटी के नमकीन, सवाली, पेठा, मसाला काजू, खारा उपलब्ध
माहेश्वरी भवन, नगारखाना, बेगम बाजार, हैदराबाद.
सुरेश महाराज 9849433950, 9030900700, 9000807305

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी में झगडा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।
9810940158
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी

BREAST CANCER AWARENESS MONTH
MADHAV AUTISM FOUNDATION
presents
PART IN PINK
Wednesday, 19th Oct., 2022, 2:45 pm
Venue : The Platinum Boutique Business Hotel
Himayatnagar Main Road, Hyderabad
Interactive Session by
Dr. Vipin Goel
M.S, D.N.B, Fellow in HIPEC (Italy)
Surgical Oncologist & Robotic Surgery
Chief Guest: Smt. Bhagwati Mahesh Baldawa, Eminent Industrialist, Social Activist
Guest of Honour: Sri M. Jagdishwar IAS, Principal Secretary (Retd) Govt. of Telangana
Guest of Honour: Dr. Sundeep Lakhtakiya, Senior Consultant at Asian Institute of Gastroenterology, Hyderabad,
Celebrity Guest: Dr. Padma Nagullapalli, Producer Executive Committee Member, Telugu Film Chamber of Commerce
Presided by: Dr. Suman Saraf, President, Madhav Autism Foundation
Supported by
Agarwal Samaj, Telangana - Domalguda Shakha
Rani Sati Dadi Mahila Shakha - Ghansi Bazar | Shiv Shakti Mahila Shakha - Moti Nagar
Sakhi Saheli Mahila Shakha - Goshamahal | Satya Shakti Mahila Shakha - TV Tower, Malakpet
Dilsukhnagar Agra Mahila Manch | Agra Mahila Manch Telangana | Agra Mahila Samiti - Domalguda
With best compliments from
Manoj Goyal, Ketan Patel, Dr. Neeraja Reddy, Sarla Bhutodia, Dr. Gheesulal Jain, Ashok Jindal, Shivani Sachin Goyal, Sangita CA Shailandra Sharma, Mahendar Agarwal, Yoga Pradeepa Jadav, Nisha Rajeev Khera, Seema Yogesh Agarwal, Sushma Vivek Agarwal, Dr. Avinash, Samyuktha Thummalasetty, Kavita Toshniwal, Nidhi Gupta, Renu Monga, Gaurang Shah, Pankaj Sanghi, Vijay Agarwal
Special Presence - Office Bearers of
THALASSEMIA AND SICKLE CELL SOCIETY
Please take your seat by 2:30 pm | RSVP : 7036942920, 7013108759
Kashvi POTTOGRAPHY | Himadri | अग्रमंच समाचार और विचारों का मंच... | Suman Autism Centre
MADHAV AUTISM FOUNDATION
Dr. Suman Saraf, President | Anil Saraf, Vice president | Dr. Dilip Pansari, Secretary | Rupali Shah, Joint Secretary | Sushma Agarwal, Treasurer

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.